जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 128, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश


www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 04 जून 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### गांव में बसती है भारत की आत्मा, प्रतिभाओं का गला घोटता है परिवारवाद

# 'भारत अब आत्मनिर्भर, विदेश से नहीं आएंगे 300 उत्पाद'







**लखनऊः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे कार्यकाल की पहली इंवेस्टर्स समिट का शिलान्यास किया। यूपी इंवेस्ट समिट 3.0 की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 3.0 के आगाज के दौरान उन्होंने एक प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इसके बाद देश के नामचीन उद्योगपति, योगी आदित्यनाथ सरकार के मंत्रीगण तथा शीर्ष अफसरों को भी संबोधित किया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने देश की तरक्की में उत्तर प्रदेश के योगदान पर ही फोकस किया और यहां की युवा शक्ति में जोश भी भरा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश को देश की सबसे बड़ी पावर बताया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश इस समय भारत की प्रगति की सबसे बड़ी शक्ति है। इस सुपर पावर के दम पर देश आगे बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश में 15 से अधिक शहर की आबादी 15 लाख से ऊपर की है, जो कि बड़ी संभावना बना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया इतनी तेजी से आगे बढ़ रही है कि अब हम अपने फैसले को एक वर्ष या पांच वर्ष तक सीमित नहीं रख सकते हैं। इसी कारण सबको अपनी भूमिका निभानी होगी।

**दिग्गज उद्योगपतियों ने योगी सरकार की सराहना कीः** समारोह में देश के शीर्ष उद्योग जगत के नेता शामिल हो रहे हैं। आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला, अडाणी समूह के अध्यक्ष व एमडी गौतम अडानी, आईटीसी लिमिटेड के अध्यक्ष व एमडी संजीव पुरी, हीरानंदानी ग्रुप के एमडी निरंजन हीरानंदानी, जिंदल ग्रुप के चेयरमैन और एमडी सज्जन जिंदल, लुलु ग्रुप के एमडी युसूफ अली, वीपी एयर लिक्विड के मैथ्यू आइरीज जैसे उद्यमी शामिल हो रहे हैं। अडानी, हीरानंदानी और विड़ला जैसे उद्यमियों ने मंच से अपनी बात भी रखी। सभी उद्यमियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली की सराहना की।

**इन क्षेत्रों में हो रहा निवेश**

योगी सरकार-01 के दौरान 2018 में हुए इंवेस्टर्स समिट में चार लाख 68 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आए थे। उसके बाद दूसरी जीबीसी हुई। अब जीबीसी थ्री में 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतारे जा रहे हैं। जीबीसी थ्री में 80 हजार 224 हजार करोड़ रुपये के निवेश में सर्वाधिक 29 प्रोजेक्ट 40 हजार 106 करोड़ के हैं।

## परिवारवाद की बुराई को न पनपने दें युवा : मोदी



**कानपुर:** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के साथ उनके पैतृक गांव परौंख पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को विपक्षी दलों के परिवारवाद पर एक बार फिर हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश की सबसे मजबूत ताकत है लोकतंत्र और इसी लोकतंत्र को परिवारवादी पार्टियां कमजोर कर रही हैं। लोकतंत्र की मजबूती के लिए परिवारवाद से मुक्ति जरूरी है। प्रधानमंत्री ने युवाओं से अपील की कि देश में परिवारवाद की बीमारी को न पनपने दें। कार्यक्रम के मंच पर राष्ट्रपति कोविंद की मौजूदगी में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का युवा जब इन परिवारवादियों को सत्ता से बाहर कर दिया तो अब यह लोग सब एक हो रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि यह कितना भी एक हो जाएं, इनको देश का युवा अब सत्ता नहीं देगा। उन्होंने कहा कि जब हम लोकतंत्र की बात कर रहे हैं तो परिवारवादी पार्टियों से बचने की जरूरत है। यह लोग लोकतंत्र का गला घोटते हैं। जो लोग परिवारवाद की व्याख्या में सही बैठते हैं वह मुझसे गुस्से में हैं और देशभर में ऐसे लोग एक हो रहे हैं। वो लोग परेशान हैं कि मोदी की बातों में युवा क्यों आ रहा है। मोदी ने कहा, मेरी किसी राजनीतिक दल से कोई व्यक्तिगत नाराजगी नहीं है। मैं चाहता

## मोदी के नेतृत्व में अन्तर–राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ी भारत की प्रतिष्ठा: राजनाथ सिंह

**लखनऊ: केन्द्रीय** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में बोलते हुए कहा कि मोदी के नेतृत्व में हमारे भारत की प्रतिष्ठा अन्तर–राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ी है। आज अन्तरराष्ट्रीय मंचों पर भारत कोई बात बोलता है तो अन्य राष्ट्र कान खोलकर भारत की बात सुनते हैं। स्किल के मामले में हमारा यूपी किसी से कम नहीं है। जितना प्रदेश सरकार द्वारा सहयोग आपको प्राप्त हो सकता है उतना सहयोग प्रदेश सरकार द्वारा निवेशकों को मिलेगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की कर्मठता उनकी कल्पनाशीलता और त्वरित गति।

## उद्योगपतियों को मिलेगी यूपी में सुरक्षा: योगी




**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में उद्योगपतियों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में उनका निवेश सुरक्षित होगा। वहीं प्रदेश प्रदेश सरकार उन्हें सुरक्षा व संरक्षण देगी। योगी ने कहा कि हम लोगों ने विगत पांच वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री के उस मंत्र को अंगीकार किया है जिसमें रिफार्म परफार्म और ट्रांन्सफार्म सुधार की बात कही गयी है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में पांच वर्षों में उत्तर प्रदेश देश की छठी अर्थव्यवस्था से दूसरी अर्थव्यवस्था के रूप में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश आज अपने परम्परागत उद्योगों को बढ़ावा दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हर क्षेत्र में विकास हुआ है। कोरोना काल में भी उत्तर प्रदेश में 66 हजार करोड़ का निवेश हुआ है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक करोड़ 61 लाख युवाओं को रोजगार सृजन के क्षेत्र में लगाया गया। पांच लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी भी हमारी सरकार ने दी है। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का लोकार्पण हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुन्देलखण्ड जो आजादी के बाद से पानी के लिए तरसता था।

# कानपुर: दो समुदायों में बवाल, हुआ पथराव

### जुमे की नमाज के बाद दुकानें बंद कराने पर दो समुदायों में पथराव और फायरिंग; कई इलाकों में मार्केट बंद



**कानपुरः** कानपुर के बेकनगंज इलाके में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद बवाल हो गया। बाजार बंद कराने के ऐलान के बाद दो पक्षों में पथराव हुआ। बवाल नियंत्रित करने पहुंची पुलिस पर भी लोगों ने पत्थर फेंके। ये मिश्रित आबादी वाला इलाका है। इसलिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। इस मामले की शुरूआत मुस्लिम नेता हयात जफर हाश्मी के बाजार बंद आह्वान से हुई थी। दरअसल, बीजेपी प्रवक्ता नूपुर शर्मा के टीवी डिबेट के दौरान पैगंबर मुहम्मद साहब पर टिप्पणी किए जाने से मुस्लिम समाज नाराज था। शुक्रवार को बाजार भी बंद कराए गए। परेड चौराहा पर सैकड़ों लोग इकट्ठा हुए थे। दोपहर करीब 3 बजे दो पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए। जिसके बाद पथराव शुरू हुआ। इसमें कई लोग घायल हो गए हैं। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**पुलिस ने लाठीचार्ज किया, फिर भी पथराव होता रहाः** पुलिस ने लोगों को नियंत्रित करने के लिए कई राउंड फायर किया। लाठीचार्ज किया गया। लोगों को गलियों में खदेड़ दिया गया है। फिर भी लोग रुक-रुककर पथराव कर रहे हैं। पुलिस ने पूरे एरिया की घेराबंदी कर दी है। संदेह के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया है। फिलहाल कानपुर में तनाव का माहौल बना हुआ है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए करीब 12 थानों का फोर्स मौके पर पहुंच गया। बजरंग दल के नेता प्रकाश शर्मा और विहिप नेता मौके भी पहुंचे है। हालांकि, उन्हें पुलिस ने तनाव वाले एरिया से पहले ही रोका है।

**दोषियों को बख्शा नहीं जाएगाः सीएम योगी**

**कानपुर** में बीजेपी प्रवक्ता के बयान पर बवाल लगातार जारी है। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आदेश जारी कर दिया है।

उन्होंने कहा कि अब दोषियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन और पुलिस को सख्ती बनाए रखने और माहौल न बिगड़ने देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, शहर का माहौल खराब करने वाले दंगाइयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा है।

## मूसेवाला के कत्ल से पहले पिता को मिली थी धमकी

**चंडीगढ़**

पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के कत्ल के मामले में नया खुलासा हुआ है। मूसेवाला के कत्ल से पहले ही एक कॉल रिकॉर्डिंग सामने आई है। इसमें मूसेवाला के पिता को धमकियां दी गई हैं। उन्हें धमकाया गया कि उनका बेटा लाइव आकर गलत बातें बोलता है, उसे समझा लो। यह कॉल रिकॉर्डिंग असली है या नहीं और कब की है... पंजाब पुलिस का आईटी विंग इसकी जांच में जुट गया है। सिद्धू मूसेवाला ने भी हत्या से पहले एक वीडियो में यह बात कही थी ।

## राहुल गांधी को ईडी ने फिर जारी किया समन



**नई दिल्लीः** नेशनल हेराल्ड केस में प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दोबारा समन जारी किया है। उन्हें पूछताछ के लिए 13 जून को तलब किया गया है। इससे पहले ईडी ने कांग्रेस नेता को दो जून को तलब किया था। हालांकि, विदेश में होने के चलते वह पूछताछ के लिए ईडी के सामने पेश नहीं हुए थे। सूत्रों ने बताया कि राहुल गांधी देश से 19 मई को रवाना हुए थे। वे 20 से 23 मई के बीच लंदन में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। उसके बाद से वे भारत नहीं लौटे हैं। राहुल गांधी के 5 जून तक स्वदेश लौटने की उम्मीद है। वहीं इस मामले में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को भी नोटिस जारी किया गया है। उन्हें आठ जून को ईडी ने तलब किया है।

**ईडी के नोटिस से नहीं टूटेगा सोनिया-राहुल का हौसलाः**ईडी के समन पर कांग्रेस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से कहा कि, 'जब कांग्रेस अंग्रेजों व उनके अत्याचार से नहीं डरी तो ईडी के नोटिस कैसे सोनिया गांधी जी व राहुल गांधी जी तथा पार्टी का हौसला तोड़ सकते हैं? हम जीतेंगे, झुकेंगे नहीं। हम नहीं डरेंगे।'

**राजनीति से प्रेरित मामलाः** उधर, कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने बीते बुधवार को मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि दोनों नेता ईडी के सामने पेश होंगे। हम उनका सामना करेंगे। हम इस तरह की रणनीति से डरे हुए या भयभीत नहीं हैं। यह राजनीति से प्रेरित मामला है और इसमें किसी जांच की जरूरत नहीं है।

## कश्मीर: 90% कश्मीरी पंडितों ने रातोंरात घर छोड़ा

**श्रीनगरः** घाटी में लगातार हो रही हत्याओं के बाद कश्मीरी पंडित अपना घर छोड़कर जाने लगे हैं। पीएम पैकेज से मिले अनंतनाग के मट्टन स्थित पंडित कॉलोनी में सन्नाटा पसरा है। कश्मीरी पंडित रंजन ज्योतिषी ने बताया कि अनंतनाग स्थित मट्टन की कश्मीरी पंडित कॉलोनी से 90% लोग जा चुके हैं। लोगों के सब्र का बांध टूट चुका है, जिसके बाद रात में ही वे पलायन कर गए। यह कॉलोनी पीएम योजना के तहत बनाई गई है और यहां कश्मीरी पंडित समुदाय के सरकारी कर्मचारी रहते हैं, लेकिन पिछले कुछ दिनों से हो रही हत्याओं के बाद सभी अपने घर की ओर निकल गए हैं। हालात ठीक होने के बाद ही इनकी लौटने की संभावनाएं हैं। कॉलोनी में अब 10% पंडित बचे हैं, जो प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगा रहे हैं।

पंडितों ने मांग की है कि सुरक्षित स्थानों तक ले जाने के लिए सुरक्षा का इंतजाम किया जाय। इधर, अनंतनाग और कुलगाम के कई इलाकों में कश्मीरी पंडितों ने स्थानीय प्रशासन से सुरक्षा की मांग की है, जिससे वे घाटी छोड़ सुरक्षित जगहों पर जा सकें। कश्मीर में राहुल भट्ट की हत्या के बाद से ही पंडितों का प्रदर्शन जारी है।

## मूसेवाला के परिवार से मिले सीएम



**मानसा :** पंजाब के सीएम भगवंत मान शुक्रवार को मानसा के गांव मूसा पहुंचे। यहां उन्होंने पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के मां-बाप से मुलाकात की। उन्हें 8 बजे पहुंचना था, लेकिन मूसा गांव में विरोध को देखते हुए वे 2 घंटे देरी से पहुंचे। इससे पहले मूसा गांव पहुंचे आप विधायक गुरप्रीत सिंह बणावाली को लोगों का विरोध झेलना पड़ा। लोगों ने उन्हें बैरंग वापस लौटा दिया। सीएम भगवंत मान की मूसेवाला के परिजनों से 70 मिनट की मुलाकात हुई। जिसमें मां-बाप ने एक ही मांग उठाई कि मूसेवाला के कातिलों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए। उन्होंने कहा कि बेटे की मशहूरी ही उसकी दुश्मन बन गई। कातिल न पकड़े गए तो फिर किसी और के बेटे की हत्या हो जाएगी। सीएम ने भरोसा दिलाया कि सरकार इस मामले में तेजी से कार्रवाई कर रही है।

जल्द ही कातिल पुलिस की गिरफ्त में होंगे। पुलिस की सुरक्षा से परेशान गांव वालों ने उनके खिलाफ नारेबाजी की। लोगों का कहना है कि पुलिस ने सीएम के दौरे के बहाने मूसेवाला के रिश्तेदारों को घर के भीतर जाने से रोका। विधायक ने लोगों से हाथ जोड़कर माफी मांगी। सीएम के दौरे को देखते हुए यहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। मूसेवाला की रविवार शाम को हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। मान सरकार ने एक दिन पहले ही मूसेवाला की सुरक्षा घटाई थी। हालांकि, जिस वक्त हत्या हुई, मूसेवाला के साथ उनके दोनों गनमैन नहीं थे। इसको लेकर परिवार के भीतर सरकार को लेकर नाराजगी भी है।

**92 एमएलए फिर भी कोई संस्कार में नहीं पहुंचाः** आम आदमी पार्टी के पंजाब में 117 में से 92 एमएलए हैं। इसके बावजूद मूसेवाला के संस्कार में कोई नहीं पहुंचा था। इसको लेकर लगातार पार्टी पर सवाल उठ रहे थे। जिसके बाद कुछ विधायक उनके घर पहुंचे।

# 'आपसी संबंधों में वोट बैंक की राजनीति कर रहा अमेरिका'



**नई दिल्लीः** भारत में पूजा स्थलों पर बढ़ रहे हमलों को लेकर अमेरिका ने पिछले दिनों एक रिपोर्ट जारी की। भारत ने इस रिपोर्ट का पूरी तरह से खंडन कर इन आरोपों को पूरी तरह से नकारा है। शुक्रवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमने अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर यूएस स्टेट डिपार्टमेंट 2021 की रिपोर्ट और वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों द्वारा गलत जानकारी देने वाली टिप्पणियों को नोट किया है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि आपसी संबंधों में वोट बैंक की राजनीति की जा रही है। हम आग्रह करेंगे कि प्रेरित इनपुट और पक्षपातपूर्ण विचारों के आधार पर आकलन से बचा जाए। विदेश मंत्रालय ने कहा कि एक स्वाभाविक रूप से बहुलवादी समाज के रूप में, भारत धार्मिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों को महत्व देता है। अमेरिका के साथ हमारी चर्चा में हमने नस्लीय और जातीय रूप से प्रेरित हमलों, घृणा अपराधों और गोलीबारी हिंसा सहित वहां के चिंता के मुद्दों को नियमित रूप से उजागर किया है।

**अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता की वर्ष 2021 की रिपोर्ट को ब्लिंकन ने किया सार्वजनिकः** बता दें कि अमेरिका ने रंग बदलते हुए भारत में धार्मिक स्वतंत्रता पर सवाल उठाए हैं। कहा कि भारत में पूजा स्थलों पर हमले बढ़ रहे हैं। जबकि भारत में भिन्न धर्मावलंबियों का देश है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि धार्मिक स्वतंत्रता अमेरिकी नीति की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसलिए इस मसले पर रिकार्ड बेहतर होना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता की वर्ष 2021 में स्थिति पर अमेरिकी विदेश मंत्रालय की रिपोर्ट को सार्वजनिक करते हुए ब्लिंकन ने यह बात कही है। विदेश मंत्री ने कहा था कि कुछ देशों की सरकारें ईश निंदा कानून को जारी रखते हुए लोगों का उत्पीड़न कर रही हैं।

# मास्क नहीं... तो प्लेन में सफर नहीं

### यात्री नियम न मानें, तो बाहर निकाल दो, जुर्माना लगाओ और नो-फ्लाई लिस्ट में डालोः दिल्ली हाईकोर्ट



**नई दिल्लीः** दिल्ली हाईकोर्ट ने एयरपोर्ट्स और फ्लाइट्स में कोविड प्रोटोकॉल के सख्त पालन का आदेश दिया है। एक्टिंग चीफ जस्टिस विपिन सांघी की बेंच ने कहा कि जो लोग एयरपोर्ट पर और विमान में मास्क नहीं पहनते हैं, उन पर भारी जुमार्ना लगाया जाना चाहिए। बेंच ने कहा कि नियमों का पालन किया जाना चाहिए। अगर कोई नियम न माने तो उसे एयरपोर्ट या विमान से बाहर कर देना चाहिए। एयर ट्रैवल के दौरान कोविड नियमों के उल्लंघन को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में ढक्छ दाखिल की गई थी, जिसके बाद कोर्ट ने नियमों के सख्त पालन का आदेश जारी किया है। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने कोर्ट को बताया कि विमान में सिर्फ खाना खाने के दौरान मास्क उतारे जाने की छूट दी गई है।

# सिटी आस-पास संदेश

## खबर संक्षेप

### शनिवार व रविवार बाधित रहेगी विधुत आपूर्ति

**झूंसी।** कटका, अंदावा, पुरेसुरदास, बदरा, सोनवटी, बरियारी शेरडीह, तुलापुर में शनिवार व रविवार को दिन में विधुत आपूर्ति बाधित रहेगी। जानकारी देते हुए उप खण्ड अधिकारी पवन कुमार सिंह ने बताया कि ओवर लोडिंग की समस्या को दूर करने के लिए लाइन को दो भागों में बांटा जायेगा जिसके लिए दो दिन 10:30 से 4:30 तक इन गांवों में विधुत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने उपभोगताओं से सहयोग की अपील की।

### चौका गांव में पशुओं की चोरी से ग्रामीणों में आक्रोश

**जंघई।** सरायममरेज थानांतर्गत चौका गांव निवासी मनोज कुमार मिश्र पुत्र परमसुख मिश्र ने थानाध्यक्ष सरायममरेज तरुणेंद्र त्रिपाठी को तहरीर दिया है कि 30 मई को मध्य रात्रि में कुछ लोग हमारे घर के सामने बंधी दो भैंसों को चुरा कर ले जा रहे थे। जिसमें एक भैंस चोरों के चंगुल से छुड़ा कर भागी और चिल्लाने लगी जिससे हम लोग जाग गये। परंतु चोरों द्वारा बाहर से कुंडी लगाने के कारण हम लोगों को बाहर निकलने में देर हो गई जब तक हम लोग पीछे दरवाजे से बाहर निकले चोर हमारी एक भैंस लेकर जा चुका था। मनोज मिश्र ने बताया इसके पूर्व भी हमारे गांव एवं अगल बगल गांवों में भैंस, गाय की चोरी हो चुकी है लेकिन कार्रवाई न होने के कारण चोरों का मनोबल बढ़ा है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

# दो भाईयों की तालाब में डूबने से मौत परिजनों में कोहराम

**सरायममरेज थानांतर्गत पूरेरघई गांव में घटी दर्द विदारक घटना, बच्चों की मौत पर परिजन व ग्रामीणों की आंखें भर आईं, गांव व क्षेत्र में भारी शोक**



गांव में मचा कोहराम : दोनों बच्चों के शवों पर विलाप करते परिजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापपुर।** सरायममरेज थानांतर्गत पूरेरघई गांव निवासी रामनरेश यादव, राजेश यादव दोनों भाई हैं रामनरेश के दो पुत्रों एवं एक पुत्री में छोटा दिव्यांशु 14 वर्ष, एवं राजेश यादव के पांच पुत्रों एक पुत्री में चौथे नंबर का पुत्र मिथिलेश 15 वर्ष एवं एक पड़ोसी का लड़का तीनों गांव के ही तालाब में शुक्रवार सुबह 10 बजे नहाने गए थे लेकिन दिव्यांशु और मिथिलेश नहाते नहाते बहुत बड़े गड्ढे में चले गये जो कि जेसीबी से खुदाई हुई थी तालाब की उसी में समा गये। जब तक आस-पास के लोगों एवं परिवार को पता चला दोनों की सांसें थम चुकी थी तालाब से घर निकाल कर लाया गया परिजनों में कोहराम मच गया देखते ही देखते काफी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। अंतिम संस्कार हेतु जब दोनों चचेरे भाइयों का शव घर से निकलने लगा वहां मौजूद सभी परिजनों एवं उपस्थित जनसमूह की आंखें छलछला उठी। बच्चों की मौत से परिजनों, क्षेत्रवासियों में शोक का माहौल है सभी ने इस आकस्मिक घटना पर दुख प्रकट किया है और इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इस पर भी ध्यान देने की आवश्यकता अभिवावकों पर रहेगी।

### घर में अकेले रह रहा वृद्ध ने फांसी लगाकर दी जान

**झूंसी।** आवास विकास कालोनी योजना दो में घर में अकेला रह रहा 72 वर्षीय वृद्ध फाँसी लगा कर खुद खुशी कर ली। शुक्रवार की सुबह जब नौकर काम करने के लिए पहुच तो दरवाजा खुला था वृद्ध फंदे पर लटक रहा था मामले की सूचना पुलिस के साथ पुणे में रह रहे उसके बेटे को दी गई। पेट्रोल पंप के सामने एचआईजी कॉलोनी में रहने वाले 78 वर्षीय राम शंकर शुक्ल इफको के रिटायर्ड कर्मचारी थे पिछले वर्ष पहले उनकी पत्नी का देहांत हो गया था बेटा अपने परिवार के साथ पुणे में रहता है वह यहां अकेले रहते थे गुरुवार की रात वह अपने मकान के दूसरे तल पर स्थित कमरे में नायलॉन की रस्सी के सहारे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली सुबह काम करने वाला नौकर आया तो घर का दरवाजा खुला था जब वह ऊपर गया तो देखा की रामशंकर फंदे पर लटक रहे थे काम करने वाले नौकर ने तत्काल मामले की सूचना पुलिस के साथ पुणे में रह रहे बेटे को दी। मौके पर पहुची पुलिस ने शव को फंदे से उतार पीएम के लिए भेज दिया। कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें मृतक ने लिखा है कि वह अकेले रहकर ऊब गया था इस वजह से खुद खुशी कर रहा है।

### दो भाइयों में चले लाठी डंडे कई घायल क्रास केस हुआ दर्ज

**मऊआइमा।** पारिवारिक बंटवारे को लेकर दो सगे भाइयों में जमकर लाठी डंडे चले दोनों ओर से कई घायल हुए हैं। पुलिस ने क्रास केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम गुलकाईपुर निवासी मोतीलाल और छेदीलाल पुत्रगण हरिनाथ आपस में सगे भाई हैं। बताते हैं कि घरेलू बंटवारे को लेकर दोनों भाईयों की ओर जमकर लाठी डंडा मार पीट हुई। एक पक्ष के मोतीलाल , मीरा देवी ,मनीष ,लकी जबकि दूसरे पक्ष की ओर से छेदीलाल ,राहुल ,रामपत्ती को गंभीर चोटें आयी है। पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया है । एक पक्ष के मोतीलाल पुत्र हरिनाथ ने मऊआइमा थाने में छेदीलाल ,राहुल ,अंकित ,मोहित, धनपत्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है जबकि दूसरे पक्ष के छेदीलाल पुत्र हरिनाथ ने मोतीलाल ,मनीष ,राजकुमार, अशोक कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## न्यूज झरोखा

### रामजी सिंह बने अपना दल एस के राष्ट्रीय महासचिव



**रत्योंरा।** विधानसभा कोरांव से अपना दल एस के नेता राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रामजी सिंह पटेल को अपना दल एस का राष्ट्रीय महासचिव बनाए जाने पर स्थानीय कार्यकताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर बधाई दी। इस दौरान अपना दल एस के जिला उपाध्यक्ष लाल शास्त्री सिंह पटेल ने कहा कि यमुनापार के नेता को पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। निश्चित तौर पर यमुनापार क्षेत्र में अपना दल एस का कारवा बढ़ेगा और जल्द ही राष्ट्रीय महासचिव के नेतृत्व में वृहद सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर डॉ हरिश्चंद्र पटेल जिलाध्यक्ष चिकित्सा मंच, लाल शास्त्री पटेल जिला उपाध्यक्ष, फूल चंद पटेल विधानसभा महासचिव, अनिल कुमार सिंह उर्फ कमलाकर पटेल, विजय भाई पटेल, इंद्रजीत सिंह पटेल, राममणि गुप्ता, अशोक पाल, राकेश पाल धनगर, मगरु पाल आदि लोग मौजूद रहे।

### शिविर में 687 मरीजों का किया गया निःशुल्क आंखों की जांच




**सहसों।** क्षेत्र में प्रतिष्ठित व्यक्तित्व के धनी स्वर्गीय पंडित प्रेम धर द्विवेदी की प्रथम पुण्यतिथि पर श्री राम सेवा समर्पण समिति द्वारा सहसों राम लीला मैदान के पीछे उनकी आवास पर शुक्रवार को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषक डॉक्टरों द्वारा आंखों की जांच का शुभारंभ पंडित प्रेम धर द्विवेदी के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर रिती आई केयर अस्पताल प्रयागराज की टीम के डॉ रमेश शुक्ला, श्रीकांत कुशवाहा, जय त्रिपाठी, अंजली सिंह, विकास द्वारा नेत्र शिविर में आए हुए 687 मरीजों के आंखों का जांच किया गया। जिसमें 171 मरीजों के आंख में मोतियाबिंद होने के कारण रविवार को उनका ऑपरेशन किया जाएगा। करीब 318 लोगों को निःशुल्क चश्मा व दवा का वितरण किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक धरणी धर दुबे, चंद्रधर दुबे, राजधर दुबे, श्याम धर, अभिषेक धर, शशांक धर दुबे अधिवक्ता, सौरभ, आदर्श, शुभम सहित क्षेत्र के आदि लोग मौजूद रहे।

### वैदिक मंत्रोच्चारण से हुआ काली मंदिर बरे स्ताकला में प्राण-प्रतिष्ठा



**प्रतापपुर।** बरेस्ताकला, शुक्लपुर गांव में अन्नपूर्णा ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित उमाशंकर दुबे के सहयोग से नवनिर्मित शक्ति पीठ काली माता एवं चौरा मंदिर में प्रकांड विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य काली माता की मूर्ति स्थापित की गईं। कार्यक्रम में दुर्गा चालीसा, आरती हवन एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी गंगापार जिलाध्यक्ष अश्वनी दुबे, राष्ट्रीय सदस्यता प्रमुख गंगापार संजय मिश्र बनकटा, डॉ आरएन पाठक, बहादुरपुर ब्लॉक प्रमुख अरूणेंद्र डब्बू यादव, मनोज पाठक, अजीत पांडेय, संजय दुबे, मंडल मंत्री प्रतापपुर विनय कुमार दुबे, मथुरा प्रसाद मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

### 15 किलो गांजा के साथ अभियुक्त हुआ गिरफ्तार

**जंघई।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज द्वारा चलाए जा रहे अभियान रोकथाम अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में पुलिस अधीक्षक गंगापार क्षेत्रधिकारी हंडिया के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सरायममरेज तरुणेंद्र त्रिपाठी के निर्देशन में चौकी इंचार्ज जंघई राजकुमार त्रिवेदी द्वारा मय हमराह पुलिस बल के मुखबिर की सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान आनंद कुमार जायसवाल पुत्र स्व. चिरौंजी लाल निवासी शेरपुर गोपलहां,थाना दुगार्गंज जनपद को जंघई आते समय सरायममरेज थानांतर्गत भूलेंद्र गांव के पास गिरफ्तार करके एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत करके न्यायालय भेजा गया। पुलिस टीम में चौकी इंचार्ज जंघई राजकुमार त्रिवेदी एवं कांस्टेबल आकाश वर्मा, पवनेश कुमार, ओमप्रकाश मौर्या, अमित यादव शामिल रहे।

### एक पखवाड़े से जला ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा सका

**घूरपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में जले हुए ट्रांसफार्मर को तीन दिन के अंदर बदलने की सरकारी दावा को भीटा विद्युत उपकेंद्र हवा हवाई साबित कर रहा है। भीटा विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत इरादतगंज गांव का एक पखवाड़े पूर्व 25 केवीए का जला ट्रांसफार्मर अभी तक नहीं बदला जा सका है। ग्रामीणों ने 22 मई को टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज. करवा संबन्धित जेई को जानकारी दिया। इसके बाद से आज तक नहीं लग सका। दर्जन भर ग्रामीण रोजाना संबन्धित जेई को फोन कर लगाने की बात करते है उधर से आज और कल तक मे लगाए जाने का कोरा आश्वासन मिलता है। ग्रामीण उपभोक्ता रमेश, रामचंद्र यादव, सुग्रीव यादव, सब्बीर अहमद, लाला अहमद, पन्ना लाल, राम सुमेर कहते हैं कि नैनी स्टोर के जेई को फोन कर पता किया जाता है तो वहा से कहा जाता है कि अपने जेई से कहिए कि बदलने के लिए कागजात भेजे यदि वो बताते हैं कि भेजा गया है तो पी आर नंबर और डेट बताए तत्काल ट्रांसफार्मर भेज दिया जायेगा। इन्हीं दोनों जेई के बीच जनता पिस रही है। लखनऊ टोल फ्री पर ग्रामीण रोजाना फोन कर विभाग की मनमानी बता लगाए जाने की गुहार लगाते हैं लेकिन अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा सका। भीषण तपिश गर्मी में लोग बेहाल है। जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

# करछना विकास खंड में अमृत सरोवर के तहत नामित तालाबों की सवरने लगी सूरत

**संतोष यादव**

**करछना।** जल संरक्षण व वातावरण को बेहतर बनाएं रखने को लेकर सरकार की महत्वकांक्षी योजना अमृत सरोवर के तहत सरोवर को तैयार करने का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू हो गया है। जिसे 15 अगस्त से पहले हर हाल में पूरा कर लिया जाएगा। खंड विकास अधिकारी करछना देव कुमार ने बताया कि जल संरक्षण जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। जिसको ध्यान में रखते हुए अमृत सरोवर के तहत पुराने तालाबों को खुदाई कराकर विकसित किया जा रहा है। सरोवर तैयार होने पर आने वाले समय में जल की कमी को दूर करने में उपयोगी साबित होगी। सरोवर को भव्य स्वरूप देने के लिए चारों तरफ पीपल, बरगद, नीम, सहित अन्य छांव रहित वृक्ष लगाए जाएंगे। जिसके साथ ही सरोवर पर दो पक्के घाट के साथ इंटरलॉकिंग भी लगाया जाएगा और बैठने की उत्तम व्यवस्था भी होगी। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 15 अगस्त को तिरंगा फहरा कर आजादी का जश्न मनाया जाएगा।

### 15 अगस्त को अमृत सरोवर पर फहराया जायेगा तिरंगा : देवकुमार खंड विकास अधिकारी करछना



अमृत सरोवर की खुदाई कार्य में लगे मनरेगा कर्मी

### सरोवर का काम शुरू होने से मजदूरों को गांव में मिला रोजगार

**करछना।** क्षेत्र में सरोवर के तहत नामित तालाबों को मनरेगा के द्वारा सवारने का काम किया जा रहा है। हर तालाब में लगभग 50 से 60 मजदूर काम कर रहे हैं। जिसके फलस्वरुप लगभग 300 से अधिक लोगों को गांव में ही रोजगार की सुविधा मिली है। जिसमें सबसे ज्यादा महिलाओं की भागीदारी अधिक है। गांव में रोजगार मिलने से खुशी व्याप्त है।

वीडियो ने बताया कि करछना क्षेत्र के कबरा, मुगारी, बरदहा, देवरी कला, टकटैया, बघेडा गांव के कुल 6 तालाबों को नामित किया गया है। जिसमें 4 तालाबों पर खुदाई का चल रहा है। जबकि 2 तालाबों का स्टीमेट सेंसन होकर आने के बाद उस पर काम शुरू कर दिया जाएगा।

# दो अलग अलग गांवों में लाखों की चोरी थाने में दी गई तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** दो अलग अलग गांवों में चोरी की घटना की बात सामने आयी है एक दुकान में सेंधमारी करके नगदी सहित एक लाख की चोरी बताई गई है जबकि एक अन्य गांव में पचास हजार की भैंस चोरी होने की घटना हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम गदियानी निवासी विपिन कुमार पुत्र राममूरत की जूता चप्पल की दुकान चौराहे पर है। बीती रात चोरों ने दुकान में सेंधमारी करके दुकान में घुस गए और पन्द्रह हजार रुपये नगद तथा जूता ,चप्पल आदि सहित एक लाख की चोरी कर ले गए। शुक्रवार को सुबह चोरी की घटना का पता लगने पर विपिन कुमार ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। उधर ग्राम मदारी चौराहा निवासनीय पुष्पा सिंह पत्नी बसंत बहादुर का आरोप है कि उसकी पचास हजार की भैंस गांव का एक युवक बीती रात चोरी कर ले गया। पुष्पा सिंह ने एक नामजद एक अज्ञात के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मिक्सर प्लांट में लगे सोलर पैनल चोरी

**सहसों।** रात में सुनसान का फायदा उठाकर मौका देखते ही चोरों ने मिक्सर प्लांट में लगे कीमती सोंलर पैनल चोर खोले गए। थरवई थाना क्षेत्र के सेमरी गांव में स्थित हॉट मिक्स प्लांट से बीती रात एक बड़ा सोलर पैनल अज्ञात चोर खोले गए। हॉट मिक्स प्लांट के मैनेजर राजकमल तिवारी ने निरीक्षण के दौरान सुबह जब देखा तो पांच नंबर की सोलर पैनल प्लेट गायब रही। जिसकी कीमत लगभग 80000 हजार रुपए बताई जा रही है। मैनेजर ने थरवई थाने में जाकर अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मौके पर पहुंचकर लिखा पढ़ी कर जांच पड़ताल लगी हुई है।

# हवन यज्ञ से वायुमंडल शुद्धिकरण के साथ मिलता है विशेष फल

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** क्षेत्र के चन्दरपुर उर्फ बसमहुआ गांव में चल रहे सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत पुराण कथा ज्ञान यज्ञ के समापन के पश्चात हवन यज्ञ के बाद आचार्य देवव्रत जी महाराज ने उपस्थित श्रोता भक्तों से कहा शुद्धीकरण एवं सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने के लिए सभी सनातनी को अपने घर में नित्य हवन पूजन करना चाहिए। जो विशेष फलदाई होता है। उन्होंने कहा घर में किए गए अनुष्ठान की सफलता के लिए देवी देवताओं के लिए छोड़ी गई आहुति सकारात्मक ऊर्जा के साथ देवी देवताओं की कृपा बरसती हैं तथा घर में सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। आचार्य देवव्रत जी महाराज ने कहा हवन यज्ञ में डाली गई औषधीय लकड़ियों के अतिरिक्त हवन में औषधि युक्त पदार्थों के पड़ने के कारण वायु का शुद्धिकरण होता है जो हमारे शरीर के लिए शुद्ध प्राणवायु के लिए सार्थक होता है। जिससे मनुष्य में रोगों की संभावना कम रहती है। उन्होंने बीते महामारी के दौरान कोरोना संक्रमण काल में हवन यज्ञ के महत्व पर भी चर्चा करते हुए कहा उस दौरान हवन यज्ञ के शुद्धीकरण से महामारी का प्रभाव निष्फल दिखाई दिया था। श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण के पश्चात मुख्य यजमान शोभा लाल तिवारी, जितेन्द्र तिवारी, संतोष तिवारी, अशोक तिवारी एवं गायत्री तिवारी सहित अन्य लोगो ने विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान हवन यज्ञ किया तथा सायंकाल महाप्रसाद एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

# क्षतिग्रस्त मार्ग राहगीरों के लिए बनी मुसीबत

**आए दिन हो लोग हो रहे हादसा का शिकार, सांसद से शिकायत के बाद भी नहीं बनाई गई जर्जर सडक मार्ग, लोगों में बढ़ रहा आक्रोश**

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** विकासखंड करछना क्षेत्र के अंतर्गत साधूकुटी चौराहा से मुगारी, मनैया मार्ग गांव तक जोड़ने वाला मुख्य मार्ग वर्षों से छतिग्रस्त होकर बदहाली का दंश झेल रहा है। जिसका मरम्मती कार्य न किए जाने से मार्ग में डाली गई गिट्टी उखड़ कर बाहर आ गई है और समूचा मार्ग बड़े-बड़े गड्ढे में तब्दील हो गया है। इस मार्ग पर रोजाना हजारों की संख्या में राहगीर आवागमन करते हैं। जिसमें सबसे ज्यादा राहगीर रात के अंधेरे में गुजरते समय हादसों का शिकार होती है। मनैया ग्राम प्रधान मंजू द्विवेदी ने बताया कि मामले को लेकर कई बार प्रयागराज की सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि के साथ तहसील प्रशासन से लिखित तौर पर शिकायत करते हुए अवगत कराया गया लेकिन किसी के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे लोग जर्जर मार्ग पर चलने को मजबूर है।

भले ही सरकार करोड़ों रुपए खर्च करके सभी सड़कें गड्ढा मुक्त होने की ढिढोरा पीट रही हो लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और बयां कर रही है। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते सारा विकास कार्य कागजों पर सिमट कर रह गया है। क्षतिग्रस्त मार्ग का मरम्मति कार्य न किए जाने से स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।



साधूकुटी चौराहा से मुगारी, मनैया मार्ग गांव तक जोड़ने वाला मुख्य मार्ग छतिग्रस्त

# श्रमिकों का शोषण : भारी मात्रा में पुत्री विवाह अनुदान योजनाएं मनमानी की चढ़ी भेंट !

**गरीबों श्रमिकों के बेटियों के हाथ पीले तो हो गए किन्तु अनुदान क्यों नहीं, सीएम और डीएम तथा श्रम आयुक्त कानपुर उत्तर प्रदेश से शिकायत के बावजूद सुधार नहीं**

**अखंड भारत संदेश**

प्रयागराज। श्रम विभाग बी ओ सी डब्लू से पंजीकृत श्रमिकों महिलाओं पुरुषों के साथ श्रमिक अधिकारी शोषण कर रहे हैं,जिससे सरकार की महत्वाकांची योजनाएं भ्रष्ट्राचार मनमानी की भेंट चढ़ गई हैं।

उल्लेखनीय है कि पंजीकृत श्रमिकों ने पुत्री विवाह अनुदान योजना,मातृत्व शिशु बालिका आशीर्वाद योजना तथा मृत्यु अंत्येष्टि दुर्घटना सहायता योजना आदि के आवेदन भारी संख्या में ऑनलाइन आवेदन पुरे जनपद में श्रमिकों ने किया है। किंतु ज्यादातर श्रमिक इंस्पेक्टर गण यह कह कर निरस्त कर दे रहे कि अभिलेख संलग्न नहीं है,या फिर श्रमिक होने का प्रमाण नहीं है। प्रश्न यह उठता है कि श्रमिक कार्ड जिस आधार पर बनाया गया,या नवीनी करण किया गया,या फिर आपदा सहायता योजना एवं सायकिल सहायता चिकित्सा सहायता योजना आदि का लाभ दे रहे तो पुत्री विवाह अनुदान,मातृ शिशु आदि योजना का लाभ क्यों नहीं। एक यह भी प्रश्न कि ऑनलाइन आवेदन तभी होता है जब पूरे डाक्यूमेंट्स अनेकचर्स होते हैं। तब अभिलेख संलग्न न होने का सवाल कहां से आया। फिर जिस अधार से श्रमिक कार्ड सरकार ने बनाया उसी आधार से अलग हट कर श्रमिक न होने का प्रमाण क्यों मांग रहे। हर निर्माण श्रमिक मनरेगा जाब कार्ड धारक नहीं होता, चालीस प्रकार के निर्माण श्रमिक होते हैं,हर श्रमिक को कोई कार्य का प्रमाण पत्र नहीं देता।हर ग्राम पंचायतों में सारे श्रमिकों को जॉब नहीं मिलता,जिस कारण कर्मकार निर्माण श्रमिक विभिन्न स्थानों पर जा कर दैनिक मजदूरी करता है। किंतु जांच अधिकारियों को यदि सुविधा शुल्क न दी जाए तो उक्त मनमानी रूप ढंग से ज्यादातर श्रमिक लाभार्थियों को अपात्र दिखा दिखा कर आवेदनों को दो दो साल बाद बिना किसी सूचना के निरस्त कर अन्याय कर रहे। दरअसल लॉक डाउन में पिछले वर्षों में संपन्न हुई शादियों के भी आवेदन निरस्त कर श्रमिकों के साथ अन्याय किया जा रहा। इस तरह सरकार की श्रमिकों के हितार्थ चलाई गई कल्याणकारी योजनाएं निरर्थक साबित हो रहीं हैं। लोग अब सरकार की कथनी करनी पे उंगलियां उठाने लगे हैं। अखिल भारतीय प्रधान संगठन प्रयागराज उत्तर प्रदेश ने श्रमिकों के हितार्थ उक्त समस्या को ध्यान में रख कर मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ तथा जिलाधिकारी प्रयाग्राज, श्रमायुक्त उत्तर प्रदेश कानपुर को कुछ श्रमिकों के साथ मनमानी किए जाने पुनः जांच कराकर लाभान्वित किए जाने हेतु पत्राचार किया,इस पर अभी तक कोई कार्यवाही की सूचना नहीं दी गई। इतना जरूर किया कि श्रम कार्यालय में एक सूचना टंगवा अथवा चस्पा कर दी गई कि यहां दलालों का प्रवेश वर्जित है। जो चर्चा का विषय बन गया है। आखिर दलाल हैं कौन,दलाल तो श्रम अधिकारी ही पैदा करते हैं। दलालों के ही मांध्यम से फार्म पास करने का सौदा तय होता है।

**श्रमिकों की जुबानी :** लाभार्थी पंजीकृत श्रमिकों ने बताया कि कुछ जांच अधिकारी जांच के समय यह कहते हैं कि जिसे हम लोग कहा करें उसी से फॉर्म भरा करो वर्ना फार्म निरस्त कर देंगे। जिसे मैं कहूंगा उसी को पैसा देना है अन्यथा समझ लेना। तो फिर दलाल क्यूं और कौन। कोरांव के श्रम इंस्पेक्टर एम प्रजापति का कथन है कि श्रमिक ही आवेदन ऑनलाइन करें या जमा करें। किन्तु सवाल ये है कि ऑनलाइन फॉर्म श्रमिक कार्ड धारक ही तो करता है। दूसरा कोई क्यों करेगा। चर्चा है जो श्रमिक सीधे कार्यालय या चुनिंदा श्रम इंस्पेक्टर को सीधे दस हजार प्रति फॉर्म देगा तो निश्चित उसका आवेदन पात्र हो जायेगा और धनराशि स्वीकृति हो जायेगी अन्यथा ज्यादातर अपात्र दर्शा कर फॉर्म गरीब मजदूरों के निरस्त हो जायेंगें। देखा जाए तो ज्यादातर फॉर्म गरीब श्रमिकों के योजनाओं के फॉर्म बहुतायत में निरस्त कर दिए जा रहे जो जांच का विषय है। कुछ कर्मचारी स्वीकृत फार्मों को सीधे फोन कर रहे हैं कि पैसा किसी दलाल को मत देना। सीधे मुझसे संपर्क में रहो। इस तरह की सिस्टम से श्रम विभाग की कथनी करनी में अंतर दिखाई देती है। जो जांच का विषय है। इस बाबत संगठन का प्रतिनिधि मंडल मुख्य मंत्री जी से मिलेगा।

# साइबर अपराधियों ने खाते से उड़ाए 28 हजार

**राजगीर ने एसपी क्राइम से लगाई गुहार**

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** मेजा के राजगीर युवक का साइबर अपराधियों ने खाते से 28 हजार रुपए उड़ा दिए। जिससे पीड़ित युवक ने एसपी क्राइम को तहरीर देकर रुपए बरामदगी व साईबर अपराधी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के घूघा, अमिलिया गांव निवासी अमित कुमार पटेल पुत्र रंगलाल पटेल ने मेजा कोतवाली मे तहरीर देने के पश्चात एसपी क्राइम को आवेदन देकर बताया कि उसका खाता बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक उरुवा व बैंक आफ बड़ौदा समोगरा, उरुवा मे है। खाते मे मोबाइल नंबर 7080604489 मोबाइल नंबर दर्ज है। गुरुवार को शाम पांच एक व्यक्ति ने फोन कर पिन कोड पुछा और उसके बाद बोला पांच रुपए डालकर सबमिट कर दीजिए। उसके कहने पर युवक ने वैसा ही किया। जिसका खामियाजा साईबर अपराधी ने दो बार मे 28 हजार 340 रुपए पार कर दिया। जिससे पीड़ित गरीब राजगीर रुपए बरामदगी व अपराधी के खिलाफ कार्रवाई के लिए एसपी क्राइम के चौखट पर पहुंच रुपए बरामदगी व साईबर अपराधी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### पेयजल सप्लाई बाधित होने पर लोग परेशान, अधिकारियों ने साधी चुप्पी

**प्रयागराज।** कीडगंज स्थित त्रिवेणी रोड पर लगा 630 केवी का ट्रांसफार्मर 28 मई की रात जल गया। पार्षद किरन जायसवाल ने विभागीय अधिकारियों से बात की तो 400 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया। 72 घंटे के भीतर 31 मई को यह फिर जल गया। इस पर ट्राली ट्रांसफार्मर लगवाया गया लेकिन रोस्टिंग कर आपूर्ति शुरू की गई। इससे बिजली के साथ पेयजल की भी समस्या खड़ी हो गई। उधर कालिंदीपुरम क्षेत्र में भी बिजली-पानी का संकट बना है। जागृति चौराहा स्थित 630 केवीए का ट्रांसफार्मर पहले ही क्षतिग्रस्त था। गुरुवार देर रात में कालिंदीपुरम आवास योजना के भाउराव देवरस, नव जीवन ज्योति और चकिया नई आबादी का ट्रांसफार्मर भी खराब हो गया। चार ट्रांसफार्मर एक साथ खराब होने से क्षेत्र के दो हजार से अधिक घरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। करीब तीन हजार से अधिक घरों में रहने वाले लोगों को शुक्रवार सुबह पानी भी नहीं मिला। लोग कालिंदीपुरम उपकेंद्र में फोन करते रहे लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसी प्रकार राजापुर के गंगानगर इलाके में गुरुवार रात दो घंटे तक बिजली का संकट बना रहा। उंचवागढ़ी मोहल्ले में भी कई बार बिजली गुल हुई।

# रुदापुर हत्या कांड के दो शूटर चढ़े पुलिस के हत्थे

**अखंड भारत संदेश**

### 25 हजार के इनामिया थे दोनों शातिर शूटर



पुलिस के गिरफ्त में अपराधी

**प्रयागराज।** फाफामऊ के रुदापुर में दिनदहाड़े मुबस्सिर की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने 25 हजार के इनामी मोहम्मद जैद अहमद व उसके सहयोगी राजू विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया है। दोनों फाफामऊ के रहने वाले हैं। अभियुक्तों के कब्जे से दो पिस्टल, एक तमंचा, कारतूस व सफारी कार बरामद हुई है। आरोपितों को शरण देने वाले मानधाता प्रतापगढ़ के मकबूल, उसकी बीवी डंगर बानो सहित घटना में शामिल 10 से ज्यादा शख्स फरार हैं। उनकी भी तलाश चल रही है।

**आरोपितों के शरणदाता समेत 10 से ज्यादा फरार :** शुक्रवार अपरान्ह पुलिस लाइन सभागार में गिरफ्तार अभियुक्तों को मीडिया के सामने पेश किया गया। एसएसपी अजय कुमार, एसपी गंगापार अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि रुदापुर निवासी खुर्शीद ने वर्ष 2007 में अतीक अहमद से छह लाख में जमीन खरीदी थी। इस वक्त उसकी कीमत करीब 60 लाख रुपये है। अतीक के बेटे मुबस्सिर व मुदस्सिर जमीन को फर्जी ढंग से खरीदने का आरोप खुर्शीद पर लगाते हुए 40 लाख और मांग रहे थे। इसको लेकर उनके बीच रंजिश चल रही थी। 28 मई 2022 को जब मुबस्सिर कार से घर जा रहा था, तभी घेरकर उस पर फायरिंग व लाठी, डंडे से हमला किया गया। इससे उसकी मौत हो गई थी। मामले में जैद के भाई खुर्शीद को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया गया है, लेकिन उसकी लाइसेंसी रायफल अभी नहीं मिली है। उसका लाइसेंस निरस्त करने की रिपोर्ट प्रशासन को भेज दी गई है।

**क्या ब्लाक प्रमुख की कार का इस्तेमाल :** एसएसपी ने बताया कि घटना में कौशांबी पिपरी निवासी दिलीप प्रजापति की सफारी कार का इस्तेमाल हुआ था। दिलीप वर्तमान समय में ब्लाक प्रमुख है। हालांकि गाड़ी के नंबर प्लेट की जांच कराकर सच्चाई का पता लगाया जा रहा है। घटना के दिन सफारी में जाहिद, जैद, अरविंद और राजू थे। राजू सफारी चला रहा था। जबकि बलेनो कार में सैफी, फैजू, भइवा, इब्ने अहमद उर्फ मोटा व बुलेट बाइक पर खुर्शीद व जावेद सवार होकर पहुंचे थे। सभी घटना में शामिल थे।

**मूंछों पर ताव देने पर बिगड़ी बात :** बताया गया कि खुर्शीद अपने विरोधी की हत्या की साजिश रच रहा था। तभी एक दिन मुबस्सिर अपने भाई के साथ मूंछों पर ताव देते हुए खुर्शीद के घर के बाहर से गुजरा। यहीं से बात बिगड़ गई। घटना वाले दिन खुर्शीद, जाहिद और शीबू ने ताबड़तोड़ फायरिंग की। वारदात के बाद शहजाद को लाइसेंसी रायफल देकर खुर्शीद भाग गया। फिर नसीम, हसनैन के साथ स्विफ्ट कार से अपने मौसा मकबूल के यहां पहुंचकर रात गुजारी। एसएसपी ने बताया कि घटना में प्रयुक्त एक पिस्टल वाराणसी निवासी युवक से दो लाख में खरीदी गई थी। उसकी भी तलाश चल रही है।

# गर्ल्स हास्टल के वाशरूम में कैमरा का राज खुलते ही छात्राओं ने छोड़ा हास्टल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** शहर में म्योहाल चौराहे से कचहरी जाने वाली सड़क पर बने गर्ल्स हास्टल में स्पाई कैमरा बरामद होने के बाद यहां रहने वाली छात्राएं दहशत में हैं। उनके लिए यह किसी वज्रपात से कम नहीं है। पांच छात्राओं ने हास्टल भी छोड़ दिया है, जबकि एक-दो दिन में यहां से अपना सामान समेटकर कई और छात्राएं चली जाएंगी। फौरी तौर पर कई छात्राएं अपनी सहेलियों के रूम में चली गई हैं।

**दो मंजिले मकान में नीचे है गर्ल्स हास्टल :** आरोपित आशीष खरे का दो मंजिला मकान है। नीचे वाले तल पर उसने गर्ल्स हास्टल खोल रखा है। ऊपर वाले तल पर खुद रहता है। मकान बेहद खूबसूरत है। मुख्य गेट के बाहर बोर्ड लगाया है कि यहां छात्राओं को कम दाम पर किराए पर कमरे दिए जाते हैं। बेहतर मकान, सभी सुविधाएं और कम दाम पर कमरा मिलने की वजह से छात्राएं यहां रहना पसंद करती थीं।

**चार रूम में आठ छात्राएं रहती थीं, अब खाली हो रहा हास्टल :** यहां कुल पांच रूम हैं। चार में आठ छात्राएं रहती हैं, जबकि एक खाली है। गुरुवार को आशीष खरे के इस पूरे मायाजाल का भंडाफोड़ हो गया। मामला सामने भी नहीं आता, अगर कमरा लेने आई छात्रा हंगामा न करती। वजह यह थी कि बाथरूम में स्नान करने गई छात्रा ने बाहर निकलकर अन्य छात्राओं को बताया कि शावर से एक कैमरेनुमा वस्तु गिरी है तो सभी वहां पहुंच गईं। कमरा देखने आई छात्रा ने बताया कि यह स्पाई कैमरा है। इससे रिकार्डिंग की जाती है। यह सुनते ही यहां रहने वालीं छात्राओं के चेहरे का रंग उड़ गया। दो-तीन तो रोने लगीं। कमरा देखने आई छात्रा ने हंगामा शुरू कर दिया। पलभर में मामला पुलिस तक पहुंच गया। इस घटना के बाद इस हास?टल की पांच छात्राएं यहां से अपना सामान समेटकर निकल गईं, जबकि तीन ने अपनी सहेलियों के यहां शरण ले ली है ।

**120 से अधिक हैं गर्ल्स हास्टल :** प्रयागराज शहर में छोटे-बड़े 120 हास्टल हैं। इसमें से कई गलियों में चल रहे हैं। कई के बारे में तो पुलिस को सूचना तक नहीं है कि उनके क्षेत्र में इस तरह के हास्टल हैं। चार-पांच कमरे में चलने वाले इस हास्टल के बारे में मोहल्ले वालों तक को जानकारी नहीं होती है। जब कहीं कोई घटना होती है तब पता चलता है कि यहां हास्टल चल रहा था। इसके पीछे वजह यह है कि अगर भवन स्वामी इसे हास्टल बताएंगे तो बिजली का बिल और भवन, पानी का टैक्स कामर्शियल हो जाएगा। इस वजह से इसे छिपाया जाता है।

**पुलिस को नहीं दी जाती गर्ल्स हॉस्टल की सूचना** गर्ल्स हास्टल के संबंध में पुलिस अफसरों का सख्त निर्देश है कि इसकी जानकारी संबंधित थाने और चौकी में दी जानी चाहिए ताकि छात्राओं की सुरक्षा को लेकर उचित कदम उठाया जा सके। वहीं कुछ लोग अपने फायदे के लिए इन निर्देशों को दरकिनार कर देते हैं।

**राजापुर के फैयाज ने लगाया था कैमरा :** आरोपित आशीष खरे से पूछताछ में पता चला कि शावर में फैयाज नामक युवक ने कैमरा लगाया था। वह राजापुर क्षेत्र का रहने वाला है। शावर में कैमरा लगाते हुए उसकी वीडियो फुटेज भी पुलिस के हाथ लगी है। अब उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस को आशंका है कि उसने कई जगह पर भी इस तरह के गुप्त कैमरे को लगाया होगा। उसके पकड़े जाने के बाद सभी परतें खुलेंगी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बाल श्रम उन्मूलन समिति की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

### कार्यों में लापरवाही पर उप श्रमायुक्त एवं सहायक श्रमायुक्त का वेतन रोकने के दिए निर्देश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में संगम सभागार में बालश्रम उन्मूलन समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने पिछले वर्षों की जानकारी ली तथा उप श्रमायुक्त को निर्देशित किया कि समय से बैठक सुनिश्चित की जाये। 2017 के बाद से अभी तक बैठक न कराये जाने पर उप श्रमायुक्त एवं सहायक श्रमायुक्त का वेतन रोकने के निर्देश दिये है। उन्होंने नया सवेरा योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि ग्राम में कोई भी बच्चा ऐसा नहीं हो, जो विद्यालय में अध्यनरत न हो और न ही किसी ऐसे कार्यों में संलिप्त हो, जो उसे नियमित विद्यालय जाने से रोकता हो और उसके शारीरिक मानसिक एवं शैक्षणिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डालता हो। उन्होंने कहा कि बालश्रम मुक्त घोषित करने का प्रस्ताव पंचायत की बैठक में पास कराकर इसको ब्लाक स्तरीय बाल अधिकार संरक्षण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाये तथा जनपद स्तरीय गठित बालश्रम उन्मूलन समिति का गठन किया जाये। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के 100 दिवसों की कार्य योजना के अन्तर्गत नया सवेरा योजना में प्रत्येक जनपद के 10 चिन्हित हॉटस्पाट (ग्राम पंचायतो/वार्डो) को बाल श्रम से मुक्त घोषित किया जाना है, जिसमें जनपद प्रयागराज के चिन्हित दो विकास खण्डों हण्डिया एवं बहादुरपुर में स्थित 17 ग्राम पंचायतों में बैठकें आयोजित कर बालश्रम मुक्त घोषित कराया गया है। उन्होंने कहा कि बालश्रम उन्मूलन समिति की कार्यों में लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री शिपू गिरि, जिला विकास अधिकारी श्री ए0के0 मौर्या तथा श्रम विभाग के अधिकारीगण सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# उपलब्धियों को गिनाते रहे माननीय, सभा के दौरान कट गई 8 बार बिजली

### अंधेरे में हो गया पुस्तक का विमोचन, विधायक ने बताया तकनीकी खराबी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** शहर के जिला पंचायत सभागार में शुक्रवार को भाजपाई सरकार के 8 साल पूरे होने पर उपलब्धियों का बखान करने जुटे थे। मंच पर प्रदेश सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री व विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह, सांसद रीता बहुगुणा जोशी और केशरीदेवी पटेल समेत अन्य विधायक मौजूद थे। रीता जोशी मंच से जैसे ही खड़ी होती हैं और बोलना शुरू करती हैं, तभी तभी बिजली कट जाती है।करीब 15 मिनट में लगातार 8 बार बिजली कटौती हुई। अंत में सांसद भी मुस्कुराने लगीं और मंच पर बैठे नेता भी। बार-बार बिजली कटौती से परेशान होकर सांसद अपनी बात पूरी किए बगैर ही माइक छोड़ दीं।हाथ जोड़कर बोलीं- अब नहीं बोलूंगी सांसद रीता जोशी को लगातार 8 बार अपने भाषण के दौरान चुप होना पड़ा। लाइट कटते ही सभागार में अंधेरा हो जाता था। अंत में रीता जोशी मंच पर लगे माइक की तरफ बढ़ीं। वहां भी बोलना शुरू करती हैं तो 10 सेकेंड में ही बिजली कट जाती है। सांसद जाकर अपनी कुर्सी पर बैठ जाती हैं और हाथ जोड़ कहती हैं अब मैं नहीं बोलूंगी। सिद्धार्थ नाथ की तरफ इशारा करते हुए कहा, अब आप ही बोलिए।

#### अंधेरे में किया पुस्तक का विमोचन...



जब बिजली कटने लगी तो पूरा कार्यक्रम प्रभावित हो गया। कुछ पदाधिकारियों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन किया, लेकिन अधिकारियों ने कॉल रिसीव नहीं किया। कार्यक्रम में देरी हुई तो अंधेरे में ही भाजपा की उपलब्धियों वाली पुस्तक का विमोचन कर दिया गया। आधे घंटे बाद जनरेटर मंगाया गया और बिजली की समस्या खत्म हुई।

#### बिजली कटौती पर सफाई दी सफाई....

मीडिया ने बिजली कटौती के बारे में जब सिद्धार्थ नाथ सिंह और रीता जोशी से सवाल किया तो वह सफाई देते रहे। कहा कि बिजली कटौती नहीं हो रही थी, तार वगैरह में कुछ खराबी आ रही थी, इसलिए समस्या थी।

## कार्यालय ग्राम पंचायत डीहा वि. ख. करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

वित्तीय वर्ष 2022–23 मे ग्राम पंचायत डीहा विकास खण्ड करछना में कराये जाने वाले विकास कार्यो में मनरेगा, राज्य वित्त/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 04–06–2022 से दिनांक 15–06–2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत डीहा में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 16–06–2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 16–06–2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | शोभनाथ के घर से महाजन निषाद के घर तक ह्यूम पाइप अंडर ग्राउण्ड नाली कार्य | 2.75 लाख | 2 माह |

प्रेम चन्द
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत डीहा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./टेण्डर/ कोटेशन/ 2022-23/ दिनांक

शिव ओम चौधरी
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत डीहा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

# नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**


कार्यक्रम को संबोधित करती जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह

**प्रयागराज।** नमामि गंगे में युवाओं की सहभागिता परियोजना के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज द्वारा 2 दिवसीय ग्रामस्तरीय गंगदूत प्रशिक्षण का शुभारंभ श्रृंगवेरपुर धाम प्रयागराज में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन से किया गया । कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी पांडे ने, जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह , राज्य प्रशिक्षक चन्द्र मणि , राम अवध कुशवाहा, अमरेंद्र मणि, उमेश द्विवेदी उपस्थित रहे । कार्यकम में गंगा ब्लॉक के युवाओं ने प्रति भाग किया । गंगादूत प्रशिक्षण को 50-50 के 2 बैच में चलाया गया ।सर्वप्रथम जिला युवा अधिकारी ने गंगा किनारे से आए हुए गंगा दूतों को सौभाग्यशाली बताया क्योंकि वे गंगा से जुड़े हुए हैं और एक पावन कार्य तथा उद्देश्य हेतु आगे बढ़कर आए हैं। जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से नमामि गंगे परियोजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी और सभी को ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे गंगा स्वछता के प्रयागराज जिले में चल रहे कार्यों के बारे में अवगत कराया । राज्य प्रशिक्षक चंद्रमणि मिश्रा ने नेहरू युवा केंद्र संगठन के बारे में , युवा मंडल के कार्य बारे में सभी युवाओं को जानकारी दी। राम अवध कुशवाहा ने नमामि गंगे जागरूकता कार्यों पर चर्चा करी । इसी क्रम में दिलीप कुमार ओझा, सहायक अध्यापक ने पर्यावरण एवं नदी संरक्षण, जलस्तर और तालाब के विषय में जानकारी दी। शाम के समय सभी ग्राम वासियों को जागरूक करते हुए रैली का आयोजन किया गया एवं घाट पर भव्य आरती का आयोजन किया गया। आरती कार्यक्रम में सभी ने श्रद्धा भाव से गंगा मां की आरती की । कार्यक्रम में विश्वास श्रीवास्तव , वन विभाग, आदि ने किया। कार्यक्रम में स्वयंसेवक रितिका, रोहित अमन, कुलदीप, हिमांशु, दारा, आरती ,अमित का अहम योगदान रहा।

## एक महीने तक गौ सेवा की शर्त पर मिली गोवध के आरोपित को जमानत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने गोवध कानून के तहत गिरफ्तार बरेली जनपद में भोजीपुरा थाना क्षेत्र के सलीम उर्फ कालिया की सशर्त जमानत मंजूर कर ली है। हाई कोर्ट ने याची के वायदे के मुताबिक उसे रिहा होने के एक माह के भीतर बरेली की पंजीकृत गोशाला में एक लाख रुपये जमा करने तथा एक महीने तक गोशाला में गाय की सेवा करने का निर्देश दिया है। साथ ही इलाहाबाद कोर्ट ने कहा कि यदि शर्तों का पालन नहीं किया गया तो जमानत निरस्त करने का आधार होगा। इसके अलावा कोर्ट ने कई अन्य शर्तें भी लगाई है। यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने दिया है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत घोरहट वि. ख. करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

वित्तीय वर्ष 2022–23 मे ग्राम पंचायत घोरहट विकास खण्ड करछना में कराये जाने वाले विकास कार्यो में मनरेगा, राज्य वित्त/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 04–06–2022 से दिनांक 18–06–2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत घोरहट में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 19–06–2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला 19–06–2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | शिव मंदिर से विमलेश राम के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य 100 मीटर | 4.00 लाख | 2 माह |
| 2. | काली रोड से श्याम गिर के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य 120 मीटर | 4.50 लाख | |
| 3. | काली रोड से संजय के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य 100मीटर | 4.50 लाख | 2 माह |
| 4. | हैण्डपम्प रीबोर 10 नग | 3.50 लाख | 2 माह |
| 5. | अमरनाथ के घर से बाग तक इण्टरलाकिंग कार्य | 3.50 लाख | 2 माह |

कृष्णा कली
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत घोरहट
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./टेण्डर/ कोटेशन/ 2022-23/ दिनांक

अब्दुलवारी
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत घोरहट
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

## संगम नगरी में 14 सौ करोड़ रुपये के निवेश से बनेगा औद्योगिक माहौल

**प्रयागराज।** कभी औद्योगिक हब के रूप में मशहूर रहे प्रयागराज में फिर औद्योगिक माहौल बनने की उम्मीद तेज हो गई है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-तीन के तहत संगम नगरी में 1400 करोड़ रुपये के बड़े निवेश से भविष्य में भी नए उद्योगों की संभावना बढ़ गई है।निवेश परियोजनाओं के ग्राउंड ब्रेकिग समारोह-तीन के आयोजन का संगम सभागार में सजीव प्रसारण हुआ। इसमें तीन करोड़ तक का निवेश करने वाले पांच उद्यमियों व इकाइयों को ओडीओपी गिफ्ट से सम्मानित किया गया। बड़ा निवेश करने वाले पांच निवेशकों केजेएस सीमेंट (400 करोड़), इको प्लस सीमेंट इंडस्ट्रीज (280 करोड़), शिरडी साईं इलेक्ट्रिकल्स (200 करोड़), महाकौशल एग्रीकाप इंडिया (165 करोड़) तथा मंगलौर मिनरल्स (50 करोड़) को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। औद्योगिक संगठनों के छह पदाधिकारियों को उद्योगों के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

**1400 रुपये करोड़ के निवेश से जनपद में युवाओं को रोजगार उपलब्ध होगा** डीएम संजय कुमार खत्री ने कहा कि आज जनपद में लगभग 1400 करोड़ रुपये का निवेश किया गया, जिससे औद्योगिक वातावरण को बनाने में मदद मिलेगी। जनपद में युवाओं को रोजगार उपलब्ध होगा। साथ ही उद्यमियों में स्वावलंबन की भावना भी उत्पन्न होगी। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक फाफामऊ गुरु प्रसाद मौर्या, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी ने उद्यमियों को प्रोत्साहित किया। उपायुक्त उद्योग अजय कुमार चौरसिया, डा.विभा मिश्रा, विनय टंडन, जीएस दरबारी, अनिल अग्रवाल, राजीव नैय्यर मौजूद रहे।

**तीन वर्षों में लगीं डेढ़ हजार छोटी-बड़ीं इकाइयां :** उपायुक्त उद्योग अजय कुमार चौरसिया ने बताया कि प्रयागराज में औद्योगीकरण तेजी से शुरू हुआ है। पिछले तीन वर्षों में जिले में लगभग डेढ़ हजार छोटी-बड़ी इकाइयां स्थापित की गईं। यही नहीं विभाग की वेबसाइट पर जुलाई 2021 से अब तक उद्यम लगाने के लिए लगभग 20 हजार लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इसमें काफी संख्या में युवा हैं।

## कार्यालय ग्राम पंचायत देवापुर वि. ख. सहसों, प्रयागराज

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत में पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से मनरेगा/पंचम वित्त/15वां वित्त योजना अन्तर्गत निम्मलिखित 04–06–2022 से 08–06–2022 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा 09 –06–2022 को 11 बजे निविदादातओं के समक्ष अद्योहस्ताक्षरी द्वारा गठित कमेटी द्वारा खोला जायेगा।
कार्य/परियोजना का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र0 | कार्य का विवरण | स्वीकृत प्राक्लन की धनराशि (श्रम + सामाग्री) | माप (मीटर में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | प्रतिभूति की धनराशि 2 प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंचायत भवन का निर्माण | 17.48 लाख | 13 X 9 मीटर | 2 माह | 34960.00 |

टेण्डर/ निविदा की शर्तें :– 1. उपरोक्त कार्य हेतु निविदा केवल पंजीकृत द्वारा ही ठेकेदारी का वैध प्रमाण पत्र दिखाने पर व प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करने पर ही डाला जायेगा। निविदा के साथ पैनकार्ड की छायाप्रति एवं जी.एस.टी से सम्बन्धित व्यापार कर के पंजीयन की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है । 2. टेण्डर/निविदा फार्म का मूल्य 300 रूपये है। निविदा के साथ 100 रूपये का स्टाम्प पेपर संलग्न करना आवश्यक है।बिल आफ क्वान्टिटी निविदा फर्म के साथ उपलब्ध करायी जायेगी एवं तदानुसार स्वीकार की जायेगी । 3. टेण्डर/निविदा स्वीकृत होने पर 3 दिन के अन्दर प्रतिभूति की धनराशि ग्राम पंचायत थानापुर के नाम से बंधक करना अनिवार्य होगा तथा प्रशासन द्वारा निर्धारित मूल्य के स्टैम्प पर अनुबन्ध करना तथा समय सीमा के अन्दर कार्य पूर्ण करना आवश्यक होगा । 4. टेण्डर/निविदा से संबन्धित अन्य जानकारियां किसी भी कार्य दिवस के अन्दर अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है । 5.टेण्डर/निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अंतिम अधिकार बिना किसी कारण बताए अद्योहस्तारी को पूर्णत: निहित है ।

अनिल सरोज
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत देवापुर
वि. ख. सहसों, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/निविदा/2022-23 दिनांक

अजय कुमार राना
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत देवापुर
वि. ख. सहसों, प्रयागराज।

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर में हुई एक युवक की मौत, घर में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बुधवार की रात दो बाइक पर सवार युवकों में गुरुवार की देर रात एक युवक की प्रयागराज में इलाज के दौरान मौत हो गई। उसे गंभीर दशा में पट्टी नगर स्थित सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से प्रतापगढ़ जिले मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया था लेकिन मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने उसे प्रयागराज स्थित एसआरएन हॉस्पिटल में रेफर कर दिया था जहां पर गुरुवार की देर रात उसकी मौत हो गई मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के कोहराव गांव के रहने वाले दीपचंद शर्मा (25) अपने दोस्त विशाल वर्मा (24) के साथ बुधवार रात बाइक से वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए रानीगंज तहसील के जामताली बाजार जा रहा था। रास्ते में बाइक में पेट्रोल डलवाने के बाद वह बाईपास से गुजर रहे थे तभी सामने से आ रहे बाइक सवार अतुल सिंह (27) निवासी लखीपुर कप्सा से उसकी टक्कर हो गई इस हादसे में तीनों युवकों को गंभीर चोटे आई।

भीषण टक्कर के बाद तीनों के सिर में गंभीर चोट आ गई । तीनो गंभीर दशा में सड़क पर जा गिरे और लहूलुहान हो गए। मौजूद लोग भीषण टक्कर को देखकर वहां पर पहुंचे और पट्टी कोतवाली पुलिस को सूचना दिए पट्टी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस की सहायता से तीनों घायलों को पट्टी नगर स्थित सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई जहां पर तीनों के सिर पर गंभीर चोटें आई हुई थी मोबाइल की सहायता से पुलिस ने उनके परिजनों को सूचित किया उसके बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर दशा को देखते हुए जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया था।

जिला मेडिकल कॉलेज में अतुल सिंह व विशाल वर्मा की तबीयत नार्मल बताई गई लेकिन दीपचंद्र को प्रयागराज इलाज के लिए भेज दिया गया जहां पर डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया दीपचंद की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

## रंजिश में युवक को पीटकर किया मरणासन्न, आरोपी पर केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रंजिश के चलते युवक की पिटाई के मामले पर आरोपी पर केस दर्ज किया गया है। लालगंज कोतवाली के अगई निवासी ओमप्रकाश के पुत्र जीतेश पाण्डेय ने कोतवाली मे तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव के सुशील उर्फ रजने ने गुरूवार की सुबह सात बजे घर मे घुसकर लोहे की राड से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। विवाद के दौरान आरोपी का मोबाइल फोन भी मौके पर गिर गया। शिकायत के आधार पर आरोपी सुशील के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज करने के बाद रानीगंज कैथौला चैकी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रिश्तेदारी आए युवक की नशे के चलते मौत

### नशीला पदार्थ बेचने वालों के विरुद्ध एस पी से की कार्यवाही की मांग

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** रिश्तेदारी आए युवक की नशे का इंजेक्शन लगाने से हुई मौत से नाराज सैकड़ों ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर नशे के कारोबारियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की है। अंतू थाना क्षेत्र के सड़वा चंडिका ग्राम सभा के अदमापुर गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक को उनके कार्यालय पर प्रार्थना पत्र देकर नशा बेचने वाले लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की है। उनका आरोप है कि कोहंडौर थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवपुर कला निवासी संगम सिंह (35) अंतू थाना क्षेत्र के अदमापुर गांव में एक जून को अपने रिश्तेदारी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त गांव में करीब दर्जन भर लोग स्मैक का कारोबार करते हैं। तथा क्षेत्र में उक्त नशीला पदार्थ बेचकर नई पीढ़ी को बर्बाद कर रहे हैं। रिश्तेदारी आए हुए उक्त युवक संगम सिंह को भी एक जून को उक्त नशे के कारोबारियों ने एविल में स्मैक मिलाकर इंजेक्शन लगवा दिया, जिसके चलते उक्त युवक की मौत हो गई जिसे लेकर नाराज सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने प्रधान प्रतिनिधि दिलीप सिंह जनसेवक के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक से मिलकर अपनी व्यथा बताई तथा उक्त नशा कारोबारियों के विरुद्ध कानून कार्यवाही की मांग की है।

# धारदार हथियार से अज्ञात युवक की नसों को काट कर की निर्मम हत्या, शव नदी में फेंका

### लालगंज के कैथौला सई नदी के ककरहा घाट पर ही घटना को दिया गया अंजाम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र की सई नदी कैथौला के ककरहा घाट पर एक अज्ञात युवक की धारदार हथियार से उसकी नसों को काट कर हत्या कर शव को नदी में फेंक दिया गया। सुबह शौच को गए ग्रामीणों ने नदी में शव को देख कर स्तब्ध रह गए।घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के कैथौला की सई नदी के ककरहा घाट पर गुरुवार की रात एक युवक की धारदार हथियार से हत्या करके नदी में फेंक दिया गया। शुकवार की सुबह शौच के लिए गए ग्रामीणों ने देखा कि एक युवक (22) का शव नदी में पड़ा हुआ है और घाट पर खून के साथ ही विलकिंसन की ब्लेड़ पड़ी हुई है।

ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही रानीगंज कैथौला चैकी प्रभारी निकेत भारद्वाज पहुँच गए। देखते ही देखते सीओ व कोतवाल भी भारी पुलिस बल के साथ ही आस-पास के ग्रामीणों की भीड़ भी जमा हो गई। ककरहा घाट पर खून व ब्लेड़ मिलने से साफ लग रहा है कि युवक को यहां



नदी में मिले शव की जांच-पड़ताल करते पुलिस कर्मी।

लाकर उसकी हत्या कर नदी में फेंक दिया गया।मृतक के गले में ,बाएं हाथ व बांए पैर की नसों को ब्लेड़ से काटा गया था। मृतक का खून बह जाने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस मृतक युवक की शिनाख्त के साथ ही हत्या की वजह की जाँच में जुट गई है।

## भूमिधरी की जमीन पर अवैध निर्माण की शिकायत

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के बेलहा निवासी राजबहादुर सिंह का आरोप है कि भूमिधरी की जमीन पर हिरऊ का पुरवा निवासी एक आरोपी जबरन ईंट रखकर अवैध निर्माण कर रहा है। आरोपी दबंग किस्म का है, विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में अवैध निर्माण रोके जाने की मांग की है। कोतवाल ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## दबंगों ने समाधि को तोड़कर किया नष्ट

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक की कानून ब्यवस्था को दर किनारे करते हुए गांव के एक दबंग परिवार के सदस्यों ने मृतक की पक्की बनी समाधि स्थल को फावड़ा हथौड़ा से नष्ट कर दिया विरोध करने पर परिजनों को जान से मारने के लिए दौड़ पड़े। नवाबगंज थाना क्षेत्र के कोथरिया मौजा कडरौ निवासी राम प्यारे ने पुलिस को दिए गए तहरीर में शिकायत कर आरोप लगाया है कि गांव के दबंग परिवार ने शुक्रवार की सुबह लगभग सात बजे फावड़ा हथौड़ा लेकर मेरे मृतक माता पिता की पक्की बनी समाधि स्थल को तोड़फोड़ कर नष्ट कर दिया। जानकारी होने पर जब मौके पर विरोध करने पहुँचा तो उक्त हमलावर फावड़ा हथौड़ा लेकर मुझे जान से मारने के लिए दौड़ पड़े मैं किसी तरह अपनी जान बचाकर वहा से भाग गया। घटना से दुखी पीड़ित परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से जान माल की गुहार लगाई है।

## डिवाइडरों में लगी हरियारी को बनाये रखने का हो रहा प्रयास

### नगर पालिका रोस्टर बनाकर नियमित रुप से करती है सिंचाई

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** इस भीषण गर्मी में पेड़-पौधे झुलसने लगे हैं। इनकी सुरक्षा भी एक मुश्किल कार्य है लेकिन नगर पालिका अम्बेडकर चैराहा से पुलिस लाइन तक तथा कम्पनी गार्डेन के सामने बने डिवाइडरों में लगे पौधों की सिंचाई करवा रही है जिससे उसकी हरियाली बनी रहे।

बता दें कि नगर को हरा-भरा बनाने के लिये रेलवे स्टेशन रोड, कम्पनी गार्डेन के सामने तथा अम्बेडकर चैराहा से पुलिस लाइन तक बने डिवाइडरों में फूल-पौधों की क्यारियां लगाई गई है, जो इस गर्मी में भी हरी-भरी दिखाई दे रही है। इसका मुख्य कारण है कि इनको इस भीषण गर्मी में भी नियमित सिंचाई कर गर्मी की आग से झुलसने से बचा लिया गया। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व




डिवाइडरों में लगे पौधों की सिंचाई करते नगर पालिका कर्मी।

अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह के निर्देशन में नगर के पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिये पेड़-पौधों व क्यारियों की सुरक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि रोस्टर के अनुसार नियमित रुप से डिवाइडरों में लगी हरियाली को बनाये रखने के लिये नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा सिंचाई की जा रही है।

## दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, तीन घायल

अखंड भारत संदेश

**बाघराय, प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के काशीपुरडुबकी गांव मे रामनरेश व अंकितकुमार के बीच लंबे समय से पुरानी रंजिश चली आ रही है। बीते गुरुवार की देर रात्रि किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी कहासुनी बढ गई दोनों पक्षों ने लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। एक पक्ष से रामनरेश (40) वर्ष पुत्र लल्लू एवं सुधि (16) वर्ष पुत्री रामनरेश व दूसरे पक्ष से अंकित कुमार (22) वर्ष पुत्र द्वारिका प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी भाइयों को सीएचसी बाघराय ले आया गया जहां डॉक्टरों ने प्रारंभिक इलाज के बाद रामनरेश एवं उनकी बेटी सुधि को इलाज हेतु डाक्टरों ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

## मवेशी को बचाने के चक्कर में व्यापारी बाइक सहित पलटा

अखंड भारत संदेश

**बाघराय, प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के नारंगपुर गांव निवासी मिष्ठान विक्रेता अरूण कुमार यादव (50) वर्ष अपनी बाइक से घर से अपनी दुकान मंडल भासौं बाजार जा रहे थे। रास्ते में रोर गांव के पास मवेशी को बचाने के चक्कर में बाइक सहित पलट कर गिर पड़े। आस पास के लोगों ने उन्हें सीएचसी बाघराय पहुंचाया जहां डाक्टरों ने प्रारंभिक इलाज के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

## भयहरणनाथ धाम में 5 जून को प्रकृति महायज्ञ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरणनाथ धाम में विष्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को प्रकृति महायज्ञ का आयोजन प्रबन्ध समिति व भयहरणनाथ धाम ऋषिकुलम संस्कृत विद्यालय द्वारा होगा। धाम परिसर में सांकेतिक पौध रोपित कर बरसात में शिवगंगा तालाब व बकुलाही नदी के किनारे व्यापक पौधरोपण अभियान की शुरूवात होगी। साथ ही जन सहयोग तथा लोक भागीदारी व सरकार के सहयोग से पुनरोद्धारित बकुलाही नदी की प्राचीन 21.4 किमी0 धारा को सदानीरा रखने हेतु साझा श्रम व संसाधन से डायवर्जन बांध बनाने पर विचार कर पहल होगी। यह जानकारी भयहरणनाथ धाम के महासचिव व बकुलाही नदी पुनरोद्धार अभियान के संयोजक समाज शेखर ने दी।

# कोतवाली व सीओ दफ्तर का औचक निरीक्षण करने पहुंचे एसपी, खामियों पर लगाई फटकार

### एक घण्टे से अधिक समय तक लालगंज में रूके एसपी, पुलिसकर्मियों की बंधी रही घिघ्घी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले के पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिम में देर रात कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। कोतवाली के साथ सीओ ऑफिस का निरीक्षण कर एसपी ने पुलिसकर्मियों को खामियां मिलने पर फटकार लगाते हुए ठीक प्रकार से कार्य संपादित करने की नसीहत दी। एसपी के एक घंटे निरीक्षण में पुलिसकर्मी हलकान दिखाई दिए। पुलिस अधीक्षक रात साढ़े नौ बजे जिला मुख्यालय के लिए रवाना हुए तब पुलिसकर्मियों ने राहत की सांस ली। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिम गुरुवार की रात आठ बजे अचानक लालगंज सीओ ऑफिस पहुंच गए। सीओ कार्यालय के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने यहां मिली खामियां से दूर करने के लिए सीओ को निर्देश जारी किया। पुलिसकर्मियों की डेस्क पटल का बारीकी से निरीक्षण कर खामियों को दूर करने के लिए सम्बंधित कर्मियों को कर्रा किया। यहां अभिलेखों के रख-रखाव को लेकर भी एसपी ने मातहतों को नसीहत दी। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल कोतवाली का औचक निरीक्षण किया और कोतवाल कमलेश पाल को उचित दिशा निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक में कोतवाली कार्यालय का निरीक्षण



लालगंज कोतवाली का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल

किया और यहां मिनी क्राइम, एचएस समेत विभिन्न रजिस्टर के रख रखाव को बारीकी से चेक किया। इसके पश्चात एसपी ने महिला हेल्प डेस्क का अवलोकन किया और महिलाओं को सरल व सुलभ न्याय चैबीस घण्टे के भीतर दिए जाने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने भारी संख्या में लावारिस वाहनों को खड़ा देख कोतवाल कमलेश पाल से इसकी विभागीय नियमानुसार नीलामी कराये जाने की प्रक्रिया शुरू कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही एसपी ने नीलामी प्रक्रिया पूर्ण होने तक वाहनों को कोतवाली परिसर मे कहीं अन्यत्र रखवाए जाने का निर्देश दिया। कोतवाल कमलेश पाल व सीओ रामसूरत सोनकर ने एसपी को वांछित जानकारियां प्रदान की। एसपी ने साफ कहा कि आपराधिक घटनाएं बढ़ी तो सम्बन्धित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। एसपी एक घंटे तक लालगंज कोतवाली व सीओ ऑफिस में रहने के दौरान यहां मौजूद दरोगा व सिपाहियों की जान हलक में अटकी रही। इस मौके पर सीओ रामसूरत सोनकर, कोतवाल कमलेश पाल, उप निरीक्षक राजेश यादव, उप निरीक्षक अवनीश कुमार यादव, उपनिरीक्षक जावेद खान, योगेन्द्र सिंह, अरविंद कुमार, प्रेम कुमार आदि मौजूद रहे।

## सिखों के पांचवें गुरु अर्जुद देव का मना शहीदी दिवस

### गुरुद्वारा में हुआ सबद कीर्तन का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव का शहीदी दिवस गुरुद्वारा नानक शाही बाबा गंज व गुरुद्वारा सिंह सभा पंजाबी कालोनी में बड़े प्यार व श्रद्धा से मनाया गया, जिसमे सुबह साढे. आठ बजे पाठ साहिब की समाप्ति हुई। तत्पश्चात गियानी विपिन प्रीत सिंह व मनोहर सिंह ने शब्द कीर्तन गायन किया। ऐसी कथा है कि इनकी शहादत के पीछे तीन लोगों की दुश्मनी का बड़ा हाथ था। इस तीनों दुश्मनों के नाम हैं पृथ्वी चंद, चंदू और जहांगीर। पृथ्वी चंद की दुश्मनी की वजह यह थी कि उन्हें उनके पिता गुरु अमरदास की गद्दी का योग्य उत्तराधिकारी नहीं समझा गया। इस बात से पृथ्वी चंद आहत हुआ और खुद को अपमानित महसूस करने लगा। खास बात यह है रही कि पृथ्वी चंद ने गुरु गद्दी हासिल करने का यह अर्थ नहीं समझा था कि इससे सेवा का अवसर मिलेगा।

# तीन करोड़ से कम निवेश करने वाली कम्पनी को किया गया सम्मानित

### नरेन्द्र मोदी के 1406 परियोजनाओं के कार्यक्रम का अफीम कोठी में हुआ सजीव प्रसारण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नरेंद्र मोदी द्वारा 1406 परियोजनाओं का भूमि पूजन कर शिलान्यास कार्यक्रम का सजीव प्रसारण क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी में किया गया, जिसमें जनपद के जनप्रतिनिधियों, उद्यमियों, व्यापारीगण मौजूद रहे। कार्यक्रम में सदर विधायक राजेंद्र मौर्य एवम विश्वनाथगंज विधायक जीत लाल पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चैरसिया द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में निवेश करने वाली श्क्लीन सोलर रूफटॉप व नंदनी इंफ्रास्ट्रक्चर को प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में जनपद की तरफ से प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त हुआ है। जनपद



नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम को देखते सीडीओ, विधायक व अन्य व्यापारीगण

स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों द्वारा तीन करोड़ से कम निवेश करने वाली औद्योगिक इकाई के रूप में चिन्हित एमबी फूड एंड एग्रो कंपनी को ओडीओपी गिफ्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अग्रणी बैंक प्रबंधक अमित बाजपेई,उद्यमियों में मो0 अनाम, चंद्र प्रकाश शुक्ला, रोशन लाल उमर वैश्य, राजेंद्र केसरवानी, सुनील गोयल, प्रताप आहूजा आदि मौजूद थे।

## मांगों को लेकर बीएसए से मिला राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का प्रतिनिधिमण्डल

### महासंघ की मांगों पर बीएसए ने जताई सहमति

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (प्राथमिक संवर्ग) का एक प्रतिनिधिमण्डल जिलाध्यक्ष अशोक राय के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह से मिला। आज की वार्ता में जिलाध्यक्ष द्वारा विगत दिनों महासंघ द्वारा की गई कई माँगों का हवाला देते हुए उनके हल करने की समय सीमा पर चर्चा की गई। पिछली सभी भर्तियों के लम्बित सत्यापनों की सूची जारी करने पर बी.एस.ए. ने सहमति



बीएसए से मुलाकात करते राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी।

जताई और सभी पटल सहायकों को इस सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। प्रतिनिधिमण्डल के सामने पेश हुए हरिओमकार बख्श सिंह ने अपने से सम्बन्धित भर्ती के कम्पलीट मामलों की सत्यापन सूची (एरियर आदेश) 15 जून या उसके पहले ही जारी करने की बात मानी। इसी प्रकार विद्यालयों में होने वाली चोरियों के सम्बन्ध में सुनिश्चित प्राथमिकी दर्ज करने की संगठन की मांग के सम्बन्ध में जिलाधिकारी/पुलिस अधीक्षक महोदय को पत्र लिखने हेतु निर्देश दिया गया। पदोन्नति हेतु वरिष्ठता सूची जारी करने के विषय में भी शीघ्र ही बी.एस.ए. द्वारा आदेश निकालने की बात मानी गई। प्रतिनिधिमण्डल में जिलाध्यक्ष अशोक राय के साथ जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक वैश्य, जिला संगठन मंत्री राजीव सिंह, जिला कोषाध्यक्ष कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, जिला संयुक्त मंत्री/मान्धाता मंत्री सत्येन्द्र शुक्ल और मान्धाता ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश सिंह आदि शामिल रहे।

## बाइक चोरी के मामले मे अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाइक चोरी के मामले मे अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। लालगंज कोतवाली के खरगपुर निवासी अहिबरन सिंह के पुत्र विजयभान सिंह ने कोतवाली मे दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती उन्तीस मई की रात नौ बजे सराय संसारा गांव से उसकी बाइक अज्ञात चोर ले उड़े। काफी तलाश के बाद बाइक के बारे मे कोई सुराग नही लग सका। मामले मे पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ बाइक चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप



### संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से गृहस्थी जल कर खाक

**कोखराज कौशाम्बी।** थाना कोखराज क्षेत्र के कशिया पश्चिम गांव में बीती रात लगभग 11..00 बजे झल्लर पुत्र पाते अपने परिजनों के साथ बाहर सो रहा था तभी अचानक घर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गयी आग की तेज लपट से परिजन उठ गए आग बुझाने के लिए चिल्लाने लगे आग बहुत तेज थी जिस पर फायर ब्रिगेड को सूचना दी गयी फायर ब्रिगेड के आने तक घर पर सभी सामान जल कर खाक हो गया था परिजनों ने बताया कि इस जमीन पर बने घर का पड़ोसी से विवाद भी चल रहा था।

# लखनऊ में आयोजित तृतीय ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी का जनपद में किया गया सजीव प्रसारण

**अखंड भारत संदेश**

### सासंद ने जनपद में निवेशकताओं को उपहार भेंट कर किया सम्मानित
### सांसद ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को किया प्रमाण पत्र का वितरण



सजीव प्रसारण के समय मौजूद डीएम सांसद व अन्य

**कौशाम्बी।** प्रधानमंत्री द्वारा इन्दिरा गॉधी प्रतिष्ठान लखनऊ में आयोजित औद्योगिक परियोजनाओं की तृतीय ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी समारोह में 80 हजार 224 करोड़ की 1406 औद्योगिक परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया इसका सजीव प्रसारण उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में किया गया एवं कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थीगण एवं गणमान्य लोगों ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना प्रधानमंत्री द्वारा परियोजनाओं के शिलान्यास से प्रदेश में 05 लाख युवाओं को रोजगार के अवसर पॉवर टेक्सटाइल आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर निवेश से अर्थव्यवस्था को मजबूती कृषि आधारित खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना से किसानों की आय में वृद्धि रक्षा उपकरणों के उत्पादन से रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा एवं सीमेन्ट इकाइयों की स्थापना से निर्माण क्षेत्रों में मजबूती मिलेंगी।

सांसद विनोद सोनकर द्वारा उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जनपद में निवेश करने वाले सचिन कुमार फर्म-मै0 मॉ अन्नपूर्णा राइस इंडस्ट्रीज सुभाष चन्द्र फर्म-मै0 रिद्धि सिद्धि इंटरप्राजेज (राइस मील) तथा मोहित रस्तोगी फर्म-मै0 महावीर एग्रो एण्ड फूड प्रोडक्टस (फ्लोर मील) को उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया सांसद ने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की लाभार्थी तबस्सुम बानों को 05 लाख रुपए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के लाभार्थी नरेश कुमार को 05 लाख एवं ओडीओपी की लाभार्थी राधा साहू को 10 लाख का चेक वितरित किया तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत चयनित लाभार्थी-शुभम सोनी मिश्री लाल, ममता देवी, कल्पना देवी माया देवी शीला देवी शकुन्तला उर्मिला देवी एवं रानी को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किया। इसके साथ ही सांसद ने एक उत्पाद-एक प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना के अन्तर्गत चयनित लाभार्थी-कल्पना देवी रेनू देवी गुन्जना देवी शकुन्तला देवी डाली वर्षा पूनम श्रीवास्तव पूजा देवी सुषमा देवी नीलू देवी ऊषा देवी अर्जुन कुमार सुरेश चन्द्र एवं लवकुश कुमार को प्रमाण पत्र वितरित किया।

सांसद ने सम्बोधन के दौरान विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को प्रेरित किया एवं विभिन्न योजनाओं के तहत ऋण लेने वाले लाभार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जिन उद्देश्यों के लिए प्रशिक्षण लोन लिए हैं उसमें अपनी क्षमतानुसार कार्य करना प्रारम्भ कर तरक्की करें इस कार्य में सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा हरसंभव सहायता उपलब्ध करायी जायेंगी उन्होंने कहा कि स्वरोजगार एक ऐसा माध्यम हैं जिसमें आप स्वयं रोजगार के साथ ही दूसरों को भी रोजगार देने का कार्य करते हैं एवं सरकार आपकी सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जनपद कौशाम्बी में पर्यटन एवं स्वरोजगार के माध्यम से गरीबी एवं पिछड़ेपन को दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जनपद को बौद्ध एवं रामायण सर्किट से जोड़ा जा रहा है, जनपद कौशाम्बी ऐतिहासिक दृष्टि से गौरवशाली एवं वैभवशाली जनपद हैं। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा हैं कि प्रत्येक जनपद की गौरवशाली एवं वैभवशाली इतिहास को एक चैप्टर के रूप में बच्चों को पढ़ाया जाय सांसद ने कहा कि आगामी 10 वर्षों में जनपद की दशा व दिशा बदलने वाली है और यह स्वयं सहायता समूह को प्रोत्साहित कर एवं पर्यटन का हब बनने से होगा। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा जनपद में टिशू कल्चर लैब की शुरूआत की जा रहीं है जो आगामी 06 माह में शुरू हो जायेंगा, जिससे जनपद के किसानों को अन्य जनपद एवं प्रदेशों में नहीं जाना पडेगा, जनपद में ही गुणवत्तापूर्ण एवं कम दाम में उपलब्ध हो जायेंगा उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने विगत 08 वर्षों में समाज के सभी वर्गो के कल्याण के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनायें संचालित की हैं एवं अनेक विकास के कार्य करायें हैं सांसद ने कहा कि समाज में एक ऐसा वातावरण का निर्माण किया जाय, जिसमें रोजगार का मतलब नौकरी ही नहीं स्वरोजगार भी हो उन्होंने कहा कि जनपद में 75 अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होंने जनपद वासियों से अमृत सरोवर के निर्माण कार्य में श्रमदान करने का भी आवाह्न करते हुए कहा कि यह आजादी के 75वें वर्ष की याद में बनाया जा रहा है, जो एक यादगार स्मारक के रूप में बनेंगा तथा पर्यटन का केन्द्र भी होगा अमृत सरोवर के निर्माण कार्य में श्रमदान करने वालों का नाम सुनहरे अक्षरों से लिखा जायेंगा। उन्होंने कहा कि जनपद में 75 मिनी स्टेडियम का भी निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरू कराया जायेंगा इस अवसर पर पूर्व विधायकगण शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल एवं लाल बहादुर चेयरमैन डीसीएफ चन्द्रदत्त शुक्ला जिलाधिकारी सुजीत कुमार, मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी उपायुक्त उद्योग एस सिद्दीकी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं लाभार्थी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### सेंट लगाकर एसी में घूम रहे साहब! गन्दगी से परेशान यात्री

**कौशाम्बी।** आम जनता को अधिकारी किस तरह से दुत्कार रहे हैं इसका जीता जागता उदाहरण पश्चिम शरीरा की टैक्सी स्टैंड में देखा जा सकता है नगर पंचायत पश्चिम शरीरा के अधिशासी अधिकारी कार्यालय से लेकर अपने लग्जरी कार में सेंट छिड़ककर एसी में घूम रहे हैं और आम जनता के लिए टैक्सी स्टैंड वहां बनाया गया है जहां पूरा परिषद गंदगी से भरा है कई वर्षों से सूअर और कुत्ते परिसर में मल मूत्र कर रहे हैं परिसर की सफाई नहीं कराई गई है गंदगी के चलते टैक्सी स्टैंड में 2 मिनट खड़ा होना भी यात्रियों को मुश्किल है जिससे यात्री अधिशासी अधिकारी को भला बुरा कह रहे हैं लेकिन उसके स्वभाव पर परिवर्तन नहीं हो रहा है।

### शत्रु संपत्ति विवाद है विचाराधीन

**कौशाम्बी।** चकबन्दी अधिकारी आरके सिंह ने अवगत कराया है कि राजस्व ग्राम मंझनपुर की गाटा संख्या-12, 13, 17, 104 क, 132, 173,174,253, 256, 261,284, 285 एवं 286 बावत शत्रु सम्पत्ति न्यायालय चकबन्दी अधिकारी मंझनपुर स्थित तहसील परिसर मंझनपुर (पुराना भवन) में पुर्नस्थापन वाद विचाराधीन है अग्रिम तिथि 06 जून 2022 नियत है जिसमें कुल 149 पक्षकार बनाये गये हैं।

# बोलेरो से टकराई पंप मालिक की कार गंभीर घायल

**अखंड भारत संदेश**

### हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने इलाहाबाद किया रेफर



हादसे के बाद घटनास्थल पर जुटी भीड़

**पश्चिम शरीरा कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के निबिया गांव में पेट्रोल पंप का संचालन करने वाले की कार में बोलेरो सवार ने जोरदार टक्कर मार दी है जिससे पंप संचालक को गंभीर चोटें आई हैं घायल अवस्था में पश्चिम शरीरा थानेदार ने उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें इलाहाबाद रेफर कर दिया है जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है पंप संचालक फतेहपुर जनपद के लोहार पुर के निवासी बताए जाते हैं मामले की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए हैं। जानकारी के मुताबिक फतेहपुर जनपद के लोहार पुर गांव निवासी विकास मिश्रा ने पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के निबिया गांव में पेट्रोल पंप खोल लिया है वह अपने घर से प्रतिदिन पंप की देखरेख के लिए आते हैं शुक्रवार को कार में सवार होकर पंप से वापस विकास मिश्रा अपने गांव लोहार पुर जा रहे थे जैसे ही विकास मिश्रा पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पुनवार के पास पहुंचे सामने से आ रहे बोलेरो ने विकास मिश्रा की कार में टक्कर मार दी इस हादसे में विकास मिश्रा को गंभीर चोटें आई हैं जनपद न्यायालय में एक आरोपी को हाजिर कराने के बाद पश्चिम सरीरा थानेदार वापस थाना लौट रहे थे हादसे को देखकर वह घटनास्थल पर रुक गए और घायल विकास मिश्रा को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया है लेकिन हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें इलाहाबाद रेफर कर दिया है पुलिस ने वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है बताया जाता है कि बोलेरो मालिक सराय अकिल थाना क्षेत्र के बसुहार गांव के निवासी है।

# खबर लिखे जाने पर सरकारी नलकूप ओसा की जांच शुरू

**अखंड भारत संदेश**

### नलकूप ऑपरेटर उच्चाधिकारियो को कर रहा गुमराह

**कौशाम्बी।** चार नलकूप चलाने की ड्यूटी एक ऑपरेटर को मिली है और वह ड्यूटी करने के बजाय प्राइवेट आदमियों को नलकूप की जिम्मेदारी सौंप कर वसूली करवा रहा है मामले की शिकायत खबर के माध्यम से अधिकारियों से हुई जिस पर जांच शुरू हो गई लेकिन फिर भी पर किसानों को डरा धमका कर झूठी रिपोर्ट बनवाकर अधिकारियों को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है।

ओसा स्थित 21 ल्ल नलकूप में नियुक्त ऑपरेटर खुद ड्यूटी न कर- के गाँव के ही दबंग व्यक्ति को नलकूप चलाने का ठेका दे रखा है जिससे आये दिन किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। हिंदी दैनिक समाचार पत्र अखंड भारत संदेश ने न्यूज को प्रमुखता से प्रकाशित किया था जिससे तमतमाये ऑपरेटर ओसा नलकूप पहुचे थे जहाँ किसानों से काफी बहस करने लगे किसानों ने कहा की समरसेबुल चलाने की जिम्मेदारी आपकी है। लेकिन आप छह माह में एक बार आते हो। और वसूली का हिसाब लेकर चले जाते हैं

इसका जवाब ऑपरेटर के पास नही था। ऑपरेटर ने किसानों को भी गुमराह करते हुए बताया कि मेरे पास सात समरसेबुल है। कहा कहा जाऊ जबकि ऑपरेटर के पास मौजूदा समय मे चार समरसेबुल देखरेख में है। और इन चारों का यही हाल है। दो समरसेबुल तो ओसा में ही है एक गौरा और एक उमरा भद्दुरपुर में है व्याप्त भरस्टाचार की मुख्यमंत्री पोर्टल में भी शिकायत दर्ज है। लेकिन जाँच के नाम पर अधिशासी अभियंता नलकूप को जिम्मेदारी मिलती है लेकिन कुछ चाटुकार किसानों को मिलाकर जाँच पूरी कर पोर्टल की शिकायत बन्द करा दी जाती है। घर पर बैठकर हजारो की तनख्वाह लेने वाले ऑपरेटर पर कार्यवाही न होने से मनबढ़ ऑपरेटर के हौसले बुलंद है। और अधिकारियो को गुमराह कर यह खेल बरसो से चल रहा है।किसानों की शिकयत को अगर उच्चाधिकारियो ने संज्ञान में लेकर सत्यता की जाँच कराई तो भ्रष्टाचार में लिप्त ऑपरेटर पर कार्यवाही होना तय है।

## न्यूज झरोखा

### टीन से नीचे गिरा किशोर हुई मौत परिजनों में मचा कोहराम



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के त्रिलोक पुर गांव में टीनशेड बना रहा किशोर नीचे गिर गया जिसकी इलाज के दौरान किशोर की मौत हो गयी है जनाकारी के अनुसार पूर्व मंत्री मतेश चंद्र सोनकर की महेश पेट्रोल पम्प के पास सब्जी मंडी बन रही है पिछले दिनों तेज आंधी से टीन शेड बिगड़ गया था कुछे दिनों पहले निखिल उम्र लगभग 13 वर्ष पुत्र रमेश चंद्र सोनकर निवासी त्रिलोक पुर टीन शेड को ठीक कर रहा था कार्य के दौरान किशोर टीन से नीचे गिर गया जिससे किशोर गम्भीर रूप से जख्मी हो गया परिजनों ने इलाज के लिए जिला अस्पताल सहित प्रयागराज में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान बीती रात किशोर की मौत हो गयी है किशोर का शव जब घर पहुंचा ग्रामीणों का मजमा लग गया परिजनों के आरोप पर जाएं तो उनका कहना है किशोर से लालच देकर जबरिया काम कराया जा रहा था परिजनों ने इंसाफ की गुहार लगाई है।सूचना पर स्थानीय कोतवाली ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज कर अन्य आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।

### पत्रकार पर हुए हमले के विरोध में पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन



**कौशाम्बी।** अलीगढ़ जनपद में भारत समाचार के पत्रकार मुकेश गुप्ता के ऊपर बेखौफ हमलावरों ने गोली मारकर प्राणघातक हमला किया है जिसमें मुकेश गुप्ता की हालत गंभीर है इस बात की जानकारी जैसे ही कौशांबी के पत्रकारों को लगी पत्रकारों में आक्रोश फैल गया मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति कौशांबी न्यूज रिपोर्टर क्लब के संयुक्त तत्वाधान में पत्रकारों का जत्था कलेक्ट्रेट पहुँचा और वरिष्ठ पत्रकार रामबदन भार्गव के नेतृत्व में जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए पत्रकार के हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग की है। अलीगढ़ जनपद के पत्रकार मुकेश गुप्ता 2 जून की शाम खबर कवरेज कर वापस लौट रहे थे इसी बीच बाइक सवार बेखौफ हमलावरों ने पत्रकार मुकेश गुप्ता को रोककर गोली मार दी है जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़े हैं गंभीर अवस्था में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत गंभीर है ज्ञापन सौंपते समय पत्रकारों ने कहा कि पत्रकार पर हमला कलम की आवाज दबाने का प्रयास है जिसे पत्रकार कभी बर्दाश्त नहीं करेगा इस मौके पर रामबदन भार्गव ने कहा कि पत्रकार पर हमला करने वाले आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी कराई जाए और उन पर कठोर कार्यवाही की जाए इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार राम बदन भार्गव मोअज्जम खान सुशील केसरवानी रमेश त्रिपाठी आर्यवीर सुशील मिश्रा सरफराज अहमद सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

### नये गेटों के निर्माण कार्य का डीएम ने किया शुभारम्भ



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय के सामने, पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के पास एवं कलेक्ट्रेट में स्थित कार्यालय डीएम से सम्बन्धित बनाये गये पुराने गेटों के स्थान पर नये गेटों के निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर शुभारम्भ किया इन गेटों का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जायेंगा तथा कलेक्ट्रेट के पास नये गेट के निर्माण के साथ ही गार्ड रूम का भी निर्माण किया जायेंगा इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी परियोजना निदेशक जनार्दन सिंह एवं अधिशासी अभियंता लोनिवि हरवंश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### मनौरी बाजार में बिजली बिल जमा कराने का मुहिम जोरो पर



**मनौरी कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने विद्युत बिल के बकाए पर ब्याज में छूट की घोषणा की है जिसकी जानकारी देने के लिए मनौरी पावर हाउस के जेई इन दिनों मनौरी कस्बे में उपभोक्ताओं के घरों में पहुंच कर छूट का लाभ लेते हुए विद्युत बिल जमा करने की सलाह दे रहे हैं। शुक्रवार को मनौरी पावर हाउस के जे ई हरेंद्र सिंह अपने दल बल के साथ मनौरी बाजार पहुँचे और उपभोक्ताओं के घर घर जाकर लोगो से बिजली बिल जमा कराने के लिए कहते नजर आये उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 1 जून 2022 से बिजली बिल में छूट की घोषणा के बारे में लोगो से बताते रहे इस दौरान कस्बे के अवैध कनेक्शन कटिया लगाने वाले पर लगाम कसते वह नजर आये।

### घर घर आयुर्वेद पहुँचाना हमारी प्राथमिकता डॉ भूपेंद्र मणि

#### अँधावा में आयोजित निशुल्क शिविर में सैकड़ों मरीजों की हुई जांच



**पश्चिम शरीरा कौशाम्बी।** राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पश्चिमशरीरा' एवं आरोग्य भारती काशी प्रांत की कौशांबी इकाई के संयुक्त त्वावधान में दिनांक 03 जून दिन शुक्रवार को "आयुष आपके द्वार" के अंतर्गत 'अंधावां' में (शिव मंदिर के पास) निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर का उद्घाटन पूर्व विधायक लाल बहादुर द्वारा भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।शिविर में प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.बी.एम.त्रिपाठी द्वारा 54 पुरुषों एवं 57 महिलाओं सहित 111 रोगियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा फार्मासिस्ट एल.बी.सिंह द्वारा सभी रोगियों को औषधियां वितरित की गयी। इस शिविर में महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता दी गयी।झण्डू फार्मा कंपनी की ओर से 50 मरीजों की हड्डियों की बी.एम.डी. जांच भी निःशुल्क की गयी।पूर्व विधायक लालबहादुर ने लोगों से ज्यादा से ज्यादा आयुर्वेदिक इलाज लेने की अपील की तथा जनसेवा में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय ,पश्चिम शरीरा के प्रयासों की सराहना की।इस अवसर पर मंडलाध्यक्ष बृजेश कुमार मिश्र, कैलाश तिवारी जिला पंचायत सदस्य दिनेश सिंह तथा झण्डू फार्मा की ओर से प्रणय चक्रवर्ती, शिवाकांत दुबे आदि मौजूद थे। चिकित्सा शिविर के भव्य आयोजन में समाज सेवी राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, भगवत प्रसाद शुक्ल, धर्मेन्द्र सिंह एवं अनुज कुमार ने सहयोग दिया।चिकित्सा शिविर के व्यवस्थापक एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अकबर सिंह ने आभार ज्ञापित किया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.बी.एम.त्रिपाठी,एम.डी.(आयुर्वेद) ने सम्मानित जनमानस से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आयुर्वेद अपना कर जीवन को स्वस्थ्य बनाएं है।उन्होने बताया कि वे संपूर्ण कौशाम्बी जनपद में आयुर्वेद के प्रचार प्रसार के लिए प्रत्येक माह गांव-गांव जा कर इस तरह के चिकित्सा शिविर आयोजित करते रहेंगे।

### दीवार फांद कर नगदी जेवर उठा ले गए चोर

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में कौशांबी थाना क्षेत्र के बिदाव गांव निवासी विधवा कलूटी पत्नी झुराई ने बताया कि 18 मई की रात्रि में परिवार के लोग घर में सो रहे थे पड़ोसी के दो रिश्तेदार उसके घर के भीतर खंडाहर दीवाल को कूदकर घर के भीतर घुस गए और बक्से का ताला तोड़कर लगभग 1 किलो चांदी 35000 नगद और सोने का मंगलसूत्र उठा ले गए है विधवा कलूटी का कहना है कि जब चोर सामान ले जा रहे थे तो मेरी दो बेटियां जाग गई है और उन्हें रोकने की कोशिश की है लेकिन हाथ झटक कर दोनों चोर सामान लेकर फरार हो गए हैं विधवा ने पुलिस अधीक्षक को दिए तहरीर में बताया कि पड़ोसी के रिश्तेदारों के चोरी करने की बात जब पड़ोसी से बताई गई तो पड़ोसी ने गाली गलौज कर धमकी दिया है कि कही शिकायत किया तो तुझे जान से मार देंगे पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाते हुए कहा कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों से समान नगद रुपए की बरामदगी कराई जाए।

# अवैध तमंचा फैक्ट्री का किया भंडाफोड़

### तमंचा बनाने वाले तीन अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार



तमंचा फैक्ट्री का खुलासा करते अपर पुलिस अधीक्षक

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** पश्चिम सरीरा थाना क्षेत्र में अवैध तमंचा बनाने की फैक्ट्री चलाकर तमंचा बेचने का कार्य करने वाले तीन अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर फैक्ट्री में अवैध शस्त्र बनाते उपकरणों सहित तीन तमंचा बरामद किया है पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध लिखा पढ़ी पुलिस ने जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा द्वारा चलाए जा रहे अपराध और अपराधियों के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत थाना पश्चिम सरीरा प्रभारी भवानी सिंह यादव ने चक गुरैनी में छापा मारकर अवैध शस्त्र की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है पुलिस ने मौके से निर्मित तीन तमंचा कारतूस और उपकरण बरामद कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है आरोपी तमंचा बनाते हुए गिरफ्तार किए गए है। गिरफ्तार अभियुक्त मोतीलाल पुत्र देशराज निवासी चक गुरैनी थाना पश्चिम सरीरा चंद्र भवन पुत्र उन्जीत निवासी चक गुरैनी तथा राजेश कुमार पुत्र मोतीलाल निवासी चक गुरैनी थाना पश्चिम सरीरा को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है तीनों अभियुक्तों के कब्जे से तीन तमंचा छः जिंदा कारतूस बनाने के उपकरण हथौड़ी पंखा शमशी लोहा काटने की आरी ब्लेड लोहे की पाइप नाल पुलिस ने बरामद किया है। तीनों लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# ओम नमो नमो योगी आश्रम को हटाने की धमकी से परेशान हैं पुजारी महंत

**अखंड भारत संदेश**



मंदिर की जमीन पर कब्जा

**कौशांबी।** चायल तहसील के बरियावा गाँव में नदी के किनारे अर्सा दस वर्ष पूर्व से महंत नाम देव पुरी महराज शनि धाम की स्थापना कर वहाँ शनि देव हनुमानजी की तथा शिव लिंग की स्थापना कर वहाँ आश्रम बना कर रह रहे हैं और आश्रम का नाम ओम नमो नमो योगी आश्रम संस्था श्री गोरक्षनाथ मठ शाखा गोरख पुर रखा है और पूरे परिवार सहित वहीं रह रहे है तथा साल मे साधु-सन्तों भक्त गणों का भंडारा करते हुए पूजा पाठ करते हैं अर्सा तीन चार वर्ष पूर्व में उनके स्थान पर ग्राम प्रधान नरेन्द्र मौर्य ने गौशाला की स्थापना करते हुए ओम नमो नमो योगी आश्रम को भी गौशाला के अंदर ले लिया और कहा कि बाबा जी गऊ माता की सेवा करो और जाली का घेरा डलवा दिया महंत नाम देव पुरी महराज गौवंश की सेवा करने लगें और कोई एतराज नहीं किया न ही ग्राम प्रधान ने भी उनको वहाँ से हटने को नहीं कहा क्योकि गौशाला बनने के पूर्व से उनका पक्का लिटर कमरा व झोपड़ी तथा शनि देव मंदिर हनुमानजी की मूर्ति व शिव लिंग स्थापित था नरेन्द्र मौर्य की प्रधानी के बाद नयें प्रधान हुए तो उन्होंने भी कोई एतराज नहीं जताया वर्तमान चार पांच माह पूर्व से गौशाला में गौवंशो का संरक्षण नहीं हो रहा था चारा पानी नहीं दिया जाता था जो संबंधितों के कमीशन खाने का माध्यम बन गया और गौवंशो के चारा भूसा राशन को खुद संबंधित खाने लगें जिससे तमाम गौवंशो की अकाल मौत हो गयी जो मंदिर के महंत पुजारियों को नागवार लगीं और कई स्थानीय समाचार पत्रो में खबरें छपी जाँच चलने लगी जो संबन्धित ग्राम प्रधान व सेक्रेटरी को शंका हुई कि मंदिर का महंत ही शिकायत पत्रकारों से करता है तो महंत और मंदिर की शिकायत करनें पर अमादा हुए और खंड विकास अधिकारी को भी बताया कि महंत पुजारियों के रहते हुए कमाई नहीं हो सकती वह गुप्त शिकायतें करके अखबारों में निकलवाता है जिससे संबंधित सेक्रेटरी ने दस दिन के अंदर मंदिर मूर्ति अवास हटाने की बात कहने लगा तो नमो नमो योगी आश्रम के महंत ने कहा कि साहब हमारा मंदिर आपके गौशाला बनने के कई वर्ष पूर्व से बना है और अगर हटाना था तो जब गौशाला कायम कर रहे थे तभी हटाने की बात कहते हम तो यह सोच कर अपने मंदिर के लिए कोई एतराज नहीं किया कि चलो योगी जी गौवंश की सेवा करते हैं हमे भी भगवान और गौवंशो की सेवा करने का सौभाग्य होगा सेक्रेटरी प्रधान को यह बात अच्छी नहीं लगी और बीडीओ को झूठी कहानी गढ कर बताया जिससे बीडीओ ने तत्काल शाम तक मंदिर मूर्ति अवास कमरा हटाने को कहा जिससे महंत पुजारियों को बहुत ही दुखद लग रहा है वहीं महंत का कहना हैं कि हमें वे वजह परेशान करते हैं और हमारे प्रतिष्ठित देव शनिदेव व बजरंगबली व भोले नाथ को जबरन हटा रहे हैं हम कहाँ ले जायें उन्होंने उत्तर प्रदेश के गोरक्षक पीठ के महंत उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ बाबा से गुहार लगाते हुए जिलें के आला अधिकारी जिला अधिकारी कौशांबी से संबंधित देवताओं की सुरक्षा और हो रहें अपने ऊपर अन्याय से रक्षा करने की प्रार्थना की हैं और रहकर गौवंश गौ माता की सेवा का संकल्प दोहराते हुए गाँव प्रधान सेक्रेटरी बीडीओ से रक्षा करने की प्रार्थना कर रहे हैं तथा वर्तमान में शनि देव महराज बजरंगबली जी भोले नाथ बाबा को कायम रहने देने की प्रार्थना कर रहे हैं हैं उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी जी से लखनऊ जाकर गुहार लगाने की बात कह रहे हैं।

### उधार का पैसा ना मिलने पर खेत लिखाने का प्रयास

#### विरोध करने पर बृद्ध को पीटा

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के उजिहिनी फरीदपुर गांव निवासी शिव भोला पासी पुत्र बुद्धू पासी शनिवार को दवा लेने चौराहे जा रहे थे रास्ते में काजीपुर के पास उन्हें गांव का चांद यादव मिले और शिव भोला को तहसील चायल लेकर चले गए शिव भोला पासी का कहना है कि चांद यादव ने कहा कि तुम्हारे बेटे बड़े लाल पासी ने हमसे रकम ली है लेकिन वापस नहीं कर रहे हैं तुम हमें अपना एक बीघा खेत बैनामा कर दो जिससे रकम का हिसाब हो जाए जिस पर शिव भोला पासी ने बकायेदार को खेत लिखने से इनकार किया जिससे आक्रोशित होकर बकायेदार में शिव भोला पासी को गाली गलौज कर मार पीट दिया है मामले की शिकायत शिव भोला के पुत्र बड़े लाल पासी ने चरवा पुलिस से की है।

संपादकीय

## चीन के आंखों में खटक रही अमेरिका-नेपाल की दोस्ती

**दुनिया** के लिए यह खबर चौंकाने वाली है कि नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा जुलाई में वाशिंगटन का दौरा करेंगे। दो दशक बाद नेपाल के किसी प्रधानमंत्री का यह पहला अमेरिकी दौरा होगा। अमेरिका और नेपाल का स्तर-दर-स्तर परस्पर संवाद जारी है। खास बात यह है, इस साल अमेरिका और नेपाल अपने बीच कूटनीतिक रिश्तों की 75वीं सालगिरह भी मना रहा हैं। यूं तो बीस वर्षों से नेपाली पीएम या आला प्रतिनिधि संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठकों में शिरकत करने कई बार गए, लेकिन ये विजिट अमेरिका की द्विपक्षीय यात्राएं नहीं थीं। देउबा की यात्रा संभवतः 14 से 16 जुलाई के बीच होगी। देउबा अमेरिका की ओर से आयोजित समिट फॉर डेमोक्रेसी- लोकतांत्रिक देशों का शिखर सम्मेलन में शिरकत करेंगे। हालांकि अभी तक दोनों देशों की ओर से इस तरह का कोई आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। अमेरिका और नेपाल की इन गलबहियों पर चीन की पैनी नजर है। चीन में बौखलाहट है। ड्रैगन के आकाओं में बेइंतहा गुस्सा है। अमेरिका को अप्रत्यक्ष तो नेपाल को प्रत्यक्ष भुगतने की धमकी भी दे चुका है। ऐसा होना स्वाभाविक है। दुनिया में महाशक्ति का तमगा लेने की होड़ मची है। बहरहाल इन देशों के करीबी रिलेशन की गर्माहट की तपिश को ड्रैगन शिद्दत से महसूस कर रहा है। अमेरिका की अंडर सेक्रेटरी उजरा जेया हाल ही में काठमांडू का दौरा कर चुकी हैं। इससे पूर्व अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू और हिन्द प्रशान्त क्षेत्र के अमेरिकी कमांडर एडमिरल जॉन अक्विलिनो भी नेपाल का दौरा कर चुके हैं। जॉन 36 देशों में अमेरिकी ऑपरेशन्स के हेड हैं। खास बात यह है कि जॉन के काठमांडू दौरे पर अमेरिका ने गोपनीय रखा, लेकिन नेपाल के एक नामचीन अखबार ने भ्रमण का अति संक्षेप में खुलासा किया था। अमेरिका और नेपाल दोनों की ओर से आला अफसरों के वाशिंगटन और काठमांडू परस्पर दौरों के फोकस में पचास करोड़ डॉलर की अमेरिकी मदद है। उल्लेखनीय है, अमेरिकी संस्था- मिलेनियम चैलेंज कॉर्पोरेशन- एमसीसी की ओर से नेपाल को 2017 में पचास करोड़ डॉलर की वित्तीय मदद का करार हुआ था। इसे नेपाली संसद में पास कराया जाना था, लेकिन पांच साल से यह लटका रहा क्योंकि चीन के इशारे पर पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली इसका मुखर विरोध करते रहे। चीन के आका भी नहीं चाहते थे कि नेपाल में अमेरिका का असर बढ़े। अंततः ड्रैगन की चाल फेल हो गई और मौजूदा प्रधानमंत्री देउबा ने करार को इसी साल फरवरी में संसद में पास करा दिया। इसके बाद अमेरिका ने नेपाल में अपनी दिलचस्पी और बढ़ा दी। अमेरिका-नेपाल के रिश्तों में आई गर्मजोशी को दक्षिण-एशिया और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में बढ़ रहे नए समीकरणों के लिहाज से खास माना जा रहा है। यह बात दीगर है, अमेरिका-नेपाल में बढ़ती नजदीकियों को विश्व समुदाय किस दृष्टि से देखता है, लेकिन यह सच है- ड्रैगन के संग नेपाल के रिश्तों में फिलहाल कड़वाहट आ गई है। नेपाल के प्रमुख अखबार काठमांडू पोस्ट के मुताबिक नेपाली सियासीदानों में पांचवीं बार पीएम की कुर्सी पर काबिज शेर बहादुर देउबा को हमेशा ही अमेरिका के करीब माना जाता है, इसीलिए देउबा सरकार के सत्ता में रहते अमेरिकी सरकार ने नेपाल में अपनी पैठ बढ़ाने की ठोस रणनीति बनाई है। दो राय नहीं कि नेपाल-अमेरिका की बढ़ती दोस्ती से चीन को मिर्ची लगी है। चीन अमेरिका की अंडर सेक्रेटरी उजरा जेया के नेपाल दौरे के दौरान तिब्बतियों से मुलाकात पर कड़ी आपत्ति जता चुका है।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई का दौर

**ललित गर्ग**

**राष्ट्र** में भ्रष्टाचार और राजनीतिक अपराधों के विरुद्ध समय-समय पर क्रांतियां होती रही हैं। लेकिन उनका लक्ष्य, साधन और उद्देश्य शुद्ध न रहने से उनका दीर्घकालिक परिणाम संदिग्ध रहा है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार के विरूद्ध एक ऐसी क्रांति का शंखनाद किया है जिसने न केवल विभिन्न राजनीतिक दलों एवं उनके नेताओं की चूलें हिला दी है बल्कि भ्रष्टाचार के प्रश्न पर भी प्रशासन-शक्ति को जागृत कर दिया है। अब प्रशासन शक्ति जाग गयी है तो राजनीतिक दलों एवं नेताओं का हिलना, आगबबूला होना एवं बौखलाना स्वाभाविक है। आम आदमी पार्टी के मंत्री सत्येन्द्र जैन की गिरफ्तारी के बाद प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी को पूछताछ के लिए तलब किया है। नये भारत-सशक्त भारत को निर्मित करना है तो भ्रष्टाचार के खिलाफ बडे. और सख्त कदम तो उठाने ही होंगे और प्रधानमंत्री को भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम को तेज करते हुए वोहरा कमेटी की सिफारिशों को अंजाम तक पहुंचाना ही होगा। देश में आम भ्रष्टाचार से ज्यादा खतरनाक है राजनेताओं एवं राजनीतिक दलों का भ्रष्टाचार। उसे नष्ट करके ही आम भ्रष्टाचार को समाप्त किया जा सकता है। वास्तव में कुछ हासिल करना है, तो फिर नेताओं से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले जल्द निपटाने की कोई ठोस व्यवस्था बनानी होगी। इसका कोई औचित्य नहीं कि जिन मामलों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए, वे वर्षों और कभी-कभी तो दशकों तक खिंचते रहें। नेशनल हेराल्ड का मामला भी कुछ ऐसा ही है। यह मामला दस साल पुराना है और लगता नहीं कि जल्द किसी नतीजे पर पहुंचेगा। वास्तव में नेताओं की ओर से आय से अधिक संपत्ति जुटाने, सत्ता का दुरुपयोग कर अवैध कमाई करने और काले धन को छल-छद्म से सफेद करने के न जाने कितने मामलों की जांच जारी है। ऐसे कई मामले सीबीआइ के पास हैं तो कुछ ईडी के पास। हमें इन एजेन्सियों को स्वतंत्र एवं सशक्त बनाने रखने की भी आवश्यकता है। कुछ मामलों की जांच ये दोनों एजेंसियां कर रही हैं। नेशनल हेराल्ड मामले का सच जो भी हो, यह किसी से छिपा नहीं कि तमाम नेताओं के लिए राजनीति धन कमाने का जरिया बन गई है।

# आम जनमानस की उम्मीदों पर खरे उतरते "योगी"

**दीपक कुमार त्यागी**

**भारतीय** राजनीति में उत्तर प्रदेश की हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका रही है, वैसे भी देखा जाये जनसंख्या के हिसाब से उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा राज्य है, इसलिए यह भारत की राजनीति के केंद्र बिंदु में हमेशा अपना अहम स्थान बनाकर रखता है?। फिलहाल उत्तर प्रदेश की कमान एक ऐसे ओजस्वी युवा व्यक्तित्व भगवाधारी संन्यासी "योगी आदित्यनाथ" के हाथों में है, जिनका जीवन देश समाज व सनातन धर्म के लिए पूर्ण रूप से समर्पित है। वैसे तो "योगी आदित्यनाथ" का जन्म 5 जून 1972 को देवभूमि उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जनपद के पैतृक गांव पंचूर में हुआ था, जो उस समय अविभाजित उत्तर प्रदेश का हिस्सा था। एक आम मध्यवर्गीय गढ़वाली राजपूत परिवार में जन्मे "योगी आदित्यनाथ" के पिता का नाम आनन्द सिंह बिष्ट और माता का नाम सावित्री देवी है, योगी सात भाई-बहनों में पांचवें नंबर की संतान हैं, हालांकि संत परंपरा में पिता के नाम की जगह गुरु का नाम आता है, जिसका योगी पूरे सम्मान के साथ निर्वहन करते हैं। वह उत्तराखंड के हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर से विज्ञान स्नातक हैं। "योगी आदित्यनाथ" वर्ष 1993 में पढ़ाई के दौरान अचानक ही गोरखपुर चले आए थे, उस वक्त योगी के मन में क्या चल रहा था, यह उनके घरवालों व अन्य किसी दोस्त तक को भी नहीं पता था। जब यहां आकर उन्होंने देखा कि सम्पूर्ण पूर्वी उत्तर प्रदेश मजहबी जेहाद, हिन्दुओं के धर्मान्तरण, नक्सली व माओवादी हिंसा, आकंठ भ्रष्टाचार तथा माफियाओं के चलते जबरदस्त अपराध की अराजकता में जकड़ा हुआ है, जिसे देखकर "योगी आदित्यनाथ" का मन बेहद व्यथित हुआ। वैसे भी योगी का मन सनातन धर्म, संस्कृति, अध्यात्म, शिक्षा, समाज सेवा, सांस्कृतिक चिंतन, लेखन, हिन्दुत्वनिष्ठ राष्ट्रवादी राजनीति एवं गोरक्षा के कार्य आदि में ही अधिक लगता था। जिसके चलते उन्होंने नाथपंथ के विश्व प्रसिद्ध मठ "श्री गोरक्षनाथ मंदिर" गोरखपुर के गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ महाराज से उन्होंने संन्यासी बनने की इच्छा प्रकट की थी। जिसके पश्चात 15 फरवरी सन 1994 की पावन तिथि पर गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ महाराज ने अपने उत्तराधिकारी योगी आदित्यनाथ का दीक्षाभिषेक सम्पन्न किया था। 22 साल की उम्र में वह



**योगी राज में छोटे-बड़े विभिन्न माफियाओं पर बिना किसी जाति-धर्म अमीर-गरीब के भेदभाव के कार्रवाई हो रही है। उन्होंने बिना किसी भेदभाव के ध्वनि प्रदूषण कम करने के लिए उत्तर प्रदेश में धार्मिक स्थलों से एक लाख से अधिक लाउडस्पीकर उतरवाने के बेहद असंभव कार्य को बेहद शांतिपूर्ण ढंग से करवा कर इतिहास रचने का कार्य किया है, देश के अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री के लिए योगी की यह निष्पक्ष कार्यशैली एक बहुत बड़ी नजीर है**

सांसारिक मोह-माया छोड़कर अब एक योगी बन गए और इसके बाद उनका नाम संत परंपरा के अनुसार बदल कर "अजय सिंह बिष्ट" से "योगी आदित्यनाथ" हो गया था। "योगी आदित्यनाथ" ने वर्ष 1996 में अपने गुरु महंत अवेद्यनाथ महाराज के लोकसभा चुनाव के प्रबंधन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन किया था। वर्ष 1998 में गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ महाराज ने योगी को अपना उत्तराधिकारी घोषित करके लोकसभा प्रत्याशी घोषित करने का कार्य किया था। मात्र 26 वर्ष की आयु में "योगी आदित्यनाथ" के लोकसभा चुनाव में विजय के साथ इनके राजनीतिक करियर की धमाकेदार शुरूआत हुई थी। उस वक्त योगी को देश में सबसे कम उम्र का लोकसभा सांसद होने का गौरव भी प्राप्त हुआ था। दिन-प्रतिदिन "योगी आदित्यनाथ" पर मठ से जुड़ी व सामाजिक जिम्मेदारी बढ़ती चली गयी, उन पर नाथपंथ की सर्वोच्च सिद्धपीठ "श्री गोरखनाथ मंदिर" गोरखपुर के पीठाधीश्वर महंत के दायित्व के निर्वहन के साथ-साथ "श्री गोरक्षपीठ" के द्वारा संचालित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अंतर्गत लगभग साढ़े चार दर्जन शिक्षण, प्रशिक्षण, चिकित्सा एवं सेवा संस्थानों के प्रबंधक, अध्यक्ष एवं मार्गदर्शक की जिम्मेदारी भी आ गयी थी। वह देश में सनातन धर्म के एक महत्वपूर्ण रक्षक के साथ-साथ, शिक्षा-चिकित्सा संस्थानों में अनेक मौलिक प्रयोग कर विविध नवाचारों के प्रतिष्ठापक और विभिन्न पुस्तकों के लेख भी हैं। उनके द्वारा लिखित यौगिक षट्कर्म, हठयोगः स्वरूप एवं साधना, राजयोगः स्वरूप एवं साधना, हिन्दू राष्ट्र नेपाल - अतीत एवं वर्तमान पुस्तकें बेहद प्रसिद्ध हैं। वह "श्री गोरखनाथ मंदिर" द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका "योगवाणी" के प्रधान संपादक भी हैं। वह देश में नाथपंथ एवं नाथयोग दर्शन के एक प्रकांड विद्वान हैं। नाथपंथ एवं योगदर्शन के साथ-साथ देश के मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य, सामाजिक, सांस्कृतिक, विभिन्न ज्वलंत मुद्दों व राष्ट्रीय विषयों पर विभिन्न समाचारपत्र व पत्रिकाओं में "योगी आदित्यनाथ" के ज्ञानवर्धक आलेख निरंतर प्रकाशित होते रहते हैं, जिनमें "योगी आदित्यनाथ" के देश व समाज हित के अनमोल विचार एवं चिंतन की प्रतिध्वनि स्पष्ट रूप से नजर आती है। "योगी आदित्यनाथ" ने वर्ष 1998, 1999, 2004, 2009 और 2014 के लोकसभा चुनाव में लगातार जीत हासिल करके अपनी राजनीतिक धमक देश के ताकतवर राजनेताओं को दिखाने का कार्य किया था, उन्होंने उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरे देश में मात्र 42 वर्ष की उम्र में लगातार पांच बार लोकसभा सांसद बनने का अहम रिकॉर्ड कायम किया था। "योगी आदित्यनाथ" देश में सांस्कृतिक, सामाजिक, राजनीतिक परिस्थितियों के अध्येता एवं समालोचक हैं। उनको एक सफल राजनेता, मुख्यमंत्री के साथ-साथ मौलिक चिंतक, शोध-अध्येता, दार्शनिक एवं व्यावहारिक योग के प्रकांड विद्वान के रूप में देश ही नहीं बल्कि दुनिया में ख्याति प्राप्त है। वह दुनिया में भारतीय सनातन धर्म एवं संस्कृति के आज मुख्य ध्वजवाहकों में से एक हैं, वह 'हिंदुत्व ही राष्ट्रीयता है' के एक मुख्य उद्घोषक हैं। वह भारत में आज के दौर में चल रही धमार्धारित राजनीति के मुख्य प्रतिमान बन गये है। वह भारत की राजनीति में एक नई कार्य-संस्कृति के मुख्य प्रतीक बन गये हैं। देश व समाज हित की निष्पक्ष राजनीति करने के चलते वह लोक-कल्याण पथ के सर्वश्रेष्ठ पथिक हैं, वह सामाजिक समरसता के सच्चे वाहक हैं, उनका स्वानुशासित योगमय कठोर परिश्रमी जीवन आम जनमानस के लिए अनुकरणीय है।" देश-दुनिया में चर्चित भगवाधारी संन्यासी "योगी आदित्यनाथ" का मुख्यमंत्री के रूप में अब उत्तर प्रदेश में दूसरा कार्यकाल चल रहा है। वैसे तो "योगी आदित्यनाथ" पहले से ही भारतीय राजनीति का एक बेहद चर्चित, बेहद लोकप्रिय व प्रसिद्ध चेहरा रहें हैं, उनका देश व प्रदेश की जनता के बीच हमेशा जलवा कायम रहा है। वैसे जनता के दृष्टिकोण से देखा जाए तो वह "योगी आदित्यनाथ" को उनकी आक्रामक शैली की वजह से ही बेहद पसंद करती है। देश की जनता के बीच "योगी आदित्यनाथ" की छवि एक ऐसे बेबाक फायर ब्रांड नेता की बनी हुई है, जिससे जन अदालत में मोर्चा लेने के लिए विपक्षी दलों के दिग्गज राजनेताओं को भी बार-बार सोच विचार करना पड़ता है। वह भारत की राजनीति में एक ऐसे राजनेता हैं, जो कि सनातन धर्म संस्कृति की परंपराओं का सिर्फ अपने क्षणिक राजनीतिक हित साधने के लिए दिखावा ना करके, अपने रोजमर्रा के जीवन में दिल से जीने का कार्य करते हैं। "योगी आदित्यनाथ" के रोजमर्रा के जीवन में सनातन धर्म की छाप स्पष्ट रूप से झलकती है, जिसके चलते ही "योगी आदित्यनाथ" देश के बहुसंख्य सनातन धर्म के करोड़ों अनुयायियों के बीच आज बेहद लोकप्रिय हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का प्रथम बार पदभार संभालने के बाद से लगभग हर दिन योगी आदित्यनाथ अपनी आक्रामक हिंदुत्ववादी व जनहित की कार्यशैली के बलबूते देश की राजनीति में जबरदस्त ढंग से चर्चाओं में बने रहने में कामयाब रहे हैं।

# समाज और राष्ट्र के लिए घातक है आतंकवाद

**सुनील कुमार महला**

**जम्मू** कश्मीर से धारा 370 हटने के बाद वहाँ आतंकवादी घटनाओं में काफी कमी देखने को मिली थी, लेकिन पिछले कुछ समय से आतंकवाद ने यहाँ फिर से जोर पकड़ लिया है। आंकड़ों की बात करें तो जानकारी मिलती है कि कश्मीर घाटी में पिछले 29 सालों में करीब 46 हजार लोगों की जान जा चुकी है। इनमें आम नागरिकों के साथ आतंकवादी भी शामिल हैं। हालांकि इन मरने वाले आतंकियों में ज्यादा संख?या सीमाओं पर मारे गए आतंकियों की है। हाल ही में, कश्मीर घाटी के एक स्कूल में पढ़ा रही जम्मू की अध्यापिका रजनी बाला की हत्या ने कश्मीर में ही नहीं अपितु पूरे देश में तूफान – सा खड़ा कर दिया है। इतना ही नहीं, दो जून को कश्मीर में आतंकवादियों ने एक और टारगेट किलिंग को अंजाम देते हुए राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले की नोहर तहसील के भगवान गांठ के एक बैंक मैनेजर की भी गोली मारकर हत्या कर दी। कश्मीर से ऐसी खबरें आना वास्तव में अत्यंत ही चिंताजनक है। इस संबंध में लोगों का यह कहना है कि आतंकवादियों द्वारा टारगेट किलिंग करके नब्बे के दशक का माहौल बनाया जा रहा है। सरकार को लोगों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम करने चाहिए। खबरों से पता चलता है कि पांच महीनों में ही तेरह हिंदुओं की हत्या हुई है। हाल ही की घटना के बाद कश्मीर के हजारों अल्पसंख्यक हिंदू कर्मचारी सड़कों पर उतर आए हैं और वे उप-राज्यपाल से मांग कर रहे हैं कि उन्हें घाटी से बाहर स्थानांतरित किया जाए , वरना वे सामूहिक बहिर्गमन का रास्ता अपनाएंगे। हालांकि कश्मीर में सेना और सुरक्षा बलों का आतंकवाद व आतंकियों के खिलाफ अभियान जारी रहता है लेकिन बावजूद इसके भी आतंकवादी वहाँ सक्रिय हैं और आतंकवाद की घटनाओं को अंजाम देते रहते हैं। आतंकवादी नागरिकों, ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों व सुरक्षा बलों को निशाना बना रहे हैं।आज आतंकवादी नयी नयी रणनीतियों के साथ सामने आ रहे हैं। कश्मीर से पंडितों का पलायन दुबारा शुरू न हो इसके लिए सरकार को समय रहते कदम उठाने की आवश्यकता है। जिस शिक्षिका रजनीबाला को आतंकवादियों द्वारा निशाना बनाया गया वह तो पंडित नहीं थी, वह तो दलित थी। यदि हम आंकड़ों की बात करें तो इस वर्ष अब तक आतंकवादियों ने 13 लोगों की हत्या की है , उनमें 4 पुलिस के जवान , तीन हिंदू और 6 मुसलमान थे। इन मुसलमानों में पुलिस वालों के अलावा पंच , सरपंच और टी.वी. की एक महिला कलाकार भी थी। ऐसा नहीं है कि आतंकवादी किसी व्यक्ति विशेष, जाति विशेष या समुदाय विशेष के दुश्मन हैं। सच तो यह है कि आतंकवादी तो सबके ही दुश्मन हैं। आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। आज आतंकवादी, आतंकवाद देश ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व के समक्ष एक बड़ी समस्या बनकर उभर रहा है।भारत आज ढ़ेर सारी चुनौतियों का सामना कर रहा है जैसे गरीबी, जनसंख्या वृद्धि, निरक्षरता(अशिक्षा),असमानता,बेरोजगारी,महंगाई आदि आदि, फिर भी आतंकवाद इन सबसे ज्यादा खतरनाक है जो पूरी मानव जाति यानी मानवता को प्रभावित कर रहा है। ये बहुत ही डरावनी बीमारी है जो लोगों को मानसिक और बौद्धिक स्तर पर लगातार प्रभावित कर रही है। आतंकवाद का कोई नियम कानून नहीं होता और वो केवल और केवल अपनी माँगों को पूरा करने के लिये सरकार के ऊपर दबाव बनाने के साथ ही आतंक को हर जगह फैलाने के लिये निर्दोष लोगों के समूह या समाज पर हमला करते हैं। वास्तव में वे घृणा और घमंड से भरे हुए होते हैं और वे जिनसे भी घृणा या नफरत करते हैं , उनकी हत्या करना, अहिंसा फैलाना वे अपना धर्म समझते हैं, जो कि बहुत ही गलत है। आतंकवाद के कारणों की यदि बात की जाए तो इनमें सामाजिक-आर्थिक असमानता, भेदभाव/अलगाव, सत्तारूढ़ दल, धार्मिक उग्रवाद और जातीय राष्ट्रवाद के कामकाज से असंतोष शामिल हैं। बहरहाल, जम्मू और कश्मीर (जम्मू-कश्मीर) पुलिस के पास उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, साल की शुरूआत से अब तक घाटी में 62 आतंकवादी मारे जा चुके हैं जबकि 2021 के पहले चार महीनों में 37 लोगों की मौत हो गई थी। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इस साल मारे गए 62 में से 15 की पहचान "विदेशी" आतंकवादियों (पाकिस्तान से) के रूप में की गई है। ऐसा नहीं है कि सरकार आतंकवाद के सफाये के लिए कुछ कर नहीं रही है। बताता चलूँ कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद मुक्त माहौल कायम करने और श्री अमरनाथ यात्रा में श्रद्धालुओं को सुरक्षा देने के लिए दहशतगर्दों की हर कोशिश को नाकाम करने में सुरक्षा बल जुटे हैं।हाल ही में दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह की अगुवाई में हुई बैठक में अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा और घाटी में हो रही लक्षित हत्याओं पर गंभीरता से मंथन किया गया है। कुछ समय पहले ही गृहमंत्री ने सुरक्षा एजेंसियों को घाटी में यात्रा से पहले अनुकूल माहौल बनाने और आतंकियों का सफाया करने के निर्देश दिए हैं। इसी का नतीजा है कि पिछले एक सप्ताह में कश्मीर में नौ आतंकवादी विरोधी ऑपरेशन को अंजाम दिया गया और 16 दहशतगर्द मार गिराए गए हैं। इनमें लश्कर-ए-ताइबा के 10, जैश-ए-मोहम्मद के चार और दो आतंकी हिजबुल मुजाहिद्दीन से जुड़े थे। इस वर्ष के अब तक के आंकड़ों के अनुसार घाटी में 55 मुठभेड़ में कुल 84 आतंकी मारे गए हैं। इनमें 26 विदेशी आतंकवादी शामिल थे, जिनमें से 14 जैश और 12 लश्कर से जुड़े थे। वास्तव में आतंकवादी इस्लाम के नाम पर विभिन्न आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देते हैं और उनकी इस करनी की वजह से इस्लाम सारी दुनिया में बदनाम होता है। विश्व का कोई भी धर्म हिंसा व हिंसक कार्रवाइयों को करने की इजाजत नहीं देता है, लेकिन आतंकवादी लोग धर्म के नाम पर ऐसा करते हैं।आतंकवादी, आतंकवाद के कारण आज विश्व में पाकिस्तान व अफगानिस्तान जैसे देशों की क्या हालत है, यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। आतंकवादी, आतंकवाद के कारण कोई भी राष्ट्र बरसों पीछे चला जाता है। कश्मीर में पिछले कुछ समय से आतंकवादी हमलों में जो बढ़त हुई है , उसका एक कारण यह भी लगता है कि ये आतंकवादी नहीं चाहते कि भारत – पाक रिश्तों में जो सुधार के संकेत मिल रहे हैं , उन्हें किसी भी हालत में सफल होने दिया जाए। इसी बीच, जब से पाकिस्तान में शहबाज शरीफ की सरकार बनी है , दोनों देशों के नेताओं का रवैया रचनात्मक दिख रहा है । दोनों देश सीमा पर युद्धविराम समझौते का पालन कर रहे हैं और सिंधु जल विवाद को निपटाने के लिए हाल ही में दोनों देशों के अधिकारियों की बैठक दिल्ली में हुई है। आतंकवादियों के लिए ये सब तथ्य काफी निराशाजनक व उन्हें हतोत्साहित करने वाले हैं , इसीलिए वे अंधाधुंध गोलियां चला रहे हैं, कश्मीर घाटी में आतंकवाद फैला रहे हैं। देश भर में इन घटनाओं की कड़ी व व्यापक निंदा की जा रही है। आतंकियों पर कठोर से कठोर कार्रवाई भी की जा रही है। व्यक्ति अथवा समूह द्वारा अपने राजनैतिक, धार्मिक, तथा सांस्कृतिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए नियोजित संगठित तथा व्यवस्थित हिंसा का प्रयोग कर जनता को भयाक्रांत करना ही आतंकवाद है, लेकिन जनता को भयाक्रांत करना, उनके साथ हिंसा के साथ पेश आना किसी भी समस्या का समाधान कभी नहीं हो सकती है, यह बात आतंकवादियों को समझनी चाहिए। लोगों का खून बहाकर कोई भी अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सकते हैं। यह मानवहीनता की पराकाष्ठा है। अंत में, यही कहूंगा कि आतंकवाद महज एक हिंसात्मक गतिविधि नहीं है बल्कि यह देश तथा समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक तथा रक्षा के ताने बाने पर हमला कर देश के सतत विकास में बाधक बनता है। किसी भी रूप में आतंकवाद समाज तथा राष्ट्र के लिए घातक है। अतः इसे समूल नष्ट करना अति आवश्यक है।

# प्रकृति की सुरक्षा का करें संकल्प

**रमेश सर्राफ धमोरा**

विश्व पर्यावरण दिवस एक अभियान है। इस अभियान की शुरूआत करने का मुख्य उद्देश्य वातावरण की स्थितियों पर ध्यान केन्द्रित करने और पृथ्वी के सुरक्षित भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए पर्यावरण में सकारात्मक बदलाव का भाग बनने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। दुनिया में हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस दिन लोगों को कई कार्यक्रमों के जरिये प्रकृति को संरक्षित रखने और इससे खिलवाड़ न करने के लिए जागरूक किया जाता हैं। इन कार्यक्रमों के जरिये लोगों को पेड़-पौधे लगाने, पेड़ों को संरक्षित करने, हरे पेड़ न काटने, नदियों को साफ रखने और प्रकृति से खिलवाड़ न करने जैसी चीजों के लिए जागरुक किया जाता है। पर्यावरण दो शब्दों परि और आवरण से मिलकर बना है। परि का अर्थ होता है हमारे आसपास या हमारे चारों और। आवरण का अर्थ होता है हम चारों और जिससे घिरे हैं। अर्थात पर्यावरण का अर्थ हमारे आस-पास के वातावरण से हैं। पर्यावरण पेड़-पौधों, वायु हमारे आस-पास की सभी चीजों से मिलकर बनता है। पर्यावरण हमारे दैनिक जीवन से सीधा संबंध रखता हैं। मानव और पर्यावरण एक दूसरे से संबंधित तथा एक दूसरे पर निर्भर होते हैं। पर्यावरण प्रदूषण जैसे पेड़ों का कम होना, वायु प्रदूषण आदि मनुष्य के स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव डालता हैं। मानव की अच्छी बुरी आदतों का प्रभाव सीधा पर्यावरण पर पड़ता हैं। विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य मानव जाति को पर्यावरण के प्रति सचेत करना हैं। उसका उद्देश्य पूरी प्रकृति व पर्यावरण की सुरक्षा करना हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1972 में पहली बार विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया था। लेकिन विश्व स्तर पर इसके मनाने की शुरूआत 5 जून 1974 को स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में हुई थी। जहां 119 देशों की मौजूदगी में पर्यावरण सम्मेलन का आयोजन किया गया था। साथ ही प्रति वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। इस सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम का गठन भी हुआ था। हर वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के लिए एक थीम निर्धारित की जाती है। विश्व पर्यावरण दिवस 2022 को केवल एक पृथ्वी थीम के तहत आयोजित किया जाएगा। जिसमें हमारी पसंद के माध्यम से स्वच्छ, हरित जीवन शैली के लिए प्रकृति के साथ सद्भाव में रहने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है। इस साल की शुरूआत में जारी संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की मेकिंग पीस विद नेचर रिपोर्ट के अनुसार सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था को बदलने का अर्थ है। प्रकृति के साथ हमारे संबंधों में सुधार करना। उसके मूल्य को समझना और उस मूल्य को निर्णय लेने के केंद्र में रखना। इस पर्यावरण दिवस पर हम सब इस बारे में सोचें कि हम अपनी धरती को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए और क्या कर सकते हैं। किस तरह इस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। पर्यावरण दिवस पर अब सिर्फ पौधारोपण करने से कुछ नहीं होगा। जब तक हम यह सुनिश्चित नहीं कर लेते कि हम उस पौधे के पेड़ बनने तक उसकी देखभाल करेंगें। हम सब को मिलकर पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त बनाने का संकल्प लेकर उस दिशा में काम करना प्रारम्भ करना चाहिये। सरकार हर वर्ष नदियों के पानी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए अरबों रुपए खर्च करती आ रही है। उसके उपरांत भी नदियों का पानी शुद्ध नहीं हो पाता है। मगर गत दो वर्षों में देश में लाकडाउन के चलते बिना कुछ खर्च किए ही नदियों का पानी अपने आप शुद्ध हो गया था। पर्यावरणविदों के मुताबिक जिन नदियों के पानी से स्नान करने पर चर्म रोग होने की संभावनाएं व्यक्त की जाती थी। उन नदियों का पानी शुद्ध हो जाना बहुत बड़ी बात थी। देश की सबसे अधिक प्रदूषित मानी जाने वाली गंगा नदी सबसे शुद्ध जल वाली नदी बन गयी थी। वैज्ञानिकों के अनुसार गंगा का पानी साफ होने की वजह पानी में घुले डिसाल्वड की मात्रा में आई 500 प्रतिशत की कमी थी। गंगा में गिरने वाले सीवर और अन्य प्रदूषण में कमी की वजह से पानी साफ हुआ था।

## भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का क्षरण

**संजीव ठाकुर**

**प्रागैतिहासिक** काल से भारतीय संस्कृति सभ्यता में ऐसा लचीलापन है कि अनेक विदेशी सभ्यताओं को हमने आत्मसात कर उन्हें भी अपने रंग में रंग लिया है। उन सब के रंगों में हम भी रंग गए हैं' भारतीय समाज की विशेषता है कि यह क्रमिक रूप से बाहरी मूल्यों को अपनाते हुए आगे बढ़ रहा है जिसके फलस्वरूप आज समाज विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यताओं तथा मूल्यों का अद्भुत समूह बन गया, यूं कहें कि अलग-अलग सभ्यताओं के पुष्पों का एक रंग बिरंगा गुलदस्ता ही बन गया है' वही सभ्यताओं के आत्मसात करने के परिणाम स्वरूप पाश्चात्य सभ्यता से हिंदुस्तानी समाज में बड़ी विसंगतियां जन्म लेने लगी है। सभ्यताएं तो आई लेकिन अपनी बुराइयों को भी लेकर आई हैं। इससे भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का अवमूल्यन सी हुआ है। और इसके अलावा पाश्चात्य सभ्यता ने खुलेपन आमंत्रित कर युवाओं तथा पुरुषों के मन में वासनात्मक कुंठा को जन्म दिया है। जिसके कारण महिलाओं पर यौन हिंसा की घटनाएं बढ़ती जा रही है। आज भारतीय समाज निश्चित तौर पर परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और यही वजह है कि पाश्चात्य सांस्कृतिक प्रवृतियों मानसिक भावनाओं को संक्रमित कर कुंठा को जन्म दिया है। यही कारण है कि मानसिक संक्रमण से भारतीय समाज पाश्चात्य सभ्यता का अंधा अनुसरण कर रहा है जिसके कारण मानवीय मूल्यों में नैतिक स्खलन स्पष्ट दिखाई देने लगा और इस नैतिक गिरावट से हिंसा में काफी वृद्धि हुई है। पाश्चात्य सभ्यता के दुष्प्रभाव में सबसे गहरा दुष्प्रभाव यौन हिंसा के प्रचार प्रसार का है। पुरुष समाज की मानसिकता है की पुरुष होने के कारण उन्हें कुछ चीजों का हक नैसर्गिक रूप से प्राप्त है जैसे कि अच्छी पत्नी और संतान में बेटों की प्राप्ति, कोई भी पुरुष अपनी आने वाली पीढ़ी में पुत्री नहीं चाहता है जबकि पुत्र पुत्री एक समान ही होते हैं बल्कि जो मायूस होकर पुत्री जन्म का दुख मनाते हैं उन्हें वर्तमान में पीएससी और यूपीएससी की रिजल्ट लिस्ट देखनी चाहिए इसमें बालिकाओं ने बहुत अच्छे अंको से परीक्षा पास कर समाज में उनकी अहम भूमिका को सार्थक किया है। वर्तमान समाज में परंपरागत रूप से पुरुषों को ऐसा करते देख उसकी आने वाली पीढ़ी भी अपने महिला संगिनी से दुर्व्यवहार और हिंसा करने से नहीं चूकता है।

## न्यूज़ीलैंड 132 रन पर All Out, इंगलैंड ने 116 पर गंवाए 7 विकेट

**लंदन ।** लॉर्ड्स के मैदान पर कप्तान केन विलियमसन की अगुवाई में उतरी न्यूजीलैंड की टीम इंगलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में मात्र 132 रनों पर ऑल आऊट हो गई। जवाब में खेलने उतरी इंगलैंड की टीम ने 116 रनों पर सात विकेट गंवा लिए। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज साऊदी, बोल्ट और जेमीसन ने 2-2 विकेट लिए। इससे पहले न्यूजीलैंड की शुरूआत बेहद खराब रही थी। उन्होंने पहले 4 विकेट 12 रन पर ही गंवा दिए थे। मध्यक्रम के कुछ बल्लेबाजों ने जोर तो लगाया लेकिन यह सब न्यूजीलैंड को पहली पारी में 132 रनों से आगे नहीं ले जा पाए।

दरअसल, न्यूजीलैंड को शुरूआत में ही इंगलैंड ने झटका दे दिया था। टीम में लौटे जेम्स एंडरसन ने अपनी तीसरे ओवर तक न्यूजीलैंड के दोनों सलामी बल्लेबाज टॉप लैंथम और विल यंग को पवेलियन की राह दिखा दी थी। इसके बाद डैब्यू कर रहे मैटी पॉट्स ने भी पहले ही ओवर में केन विलियमसन का विकेट निकालकर न्यूजीलैंड को बड़ा झटका दे दिया। न्यूजीलैंड की ओर से मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने रन तो जरूर बनाए लेकिन यह इतने नहीं थे जो टीम को सम्मानजनक स्कोर तक ले जाए। बता दें कि टेस्ट क्रिकेट की एक पारी में न्यूनतम स्कोर बनाने का रिकॉर्ड भी न्यूजीलैंड के ही नम है। न्यूजीलैंड की टीम 1955 में ऑकलैंड के मैदान पर इंगलैंड के खिलाफ खेलती हुई टेस्ट की तीसरी पारी में महज 26 रनों पर ऑल आऊट हो गई थी। न्यूजीलैंड का सिर्फ एक ही बल्लेबाज तब दहाई का आंकड़ाा पार कर पाया था। जबकि आठ बल्लेबाजी एक रन से आगे नहीं बढ़ पाए थे। न्यूजीलैंड को सस्ते में सिमेटकर इंगलैंड ने अच्छी शुरूआत की थी। ओपनर एलेक्स लीस और जैक क्राऊले ने पहले विकेट के लिए 59 रन जोड़े। एलेक्स ने 25 तो जैक ने 43 रन बनाए। इसके बाद ओली पोप 7, जो रूट 11, जॉनी बेयरस्टो 1, बेन स्टोक्स 1, मैटी पॉट्स शून्य पर पवेलियन लौट गए। इंगलैंड अभी भी 16 रन पीछे है।

## रिजवान बोले- एक-दूसरे के खिलाफ खेलना चाहते भारत-पाक के क्रिकेटर, पुजारा की तारीफ भी की

**कराची।** मोहम्मद रिजवान ने दावा किया है कि भारत और पाकिस्तान दोनों के खिलाड़ी एक दूसरे के साथ खेलना चाहते हैं। लेकिन दोनों देशों के बीच राजनीतिक मुद्दों के कारण यह संभव नहीं हो पाया है। भारत और पाकिस्तान 2014 के बाद से द्विपक्षीय श्रृंखला में नहीं खेले हैं। हालांकि दोनों टीमें आईसीसी टूर्नामेंटों में नियमित रूप से भिड़ती रही हैं। उनकी आखिरी मुलाकात पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात और ओमान में हुए टी20 वर्ल्ड कप में हुई थी जिसमें पहली बार भारत को विश्व कप में हार का सामना करना पड़ा था। पाकिस्तान के विकेटकीपर-बल्लेबाज ने पाकिस्तान के वेस्टइंडीज दौरे से पहले मीडिया से कहा, पाकिस्तान और भारत के क्रिकेटर एक-दूसरे के खिलाफ खेलना चाहते हैं, लेकिन राज्य स्तर के मामले खिलाड़ियों के नियंत्रण में नहीं हैं। मोहम्मद रिजवान को हाल ही में काउंटी चैंपियनशिप में एक्शन में देखा गया था, जहां उन्होंने भारतीय क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा के साथ खेला था। दोनों ने डरहम के खिलाफ ससेक्स के लिए अपने मैच में छठे विकेट के लिए 154 रन की शानदार साझेदारी की। पुजारा काउंटी क्रिकेट में एक रहस्योद्घाटन थे और उन्होंने भारतीय टेस्ट टीम से बाहर होने के बाद रेड बॉल क्रिकेट में दो शतक और दो दोहरे शतक बनाए। रिजवान ने भारतीय बल्लेबाज की सराहना भी की। उन्होंने कहा, मैंने पुजारा से क्रिकेट को लेकर चर्चा की और उनसे काफी कुछ सीखा। हम खिलाड़ी के रूप में अलग नहीं हैं, हम एक क्रिकेट परिवार हैं। पुजारा बहुत अच्छे इंसान हैं। मैं वास्तव में उनकी एकाग्रता और फोकस की प्रशंसा करता हूं। मेरा मानना ??है कि यूनुस खान, फवाद आलम और पुजारा ऐसे तीन खिलाड़ी हैं जिन्हें मैं इस संबंध में बहुत ज्यादा आंकता हूं।

## जिम्बाब्वे ने अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिए घोषित की टीम

**हरारे।** जिम्बाब्वे ने अफगानिस्तान के खिलाफ अपनी आगामी तीन मैचों की घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय टीम का नाम दिया है, जो 4 जून से शुरू होगी। आईसीसी के अनुसार आईसीसी पुरुषों की वनडे रैंकिंग में टीम के सर्वोच्च रैंकिंग वाले तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी हाल ही में समाप्त हुए इंडियन प्रीमियर लीग 2022 के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी करेंगे। क्रेग एर्विन टीम का नेतृत्व करेंगे। श्रृंखला के दौरान दो खिलाड़ियों को वनडे डेब्यू का मौका मिल सकता है जिसमें विकेटकीपर-बल्लेबाज क्लाइव मडांडे और तेज गेंदबाज तनाका चिवांगा शामिल हैं। इन दनों ने पिछले महीने नामीबिया के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था। रिचर्ड नगारवा और वेलिंगटन मसाकादजा को टीम में नहीं रखा गया है जो क्रमशः पीठ के निचले हिस्से और दाहिने कंधे की चोटों से उबर रहे हैं। ऑलराउंडर टीनो मुतोम्बोडज़ी भी इस बार टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे हैं। दक्षिणपूर्वी शॉन विलियम्स भी जिम्बाब्वे क्रिकेट द्वारा दी गई अनुकंपा छुट्टी पर हैं। जिम्बाब्वे वर्तमान में क्रिकेट विश्व कप सुपर लीग में नीदरलैंड से ऊपर 12वें नंबर स्थान पर है जिसमें 12 मैचों में 35 अंक हैं।

# भारत की मुक्केबाजी टीम घोषित, ट्रायल में शिवा जीते, पंघाल के साथ सुमित और हसीमुद्दीन भी चुने गए

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता मुक्केबाज अमित पंघाल और शिवा थापा ने गुरुवार को ट्रायल्स जीतकर आगामी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारतीय टीम में जगह बना ली है। विश्व चैंपियनशिप 2019 के रजत पदक विजेता पंघाल ने 51 भारवर्ग में जीत दर्ज की जबकि थापा ने 63.5 किलो वर्ग में ट्रायल जीता।



इनके अलावा 2018 के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हसमुद्दीन (57 किलो), रोहित टोकस (67 किलो) गत राष्ट्रीय चैंपियन सुमित (75 किलो),आशीष कुमार (80 किलो), संजीत (92 किलो) और सागर (92 प्लस किलो) भी टीम में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। राष्ट्रमंडल खेल बर्मिंघम में 28 जुलाई से आठ अगस्त तक खेले जाएंगे। पंघाल ने सेना के मुक्केबाज दीपक को बंटे हुए फैसले पर 4-1 से हराया। पंघाल ने गोल्ड कोस्ट में हुए पिछले राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था। विश्व चैंपियनशिप 2015 के कांस्य पदक विजेता थापा ने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता मनीष कौशिक को 5-0 से मात दी। वहीं, 57 भारवर्ग में हसीमुद्दीन ने 2019 एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता कविंदर सिंह बिष्ट को 4-1 से हराया। रेलवे के रोहित ने उत्तर प्रदेश के आदित्य प्रताप यादव को वेल्टरवेट वर्ग में 3-2 से मात दी। सुमित, आशीष, संजीत और सागर सभी ने 5-0 से जीत दर्ज की। भारत ने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में मुक्केबाजी में तीन स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य पदक जीते थे। महिला वर्ग के ट्रायल अगले सप्ताह होंगे।

**भारतीय टीम:** अमित पंघाल (51 किलो),शिवा थापा (63.5 किलो), मोहम्मद हसमुद्दीन (57 किलो), रोहित टोकस (67 किलो), गत राष्ट्रीय चैंपियन सुमित (75 किलो) , आशीष कुमार (80 किलो), संजीत (92 किलो) और सागर (92 प्लस किलो)।

## 18 साल की कोको गॉफ पहली बार ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचीं, वर्ल्ड नंबर-1 इगा स्वितेक से होगा मुकाबला, रोहन बोपन्ना हारे

**पेरिस।** अमेरिका की 18 वर्षीय टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने फ्रेंच ओपन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग के सेमीफाइनल में इटली की मार्टिना ट्रेविसन को हराकर यह उपलब्धि हासिल की है। दूसरी ओर, दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्वितेक ने भी फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। दोनों के बीच खिताबी मुकाबला शनिवार (चार जून) को खेला जाएगा।

कोको गॉफ की बात करें तो वो ऑस्ट्रेलियन ओपन और विम्बलडन ओपन के चौथे राउंड तक पहुंच चुकी हैं। 2019 (विम्बलडन) में पहली बार वो किसी ग्रैंड स्लैम के चौथे राउंड में पहुंची थीं। उनका तीन साल का लंबा इंतजार फ्रेंच ओपन में खत्म हुआ। कोको ने मार्टिना ट्रेविसन को सीधे सेटों में हराया। उन्होंने इस मैच को 6-3, 6-1 से अपने नाम किया।

**स्वितेक 2020 में बनी थीं चैंपियन**

दूसरी ओर, स्वितेक ने





सेमीफाइनल में रूस की दारिया कासात्किना को हराया। स्वितेक इस मुकाबले को 6-2, 6-1 से अपने नाम करने में सफल रहीं। उनकी नजर दूसरी बार फ्रेंच ओपन जीतने पर है। इससे पहले स्वितेक 2020 में यहां चैंपियन बनी थी। वो फ्रेंच ओपन के अलावा किसी भी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में नहीं पहुंची है।

**स्वितेक के पास वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी का मौका**

स्वितेक ने अपने करियर की लगातार 34वीं जीत हासिल की है। उनके पास फाइनल में वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी करने का मौका होगा। महिलाओं में लगातार सबसे ज्यादा मैच जीतने का रिकॉर्ड अमेरिका की दिग्गज वीनस विलियम्स के नाम दर्ज है। वीनस ने साल 2000 में यह रिकॉर्ड बनाया है। स्वितेक को इस रिकॉर्ड की बराबरी के लिए युवा सनसनी कोको गॉफ को हराना होगा।

**युगल में बोपन्ना की सेमीफाइनल में हार**

रोहन बोपन्ना का पहली बार फ्रेंच ओपन के पुरुष युगल के फाइनल में पहुंचने का सपना टूट गया। 42 साल के भारतीय खिलाड़ी और हालैंड के उनके जोड़ीदार मातवे मिडिलकूप सेमीफाइनल में 12वीं वरीयता के जीन जूलियन रोजन और मार्सेलो अरेवेलो के खिलाफ सुपर टाईब्रेकर में 4-6, 6-3, 7-6(8) से हार गए। सुपर टाइब्रेकर में बोपन्ना-मिडिलकूप ने दो मैच प्वाइंट बचाए लेकिन अंततः जूलियन और मार्सेलो जीतने में सफल रहे। अगर बोपन्ना फाइनल में पहुंच जाते तो 2013 में लिएंडर पेस के बाद यहां रोलां गैरो में पुरुष युगल फाइनल खेलने वाले पहले भारतीय होते। हालांकि बोपन्ना 2017 में गैबरिला डैबरावस्की के साथ मिलकर मिश्रित युगल में फ्रेंच ओपन में खिताब जीत चुके हैं।

## स्वप्निल ने दिलाया 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में रजत, भारत को मिला दूसरा पदक

**पेरिस।** भारतीय निशानेबाज स्वप्निल कुसाले ने अजरबेजान के बाकू में चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप की पुरुष वर्ग की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस (थ्रीपी) स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश को इस प्रतियोगिता में दूसरा पदक दिलाया। छब्बीस साल के स्वप्निल को रियो ओलंपिक के रजत पदक विजेता यूक्रेन के सेरही कुलिश से स्वर्ण पदक



के मैच में 10-16 से हार मिली। यह स्वप्निल का पहला व्यक्तिगत आईएसएसएफ विश्व कप चरण पदक है। भारत की 12 सदस्यीय राइफल टीम ने एक स्वर्ण और एक रजत जीत लिया है जिससे पदक तालिका में अब पांचवें स्थान पर पहुंच गई। स्वप्निल ने प्रतियोगिता में विश्व स्तरीय निशानेबाजों के बीच दो दिन काफी अच्छा प्रदर्शन किया। वह शीर्ष आठ रैंकिंग राउंड में कुलिश के बाद दूसरे स्थान पर रहे और फिर स्वर्ण पदक की भिड़ंत में यूक्रेन के इस चैंपियन से हार गए। कुलिश ने रैंकिंग राउंड में 411 अंक का स्कोर बनाया।

## युद्ध पीड़ित यूक्रेन को फुटबॉल टीम ने जीत से दी खुशी की चमक, स्कॉटलैंड को 3-1 से हराया

**ग्लासगो।** युद्ध से परेशान यूक्रेन देशवासियों को खुशी देने का मौका तब मिला, जब विश्व कप में क्वालिफाई करने के लिए उतरी यूक्रेन फुटबॉल टीम ने प्ले ऑफ सेमीफाइनल के मैच में स्कॉटलैंड को 3-1 से हरा दिया। चमकीले पीले रंग के कपड़े पहने खिलाड़ियों ने इस जीत से अपने युद्ध पीड़ित देश के चेहरे पर चमक लाई। अब यूक्रेन का सामना रविवार को वेल्स से होगा और जीतने वाली टीम नवंबर में होने वाले कतर विश्व कप में जगह बनाएगी।

**स्टेडियम में मौजूद थे 3 हजार यूक्रेन टीम के समर्थक**

मैच के शुरुआत से ही यूक्रेन के खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल दिखाना शुरू कर दिया। टीम के अनुभवी कप्तान एंड्री यारमेलंको ने 33वें मिनट में पहला दमदार गोल करके टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। पहले हॉफ में यूक्रेनी



फुटबॉलरों ने मैच में अपनी आत्मा झोंक दी। दूसरे हॉफ के शुरुआत मिनट (49वें मिनट) में ही कप्तानी एंड्री के शानदार शॉट की बदौलत रोमन यारमेचुक ने हेडर से गोल दागकर बढ़त 2-0 कर दी। जब यह गोल हुआ, तब स्टेडियम में बैठे 51 हजार दर्शकों में लगभग तीन हजार यूक्रेनी दर्शकों ने जोश के साथ जश्न मनाया और अपने झंडे को हवा में लहराने लगे।

**स्कॉटलैंड ने किया एकमात्र गोल**

मैच के 79वें मिनट में स्कॉटलैंड के कॉलम मैकग्रोगर ने गोल करके टीम के लिए पहला गोल दागा। इसके बाद मैच के आखिरी मिनट में आर्टेम डोवबीक के गोल ने यूक्रेनी टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। सभी खिलाड़ी आसमान की ओर देखकर जमीन पर बैठ गए और जश्न मनाने लगे।

स्टेडियम में मौजूद स्कॉटलैंड के प्रशंसकों ने भी इस जीत पर तालियां बजाई और अभिवादन किया। बाद में यूक्रेन टीम के खिलाड़ियों ने अपने नीले और पीले रंग के राष्ट्रीय ध्वज के साथ मैदान का चक्कर लगाया। मैच से पहले जब यूक्रेन देश का राष्ट्रगान गाया गया तब स्कॉटिश प्रशंसक भी एकजुटता के संदेश को लेकर उनके गाने में शामिल हुए।

## एसी मिलान क्लब को बेचने की तैयारी, अमेरिका की निवेश फर्म रेडबर्ड से हुआ शुरुआती करार



**लंदन।** इटली की शीर्ष फुटबॉल लीग सिरी ए चैंपियन एसी मिलान को अमेरिका की निवेश फर्म रेडबर्ड कैपिटल पार्टनर्स को एक अरब 30 करोड़ डॉलर में बेचने की तैयारी है। दोनों पक्षों ने इस मामले में शुरुआती करार पर हस्ताक्षर भी किए हैं। मिलान ने कहा कि रेडबर्ड के साथी अमेरिकी कंपनी इलियट मैनेजमेंट से इटली के क्लब की खरीद को सितंबर तक अंतिम रूप देने की उम्मीद है। पांच साल में इस टीम के चौथे मालिक होंगे। मिलान ने पिछले माह 11 साल में अपना पहला सिरी ए खिताब जीता था। रेडबर्ड की फेनवे स्पोर्ट्स समूह में भी हिस्सेदारी है, जिसके पास इंग्लिश प्रीमियर लीग क्लब लिवरपूल का स्वामित्व है। इस दौरान रेडबर्ड के संस्थापक और प्रबंध साझेदार गैरी कार्डिनेल ने कहा कि एसी मिलान के शानदार इतिहास का हिस्सा बनकर हम सम्मानित महसूस कर रहे हैं और क्लब के अगले अध्याय में भूमिका निभाने को लेकर उत्सुक हैं।

## मारिन सिलिच ने लगातार दो मैच में दो दिग्गज रूसी खिलाड़ियों को बाहर किया, पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली।** क्रोएशिया के मारिन सिलिच और नॉर्वे कैस्पर रूड फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। पुरुष एकल के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में दोनों खिलाड़ियो ने जीत दर्ज की। सिलिच और रूड पहली बार इस टूर्नामेंट के अंतिम-4 में पहुंचे हैं। 20वीं वरीयता प्राप्त सिलिच ने सातवीं वरीयता प्राप्त रूस के आंद्रे रूबलेव को हराया है।

**चार घंटे से ज्यादा समय तक चला सिलिच का मैच**

सिलिच ने लगातार दूसरे मैच किसी रूसी खिलाड़ी को बाहर किया है। प्री-क्वार्टरफाइनल में उन्होंने दूसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव को हराया था। सिलिच और आंद्रे रूबलेव के बीच यह मुकाबला चार घंटे 10 मिनट तक चला। सिलिच ने 5-7, 6-3, 6-4, 3-6, 7-6 (10/2) से मैच अपने नाम किया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला कैस्पर रूड से होगा।

**रूड सेमीफाइनल में पहुंचने वाले नॉर्वे के पहले पुरुष खिलाड़ी**

रूड की बात करें तो उन्होंने डेनमार्क के युवा खिलाड़ी होल्डर रूने को हराकर अंतिम-4 में अपनी जगह बनाई। रूड किसी भी ग्रैंड



स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले नॉर्वे के पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए। उन्होंने होल्डर रूने को 6-1, 4-6, 7-6 (7/2), 6-3 से हराया।

**पांचवीं बार क्वार्टरफाइनल में हारे रूबलेव**

रूस के रूबलेव पांचवीं बार किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टरफाइनल में हारे हैं। उन्हें अब तक सेमीफाइनल में जगह नहीं मिली है। 2014 में यूएस ओपन जीतने वाले सिलिच की नजर दूसरे ग्रैंड स्लैम खिताब पर है। इसके लिए उन्हें पहले रूड को हराना होगा। उसके बाद फाइनल में उनका मुकाबला स्पेन के राफेल नडाल से हो सकता है। नडाल सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं और उनका मुकाबला जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव से होना है।

**फेडरर, जोकोविच के क्लब में सिलिच शामिल**

सिलिच अब चारों ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं। मौजूदा समय में सक्रिय खिलाड़ियों में रोजर फेडरर, नोवाक जोकोविच, राफेल नडाल और एंडी मरे ही ऐसा करने में कामयाब हुए हैं। सिलिच चार साल में पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। रूबलेव की बात करें तो वो इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन में भी सिलिच से हारे थे। सिलिच 2017 के विलम्बडन और 2018 के ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में पहुंचे थे। दोनों बार उन्हें फेडरर के हाथों हार मिली थी।

## आनंद ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में लाग्रेव को 40 चालों में दी मात, संयुक्त रूप से शीर्ष पर

**नई दिल्ली।** भारतीय शतरंज के धुरंधर खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में यहां क्लासिकल वर्ग के पहले दौर में मैक्सिम वाचयेर लिग्रेव को 40 चालों में हरा दिया।

फ्रेंच खिलाड़ी पर जीत से भारतीय ग्रैंड मास्टर ने 3 अंक अर्जित किए। पहले दौर में अमेरिका के वेसली सो ने



तैमूर राजाबोव को मात दी और आनंद के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं, जबकि मैग्नस कार्लसन ने चीन के वांग हेड के साथ ड्रॉ खेला।

इससे पहले बिल्ट्ज वर्ग में आनंद ने विश्व चैंपियन कार्लसन को सातवें राउंड में हराकर टूर्नामेंट में चौथे स्थान पर रहे थे।

## वर्ल्ड कप से छह महीने पहले लियोनल मेसी की टीम ने यूरोप में दिखाया दम, इटली को हराकर जीता एक और खिताब

**पेरिस।** इंग्लैंड की राजधानी लंदन के वेम्बली स्टेडियम में यूरोप की चैंपियन इटली और दक्षिण अमेरिका की चैंपियन अर्जेंटीना की टीमें आमने-सामने हुईं। इटली ने पिछले साल यूरो कप और अर्जेंटीना ने कोपा अमेरिका जीता था। उसके बाद यह घोषणा की गई थी कि दोनों टीमों के बीच एक मुकाबला खेला जाएगा, जिसे 'ला फिनालिसिमा' कहा गया। इस मुकाबले में बुधवार को अर्जेंटीना ने इटली को 3-0 से रौंद दिया।

**फिनालिसिमा ट्रॉफी के साथ मेसी**

अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी ने अपने करियर का दूसरा अंतरराष्ट्रीय खिताब जीता। उनका पहला खिताब कोपा अमेरिका था। इस मामले में मेसी ने पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो की बराबरी कर ली। रोनाल्डो अपने देश के लिए यूरो कप और नेशंस लीग जीत चुके हैं। मेसी ने अपने करियर का यह 40वां खिताब जीता है। सबसे ज्यादा खिताब जीतने के मामले में वो दूसरे स्थान पर हैं। उनसे आगे ब्राजील के डिफेंडर दानी एल्वेस हैं। एल्वेस बार्सिलोना क्लब में मेसी के साथ खेल चुके हैं। उन्होंने 43 खिताब अपने नाम किए हैं।

वेम्बली स्टेडियम में मेसी अपने पुराने रंग में दिखे। उन्होंने गोल नहीं किया, लेकिन पूरे मैच को कंट्रोल जरूर किया। मेसी ने



अटैक से लेकर मिडफील्ड और डिफेंस में भी अहम भूमिका निभाई। उन्होंने दो गोल असिस्ट किए। मेसी को मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया। अर्जेंटीना के लिए लोटारो मार्टिनेज, एंजेल डी मारिया और पाउलो डाइबाला ने गोल दागा।

**मेसी ने दो गोल असिस्ट किए**

फ्रांस में पेरिस सेंट जर्मेन के साथ अपने पहले सीजन में कुछ खास नहीं करने वाले मेसी राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़ते हुए फॉर्म में लौट आए। 28वें मिनट में उनके शानदार पास पर मार्टिनेज ने गोल कर टीम को 1-0 से आगे कर दिया। हाफटाइम से ठीक पहले इंजरी टाइम (45+1वें मिनट) में डी मारिया ने मार्टिनेज के पास पर गोलकीपर जियालुइजी डोनारूमा को छकाते हुए बेहतरीन गोल किया। इसके बाद मैच समाप्त होने से कुछ सेकंड पहले डाइबाला ने मेसी के पास पर गोल कर दिया।

**वर्ल्ड कप पर अर्जेंटीना की नजर**

इस साल नवंबर-दिसंबर में कतर में फीफा वर्ल्ड कप होना है। अर्जेंटीना ने कोपा अमेरिका के बाद फिनालिसिमा जीतकर अन्य टीमों को चेतावनी दे दी है। फुटबॉल विशेषज्ञ मेसी की टीम को वर्ल्ड कप का दावेदार नहीं मान रहे थे, लेकिन लंदन में अर्जेंटीना के प्रदर्शन को देखने के बाद उनके सुर बदल गए हैं। अब वो इस टीम को प्रबल दावेदार बताने लगे हैं।

**32 मैचों से नहीं हारी अर्जेंटीना की टीम**

मेसी ने मैच के बाद कहा, 'आज हमारा टेस्ट अच्छा रहा क्योंकि इटली एक बेहतरीन टीम है। हम जानते थे कि यह एक अच्छा मैच होने वाला है और हमने चैंपियन बनने के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया। यह एक बेहतरीन फाइनल था। स्टेडियम अर्जेंटीना के समर्थकों से भरा हुआ था। हमारे लिए यह अनुभव शानदार रहा।' मेसी की टीम पिछले 32 मैचों में नहीं हारी है और प्रशंसकों को इस क्रम के वर्ल्ड कप तक बढ़ने की उम्मीद है। अगर मेसी कतर में भी अपने रंग में दिखाई दिए तो अर्जेंटीना की टीम 1986 के बाद चैंपियन बन सकती है।

## इमरान का पाक सेना पर हमला- कमजोर थी मेरी सरकार, किसी और के हाथ थी सत्ता की बागडोर

**इस्लामाबादः** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने देश की शक्तिशाली सेना पर हमला करते हुए यह स्वीकार किया है कि उनकी सरकार एक 'कमजोर सरकार' थी, जिसे 'हर तरफ से ब्लैकमेल किया' जाता था। उन्होंने कहा कि सत्ता की बागडोर उनके हाथ में नहीं थी और 'सभी को पता था कि वह किसके पास है।'





अविश्वास प्रस्ताव हारने के बाद अप्रैल में खान को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। पूर्व प्रधानमंत्री का आरोप है कि यह अमेरिका-नीत साजिश का हिस्सा था क्योंकि उन्होंने रूस, चीन और अफगानिस्तान पर स्वतंत्र विदेश नीति अपनाई थी।

अखबार के अनुसार,दिए एक साक्षात्कार में खान से उस रात के बारे में सवाल किया गया, जब उनके विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। उनसे पूछा गया कि कौन आदेश दे रहा था और किसने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी तथा पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) के विरुद्ध मामलों में रुकावट पैदा की। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रमुख ने कहा कि उनकी सरकार जब से सत्ता में आई थी तभी से वह 'कमजोर' थी और उसे गठबंधन की जरूरत पड़ी। खान ने कहा कि ऐसी स्थिति दोबारा पैदा हुई तो वह फिर से चुनाव कराने का विकल्प चुनेंगे और बहुमत की सरकार बनाने का प्रयास करेंगे।

## पाकिस्तानी तालिबान ने इस्लामाबाद में सरकार के साथ संघर्ष विराम को अनिश्चित काल तक बढ़ाया

**इस्लामाबादः** पाकिस्तानी तालिबान ने बताया कि उन्होंने अफगान तालिबान की मेजबानी में पाकिस्तानी कबायली नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ दो दिनों की बातचीत के बाद, इस्लामाबाद में सरकार के साथ संघर्ष विराम को अनिश्चित काल के लिए बढ़ा दिया है। प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान समूह या टीटीपी के प्रवक्ता मोहम्मद खुरासानी के अनुसार, कबायली नेताओं के 50 सदस्यीय दल के साथ बातचीत में ''संतोषजनक प्रगति'' के बाद यह निर्णय लिया गया।

उन्होंने न तो इस बारे में कोई विस्तृत जानकारी दी और न ही संघर्ष विराम के विस्तार के बारे में पाकिस्तानी सरकार की ओर से तत्काल कोई पुष्टि की गई। पाकिस्तानी तालिबान एक अलग समूह है, लेकिन वह अफगान तालिबान के साथ संबद्ध है, जिन्होंने पिछले अगस्त में अफगानिस्तान में सत्ता पर कब्जा कर लिया था।

टीटीपी ने पिछले 14 साल से पाकिस्तान में इस्लामी कानूनों को सख्ती से लागू करने, देश में सरकारी बलों की हिरासत से अपने सदस्यों की रिहाई और देश के पूर्व कबायली क्षेत्रों में पाकिस्तानी सैन्य उपस्थिति में कमी के लिए विद्रोह छेड़ा हुआ है। टीटीपी के प्रवक्ता खुरासानी ने कहा कि आने वाले दिनों में काबुल में बातचीत जारी रहेगी। अफगान तालिबान की ओर से तत्काल कोई बयान नहीं आया है, जिन्होंने पहले केवल यह कहा था कि वह वार्ता के लिए तटस्थ आधार प्रदान करेंगे। अफगानिस्तान में तालिबान भी पाकिस्तान में नई सरकार को पाकिस्तानी तालिबान के साथ शांति समझौता करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। दोनों पक्षों के बीच पिछला संघर्ष विराम 30 मई को समाप्त हो गया था।

## भारतीय-अमेरिकी शख्स डेमोक्रेटिक पार्टी के उप राष्ट्रीय वित्त अध्यक्ष नामित

**वाशिंगटन।** प्रख्यात भारतीय-अमेरिकी और उद्यमी अजय जैन भूटोरिया को अमेरिका में सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी के उप राष्ट्रीय वित्त अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया है।

भूटोरिया एक सफल उद्यमी हैं और उन्हें डेमोक्रेटिक पार्टी तथा अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के लिए धन जुटाने वाले प्रमुख लोगों में से एक माना जाता है। मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया है कि उनका कामकाज शानदार रहा है और डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों के निर्वाचन के वास्ते संसाधन जुटाने जैसे क्षेत्रों में लंबा अनुभव रखने वाले भूटोरिया इस वर्ष इस भूमिका को निभाने वाले एकमात्र एशियाई-अमेरिकी हैं।

# कश्मीर में नरसंहार व जातीय हिंसा का दोषी पाकिस्तान, यूएन में भारत का मुंह तोड़ जवाब

**संयुक्त राष्ट्र :** पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक बार फिर जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया।

इस पर भारत ने करारा पलटवार करते हुए कहा कि पड़ोसी देश इस बात का जीवंत उदाहरण है कि नरसंहार व जातीय हिंसा जैसे गंभीर अपराधों को जिम्मेदार देश लगातार कैसे अपना बचाव कर सकता है। भारत सीमापार आतंकवाद के खिलाफ निरंतर ठोस व निर्णायक कार्रवाई जारी रखेगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की काउंसलर व कानूनी सलाहकार डॉ. काजल भट्ट ने गुरुवार को सुरक्षा परिषद में यह बात कही। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान द्वारा फैलाए गए झूठ और दुर्भावनापूर्ण प्रचार का जवाब देने के लिए उन्हें मजबूर होना पड़ा, क्योंकि पाकिस्तान के प्रतिनिधि झूठ बोलने के आदी हैं। आज हम अंतरराष्ट्रीय कानूनों के उल्लंघन की जवाबदेही को मजबूत करने और उसका फैसला करने को लेकर चर्चा कर रहे हैं। डॉ. काजल भट्ट ने कहा कि विडंबना यह है कि पाकिस्तानी प्रतिनिधि की पूर्वी



पाकिस्तान, जो कि अब बांग्लादेश है, में किए गए नरसंहार के अपने इतिहास को लेकर याददाश्त खो गई है। 50 साल पहले के इस नरसंहार की जिम्मेदारी उन्होंने अब तक न तो कबूल की और न ही माफी मांगी है। भारतीय प्रतिनिधि ने यह जवाब पाकिस्तान के दूत द्वारा सुरक्षा परिषद में अंतरराष्ट्रीय कानूनों के गंभीर हनन पर जिम्मेदारी तय करने को लेकर खुली चर्चा के दौरान जम्मू कश्मीर का मुद्दा उठाने पर दिया। सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष अल्बानिया की अध्यक्षता में यह चर्चा हो रही थी। इससे पूर्व सुरक्षा परिषद की बहस में भारत के विदेश राज्यमंत्री डॉ. राजकुमार रंजन सिंह ने कहा था कि जवाबदेही और न्याय को राजनीतिक नफे की दृष्टि से नहीं देखा जा सकता है। बहस के दौरान डॉ. भट्ट ने आगे कहा कि पाकिस्तान के प्रतिनिधि का बयान सुरक्षा परिषद के सामने एक जीवंत उदाहरण पेश करता है कि कैसे कोई देश नरसंहार और जातीय हिंसा के गंभीर अपराधों की जवाबदेही से बचने का लगातार प्रयास कर सकता है। इस हिंसा को लेकर उनसे किसी बयान की अपेक्षा करना शायद बहुत ज्यादा होगा, लेकिन वह कम से कम सुरक्षा परिषद की गरिमा का तो ध्यान रखें।

## बाइडन बोले- हथियार खरीदने की न्यूनतम उम्र 18 से बढ़ाकर 21 वर्ष हो

**वाशिंगटनः** अमेरिका में टेक्सास के स्कूल में हुई गोलीबारी के बाद बाइडन प्रशासन हथियारों पर प्रतिबंध को लेकर कानून लाना चाहता है। इस मामले पर राष्ट्रपति जो बाइडन ने अमेरिका में बंदूक से हो रही हिंसा पर चिंता व्यक्त की साथ ही कहा कि बच्चों और परिवारों की सुरक्षा के लिए अमेरिका में हथियारों पर प्रतिबंध लगाने के साथ उन्हें खरीदने के लिए उम्र 18 से बढ़ाकर 21 करने की आवश्यकता है।

**बंदूक निर्माता का लाइसेंस निरस्त होगा**

उन्होंने कहा कि अगर हम हथियारों पर प्रतिबंध नहीं लगा सकते तो हमें हथियार खरीदने की उम्र 18 से 21 तक बढ़ानी चाहिए। उच्च क्षमता वाली बंदूक मैग्जीन पर प्रतिबंध लगना चाहिए। अगर कोई इसका उल्लंघन करेगा तो बंदूक निर्माता का लाइसेंस निरस्त होगा।



साथ ही जो बाइडन ने कहा कि 'हम किसी का अधिकार नहीं छीन रहे है। यह बच्चों की सुरक्षा के बारे में है। यह परिवारों की रक्षा के बारे में है। यह समुदायों की रक्षा के बारे में है। यह बिना डरे स्कूल जाने, किराने की दुकान में, चर्च जाने के लिए और हमारी स्वतंत्रता की रक्षा करने के बारे में है।

**पुराना कानून होगा बहाल**

अमेरिकी राष्ट्रपति ने बयान दिया कि हमें हमला करने वाले हथियारों और उच्च क्षमता वाली बंदूकों पर प्रतिबंध को बहाल करना चाहिए जिसे हमने 1994 में पारित किया था। 10 वर्षों से यह कानून था, बड़े पैमाने पर गोलीबारी कम हो गई। 2004 में रिपब्लिकन द्वारा कानून समाप्त होने के बाद और उन हथियारों को फिर से बेचने की अनुमति दी गई।

**मारे गए थे 19 बच्चे**

24 मई को टेक्सास के उवाल्डे के रॉब एलीमेंट्री स्कूल में सामूहिक गोलीबारी की घटना हुई थी जिसमें 19 बच्चों सहित कई लोग मारे गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पार्कलैंड, फ्लोरिडा में 2018 मार्जोरी स्टोनमैन डगलस हाई स्कूल की शूटिंग के बाद से यह सबसे घातक हमला था, जिसमें 17 लोग मारे गए थे।

## वेंकैया नायडू ने सेनेगल के राष्ट्रपति से की बातचीत, रक्षा समेत कई क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने पर हुई चर्चा

**सेनेगल।** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने सेनेगल के राष्ट्रपति मैकी साल के साथ बातचीत की। इस दौरान दोनों देश रक्षा, कृषि, रेलवे, स्वास्थ्य और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने पर सहमत हुए। नायडू तीन देशों की अपनी यात्रा के दूसरे पड़ाव में सेनेगल पहुंचे। इससे पहले उपराष्ट्रपति तीन देशों- गैबॉन, सेनेगल और कतर की अपनी यात्रा के पहले चरण में सोमवार को गैबॉन पहुंचे थे।

**भारत ने निरंतर मदद का दिया आश्वासन**

उपराष्ट्रपति सचिवालय ने ट्वीट किया, ''नायडू ने सेनेगल को ÷हर संभव तरीके' से उसके सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए भारत की निरंतर प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया।''

**सहयोग को और मजबूत करने पर बनी सहमति**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट किया, ''उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और सेनेगल के राष्ट्रपति मैकी साल ने गुरुवार को डकार में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। हमारे बीच संबंधों में प्रगति की समीक्षा की गई और कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा, रेलवे, ऊर्जा, संस्कृति आदि में सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की गई।''

**दोनों देशों के बीच तीन समझौता ज्ञापनों पर हुए हस्ताक्षर**

उपराष्ट्रपति की अफ्रीका यात्रा के दौरान भारत और सेनेगल ने अधिकारियों के लिए वीजा-मुक्त यात्रा, युवा मामलों में सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान से संबंधित तीन समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। सेनेगल की राजधानी डकार में स्वास्थ्य राज्य मंत्री डॉ भारती पवार और सेनेगल के विदेश मंत्री असाता टॉल साल द्वारा समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए और इनका आदान-प्रदान किया गया।

## यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की का सनसनीखेज दावा, बोले- रूस ने किया दो लाख यूक्रेनी बच्चों का अपहरण

**कीव।** वैश्विक माता-पिता दिवस की पूर्वसंध्या पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बुधवार को सनसनीखेज दावा करते हुए कहा कि रूस ने यूक्रेन के दो लाख बच्चों का अपहरण किया है। उन्होंने दावा किया, इस आपराधिक साजिश का मकसद केवल लोगों का अपहरण नहीं,बल्कि उन्हें यूक्रेन के बारे में पूरी तरह भूल जाने के लिए मजबूर करने व लौटने में असमर्थ बनाने का है।

जेलेंस्की ने कहा, यूक्रेन इस अपराध के जिम्मेदार लोगों को सजा देगा, लेकिन पहले यह रूस को युद्ध के मैदान में दिखाएगा कि यूक्रेन को जीतना नामुमकिन है। यूक्रेन के लोग आत्मसमर्पण नहीं करेंगे और न ही यूक्रेन की संतानों को दूसरे (रूस)की संपत्ति बनने देंगे। जेलेंस्की ने बताया कि रूसी हमलों की वजह से अब तक 243 बच्चे मारे गए हैं और 446 घायल हुए हैं।

इसके अलावा, लक्जमबर्ग की संसद में वर्चुअल संबोधन के दौरान जेलेंस्की ने कहा कि रूस अब तक यूक्रेन की 20 फीसदी जमीन पर कब्जा कर चुका है। गेहूं की आपूर्ति पर जेलेंस्की ने कहा, यूक्रेन के सभी समुदी रास्ते और बंदरगाह रूस के कब्जे में हैं। संयुक्त राष्ट्र चाहे तो रूस से बात कर इन जगहों से गेहूं की आपूर्ति के लिए सुरक्षित रास्ता बनवा सकता है। यूक्रेन संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में गेहूं की आपूर्ति करने को तैयार है।

**सिविरोदोनेस्क के 70 फीसदी इलाके पर रूस का कब्जा..घरों में फंसे लोग**

रूसी सेना पूरी ताकत से दोनबास इलाके पर कब्जे में जुटी है। लुहांस्क का सिविरोदोनेस्क शहर रूसी हमलों के केंद्र में है। शहर के प्रशासन के मुताबिक, रूसी सेना शहर के 70 फीसदी से ज्यादा हिस्से पर कब्जा कर चुकी है और हजारों लोग घरों में बिना बिजली और भोजन के फंसे हुए हैं।

**न्यूयॉर्क के बार में एक-दूसरे को रूसी समझकर भिड़े यूक्रेनी**

न्यूयॉर्क के एक बार में दो यूक्रेनी नागरिक एक-दूसरे को रूसी समझकर आपस में भिड़ गए। झगड़े के दौरान ओलेग सुलेमा नाम के शख्स ने रूसी भाषा बोलने पर आंद्रई मेलेश्कोव नाम के यूक्रेनी शरणार्थी से कहा कि वह रूसी है और यूक्रेनी होने का नाटक कर रहा है।

वह वाकई एक यूक्रेनी है तो यूक्रेनी भाषा के कठिन शब्दों को बोलकर बताए। इसके बाद सुलेमा ने मेलेश्कोव से पहचान के दस्तावेज मांगे। आखिर में उसने बीयर की बोतल तोड़कर उस पर हमला कर दिया। मेलेश्कोव को 17 टांके लगे। सुलेमा पर फिलहाल हत्या के प्रयास और नस्लीय घृणा के अपराध का मामला चल रहा है।

**यूक्रेन से लौटे मेडिकल विद्यार्थियों की निगाह केंद्र सरकार पर**

रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के बाद ऑपरेशन गंगा के तहत निकाले गए हजारों मेडिकल छात्रों की निगाह अब स्वास्थ्य और शिक्षा मंत्रालय व राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) पर है। एनएमसी ने इन मेडिकल विद्यार्थियों को मानवीय आधार पर भारत में 12 महीने की इंटर्नशिप की इजाजत दे दी थी। पेरेंट्स एसोसिएशन ऑफ यूक्रेन एमबीबीएस स्टूडेंट ने कहा, यूक्रेन से लौटे 18,000 विद्यार्थियों में से 3000 की डिग्री अक्तूबर 2022 में पूरी होनी थी। भारत के 595 मेडिकल कॉलेजों में इनमें से पांच भी समायोजित किए जाएं तो समस्या हल हो जाएगी।

## वकील ने कहा- '10 मिलियन का जुर्माना नहीं भर पाएंगी एम्बर हर्ड'...उठा सकती हैं यह कदम

**लंदन।** हॉलीवुड अभिनेता जॉनी डेप और उनकी पूर्व पत्नी अभिनेत्री एम्बर हर्ड के बीच साल 2018 से चल रहे मानहानि के मुकदमे का फैसला बुधवार को आ गया है। सात सदस्यीय जूरी ने जॉनी डेप के पक्ष में फैसला सुनाया। इसी के साथ जूरी ने हर्ड को 10 मिलियन जुर्माना भरने को कहा है। वहीं कोर्ट के फैसले के बाद अभिनेत्री के वकील ने कहा कि हर्ड अपने पूर्व पति जॉनी डेप को 10 मिलियन के हर्जाने का भुगतान करने में असमर्थ हैं।



मीडिया के पूछने पर क्या हर्ड 10 मिलियन हर्जाना चुकाएंगी क सवाल पर उनके वकील ने कहा कि 'अरे नहीं, बिल्कुल नहीं। वकील ने कहा कि 'एक्वामैन' स्टार फैसले के खिलाफ अपील करना चाहती हैं और 'इसके लिए कुछ मजबूत आधार हैं। बता दें कि हर्ड ने दावा किया था कि डेप ने अपनी शादी से पहले और बाद में उनके साथ दुर्व्यवहार किया था।जूरी ने हर्ड का पक्ष भी लिया और कहा कि डेप के वकील ने उन्हें बदनाम किया था और उनके दुर्व्यवहार के आरोपों को धोखा कहा था। जूरी सदस्यों ने कहा कि डेप को हर्ज़ाने के रूप में एक करोड़ 50 लाख डॉलर का भुगतान किया जाना चाहिए, जबकि हर्ड को 20 लाख डॉलर मिलने चाहिए। डेप ने दिसंबर 2018 के ऑप-एड में फेयरफैक्स काउंटी सर्किट अदालत में मानहानि का मुकद्दमा दायर किया था।

# अमेरिका ने 71 और रूसी संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी वाणिज्य विभाग के उद्योग एवं सुरक्षा ब्यूरो ने रूस की विमान और जहाज निर्माण कंपनियों सहित 71 नई संस्थाओं पर प्रतिबंध लगा दिया है।ब्यूरो ने इन संस्थाओं के नामों का प्रकाशन किया है। इसमें कहा गया है कि रूस के 24 फरवरी, 2022 को यूक्रेन पर आक्रमण करने के जवाब में अमेरिकी वाणिज्य विभाग 71 रूसी संस्थाओं को जोड़कर निर्यात प्रशासन विनियम (ईएआर) में संशोधन कर रहा है। इन संस्थाओं को अमेरिकी सरकार ने निर्धारित राष्ट्रीय सुरक्षा हितों या अमेरिका की विदेश नीति के विपरीत कार्य करते पाया है। ब्यूरो ने कहा कि इन संस्थाओं में चकालोव नोवोसिबिर्स्क एविएशन प्लांट, इरकुत्स्क एविएशन प्लांट, सेंट पीटर्सबर्ग शिपबिल्डिंग इंस्टीट्यूशन क्रायलोव 45, सुदूर पूर्वी जहाज निर्माण एवं जहाज मरम्मत केंद्र और ऑल रशियन रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ एक्सपेरिमेंटल फिजिक्स प्रमुख हैं।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित।

Title UPHIN 29506

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

## स्लोवाकिया के पीएम से मिले विदेश मंत्री एस जयशंकर, यूक्रेन संकट व रक्षा सहयोग पर चर्चा

**ब्रातिस्लावा (स्लोवाकिया)।** स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री एडुअर्ड हेगर से विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच राजनीतिक, आर्थिक तथा रक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। साथ ही, यूक्रेन संकट और इसके व्यापक परिणामों पर विमर्श किया गया। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर इस समय दो देशों, स्लोवाकिया और चेक गणराज्य की यात्रा पर हैं। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य दोनों मध्य यूरोपीय देशों के साथ संबंधों को प्रगाढ़ करना है। स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री हेगर के साथ बैठक के दौरान जयशंकर ने उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शुभकामना संदेश दिया और ऑपरेशन गंगा के दौरान सहयोग के लिए भारत की ओर से की गई सराहना से उन्हें अवगत कराया। बैठक के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने ट्वीट किया कि आज सुबह मुझसे मिलने के लिए स्लोवाक गणराज्य के प्रधानमंत्री एडुअर्ड हेगर का धन्यवाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शुभकामना संदेश दिया और ऑपरेशन गंगा के दौरान सहयोग के लिए की गई सराहना से अवगत कराया। दोनों देशों के राजनीतिक, आर्थिक और रक्षा सहयोग को विस्तारित करने पर चर्चा की। वार्ता में यूक्रेन संकट और इसके व्यापक परिणामों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि स्लोवाकिया की राजधानी में भारत के विदेश मंत्री 2 से 4 जून तक रहेंगे और इस दौरान वे विदेश मंत्री इवान कोरकोक के साथ भी द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

## जर्मनी में एक व्यक्ति ने पुलिस पर चलाई गोली, दो अधिकारी घायल

**बर्लिन।** पश्चिमी जर्मनी में शुक्रवार को एक अपार्टमेंट से एक व्यक्ति के गोली चलाने से दो पुलिस अधिकारी घायल हो गए। इनमें एक गोली लगने और दूसरा कांच लगने से घायल हुआ है।

पुलिस के अनुसार अदालत के आदेश पर अधिकारी सारब्रॉकेन शहर में 67 वर्षीय एक व्यक्ति के घर की तलाशी लेने के लिए पहुंचे थे। तभी व्यक्ति ने अपने अपार्टमेंट के बाहर ब्रेकर लगाने के बाद खिडकी से पुलिस के वाहनों पर गोली चलाने लगा। पुलिस ने क्षेत्र को सील कर दिया है। पुलिस ने व्यक्ति के घर की तलाशी लेने के कारण का खुलासा नहीं किया। इस गोलीबारी में एक अधिकारी घायल हो गया और एक अन्य अधिकारी को कांच लगने से चोट आई।

## पाकिस्तान के तीन टुकड़ों में टूटने के बयान को लेकर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इमरान खान को चेताया

**सिसली :** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने देश के तीन टुकड़ों में बंटने से जुड़ा बयान दिया था। इसे लेकर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान इस पद के लिए अयोग्य थे।

तुर्की के दौरे पर गए शरीफ ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख खान पर देश के खिलाफ धमकियां देने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि खान को पाकिस्तान के विभाजन के बारे में सोचना भी नहीं चाहिए।

शरीफ ने एक ट्वीट में कहा, 'जब मैं तुर्की में समझौतों पर दस्तखत कर रहा हूं, इमरान नियाजी (इमरान खान) देश के खिलाफ धमकियां दे रहे हैं। अगर इस बात का कोई सबूत चाहिए कि इमरान पब्लिक ऑफिस के योग्य नहीं थे, तो उनका ताजा इंटरव्यू इसके लिए पर्याप्त है।'

उन्होंने आगे लिखा, 'आप अपनी राजनीति करिए, लेकिन मैं आपको चेतावनी देता हूं कि अपनी सीमा मत लांघिए और पाकिस्तान के विभाजन के बारे में बात मत करिए।'

**खान ने एक साक्षात्कार के दौरान की थी टिप्पणी**

दरअसल,रात को निजी समाचार संगठन बोल न्यूज पर इमरान खान का एक साक्षात्कार प्रसारित हुआ था। यहां उन्होंने सरकार से सही फैसले लेने का अनुरोध किया था और चेतावनी दी थी कि अगर पाकिस्तान ने अपनी परमाणु प्रतिरोधक क्षमता खोई तो यह देश को तीन टुकड़ों



में बांट देगा।

पाकिस्तान के इतिहास में अविश्वास प्रस्ताव के जरिए सत्ता से बेदखल होने वाले पहले प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपने एक हालिया साक्षात्कार में कहा ता कि देश कर्ज न चुका पाने की ओर बढ़ रहा है। ऐसा हुआ तो सबसे ज्यादा सेना प्रभावित होगी। इससे हमले परमाणु निरस्त्रीकरण की रियायत ले ली जाएगी। उन्होंने कहा था कि देश खुदकुशी की ओर जा रहा है और सरकार को सही फैसले लेने की जरूरत है।

**'बयान नहीं देश में आग भड़काने की साजिश है'**

वहीं, सत्ताधारी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) के ट्विटर हैंडल से जारी एक बयान के अनुसार शहबाज शरीफ ने कहा कि इमरान खान का ये बयान इस बात को साबित करता है कि वह राजनीति नहीं बल्कि साजिश में शामिल थे। यह बयान नहीं है बल्कि देश में अराजकता और विभाजन की आग भड़काने की साजिश है।

पीएमएलएन ने एक ट्वीट में कहा कि इमरान खान के बयान देश के संविधान, संस्थानों, सशस्त्र बलों और सुप्रीम कोर्ट पर हमला हैं। पार्टी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री के ये बयान उनकी विकृत मानसिकता को दर्शाते हैं। पाकिस्तान की अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को आगजनी और तोड़फोड़ को लेकर दर्ज 14 मामलों में तीन हफ्ते की अग्रिम जमानत दे दी।

जानकारी के मुताबिक यह मामले हाल में खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की ओर से आयोजित आजादी मार्च के दौरान समर्थकों द्वारा की गई कथित तोड़-फोड़ और आगजनी के संबंध में दर्ज किए गए थे। पेशावर उच्च न्यायालय (पीएचसी) ने 69 वर्षीय खान को 50 हजार रुपये के मुचलके पर यह जमानत दी।